✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 264 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, शुक्रवार, 20 फरवरी 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



दिल्ली में आयोजित एआई इम्पैक्ट समिट में विदेशी प्रतिनिधियों के साथ पीएम नरेन्द्र मोदी

## ढाई घंटे की चर्चा के बाद शिक्षा विभाग का 60,204 करोड़ का बजट पारित

# बिहार में 52 हजार शिक्षकों की नियुक्ति शीघ्र, सभी तकनीकी संस्थानों में होगी एआइ की पढ़ाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** अत्याधुनिक तकनीकी शिक्षा से अब बिहार के विद्यार्थी पीछे नहीं रहेंगे। आने वाला समय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) का होगा। ऐसे में राज्य के तमाम तकनीकी शिक्षण संस्थानों में एआई की पढ़ाई शुरू होगी। यह पढ़ाई इसी नए शैक्षणिक सत्र से सभी 38 सरकारी इंजीनियरिंग कालेजों तथा 46 पालिटेक्निक संस्थानों में संचालित की जाएगी। गुरुवार को शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने बिहार विधानसभा में विभागीय बजट पर सरकार के तरफ से उत्तर देते हुए इसकी घोषणा की। इससे पहले उन्होंने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए शिक्षा विभाग का 60,204 करोड़ 60 लाख 95 हजार रुपये का बजट सदन में पेश किया। बजट पर पक्ष एवं विपक्ष के सदस्यों ने ढाई घंटे तक चर्चा की। हालांकि सरकार के उत्तर का असंतुष्ट विपक्ष ने बहिष्कार किया। अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने



सरकार के उत्तर के बाद शिक्षा विभाग का बजट को पारित कर दिया। शिक्षकों को ससमय वेतन भुगतान के बारे में मंत्री सुनील कुमार ने जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राज्य के 78 हजार से ज्यादा सरकारी विद्यालयों में 5.87 लाख से अधिक शिक्षक कार्यरत हैं जिन्हें वेतन भुगतान में कोई विलंब नहीं होता है। हर माह पांच तारीख से पहले डीबीटी के माध्यम से शिक्षकों को वेतन भुगतान सुनिश्चित किया जा रहा है। सदन में सरकार के तरफ उत्तर देते हुए मंत्री सुनील कुमार ने शिक्षा विभाग की उपलब्धियों की विस्तार से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि सरकारी विद्यालयों में 52 हजार से ज्यादा पदों पर शिक्षकों की नियुक्तियां जल्द पूरी की जाएंगी। इसमें दिव्यांग बच्चों को पढ़ाने हेतु 7 हजार से ज्यादा विशेष शिक्षक शामिल है जबकि 45 हजार पदों पर सामान्य शिक्षक हैं। इन शिक्षकों की नियुक्ति के लिए बिहार लोक सेवा आयोग को अधियाचना भेजी जा चुकी है। सरकार अब विद्यालयों में विकास कार्यों की नियमित मॉनीटरिंग के लिए प्रत्येक जिले में विद्यालय विकास पदाधिकारी की नियुक्ति भी बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) के माध्यम से करने जा रही है। इसके लिए कुल 38 पदों का सृजन कर उसे स्वीकृति दी जा चुकी है।

# 25 हजार रिश्वत लेते नगर परिषद का जेइ गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मुजफ्फरपुर।** जिले में विशेष निगरानी इकाई ने साहेबगंज नगर परिषद के कनीय अभियंता अमन कुमार को 25 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। यह जिले में भ्रष्टाचार के खिलाफ तीन दिनों में तीसरी बड़ी कार्रवाई है। साहेबगंज नगर परिषद के वार्ड संख्या-12 (ग्राम-नाही) निवासी राजकुमार तिवारी ने पटना स्थित विशेष निगरानी इकाई में शिकायत दर्ज कराई थी। तिवारी ने आरोप लगाया था कि उनके क्षेत्र में पेवर ब्लॉक लगाने के काम के भुगतान और कागजी प्रक्रिया के लिए जेई अमन कुमार 25 हजार रुपये की मांग कर रहे थे। शिकायत मिलने के बाद निगरानी विभाग ने मामले की गुप्त जांच की। आरोप सही पाए जाने पर एक विशेष टीम गठित की गई। गुरुवार 19 फरवरी को जैसे ही अमन कुमार ने राजकुमार तिवारी से रिश्वत की राशि स्वीकार की, पहले से घात लगाकर बैठी निगरानी टीम ने उन्हें गिरफ्तार कर



लिया। टीम ने उनके पास से रिश्वत के पैसे बरामद किए। इस मामले में कांड संख्या-07/2026 दर्ज किया गया है। मुजफ्फरपुर में भ्रष्टाचार के खिलाफ यह लगातार तीसरी कार्रवाई है। इससे पहले 17 फरवरी को प्रभारी जिला कृषि पदाधिकारी हिमांशु कुमार को 50 हजार रुपये की रिश्वत लेते पकड़ा गया था। 18 फरवरी को सदर थाने के दारोगा भास्कर कुमार मिश्रा को 15 हजार रुपये लेते गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तार कनीय अभियंता अमन कुमार को आगे की पूछताछ और कानूनी कार्रवाई के लिए पटना ले जाया गया है। उन्हें निगरानी की विशेष अदालत में पेश किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### सड़क हादसे में दो लोगों की मौत

**दरभंगा (नबिटा ब्यूरो)।** दरभंगा-बेनीपुर स्टेट हाईवे-56 पर गुरुवार को तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। सोनकी थाना क्षेत्र के एसएच-56 स्थित ग्रीन सिटी के समीप ओवरटेक करने के दौरान दो बसों की टक्कर से एक टेंपो चपेट में आ गया। हादसे में टेंपो सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान जमालपुर थाना क्षेत्र के खैसा गांव निवासी मंसूर आलम के पुत्र टेंपो चालक जदी अहमद तथा बहेड़ा थाना क्षेत्र के रढ़ियाम गांव वार्ड संख्या चार निवासी स्वर्गीय लखन साफी के पुत्र गंगा साफी के रूप में हुई है।

### रहस्यमय ढंग से दो सगी बहनें लापता

**जहानाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में युवतियों के लापता होने की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। हाल ही में एक नीट छात्रा की संदिग्ध मौत की गुत्थी अभी सुलझी भी नहीं थी कि अब जहानाबाद के परस बिगहा थाना क्षेत्र के मोहनपुर गांव से दो सगी बहनें संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई हैं। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है और परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। थानाध्यक्ष ने बताया कि आवेदन के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है।

### थाना के पास कार से मिला शव

**हाजीपुर(नबिटा ब्यूरो)।** गंगा ब्रिज थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई। अपराधी शव को कार में रखकर फरार हो गया। चौंकाने वाली बात यह है कि यह वारदात गंगा ब्रिज थाने से कुछ ही दूरी पर हुई। जानकारी के अनुसार हाजीपुर को पटना से जोड़ने वाले महात्मा गांधी सेतु के समीप एक लावारिस कार खड़ी मिली। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच की तो कार के अंदर एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ।

# 85 प्रखंडों में जल्द शुरू होगी डिजिटल लाइब्रेरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा में गुरुवार को डिजिटल लाइब्रेरी योजना पर अहम जानकारी दी गई। सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्रेयसी सिंह ने बताया कि राज्य के 85 प्रखंडों में इसी वित्तीय वर्ष के भीतर डिजिटल लाइब्रेरी शुरू कर दी जाएगी। इन सभी जगहों पर भवन और स्थान की पहचान की जा चुकी है। मंत्री ने बताया कि 158 अन्य प्रखंडों में स्थल चयन की प्रक्रिया चल रही है। यह जवाब उन्होंने विधायक आलोक मेहता के ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर दिया। सरकार का लक्ष्य राज्य के सभी 243 विधानसभा क्षेत्रों में एक-एक डिजिटल लाइब्रेरी स्थापित करना है। यह पूरी कवायद 'मुख्यमंत्री डिजिटल लाइब्रेरी योजना' के तहत की जा रही है। योजना का उद्देश्य छात्रों को आधुनिक तकनीक से जोड़ना है। लाइब्रेरी में हाईस्पीड इंटरनेट की सुविधा होगी। कंप्यूटर सिस्टम और ई-लर्निंग संसाधन भी उपलब्ध कराए जाएंगे। सरकार चाहती है कि गांव और कस्बों के विद्यार्थी भी डिजिटल प्लेटफॉर्म पर पढ़ाई कर सकें। इससे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवाओं को बड़ा फायदा मिलेगा। पटना स्थित बिस्कोमान भवन में राज्य स्तरीय डिजिटल लाइब्रेरी पहले से संचालित है। मंत्री ने इसे मॉडल लाइब्रेरी बताया। इसी तर्ज पर अन्य जिलों और प्रखंडों में लाइब्रेरी विकसित की जाएंगी। क्षेत्रीय स्तर पर काम तेज कर दिया गया है। विभागीय टीम लगातार मॉनिटरिंग कर रही है। डिजिटल लाइब्रेरी के संचालन के (शेष पृष्ठ 11 पर)

# परिवहन विभाग को 250 महिला चालकों की जरूरत : श्रवण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** सड़क सुरक्षा अभियान का समापन समारोह आज अधिवेशन भवन में आयोजित किया गया। इस दौरान सड़क सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण और यात्री सुविधा को लेकर कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की गईं। परिवहन मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि राज्य में फिलहाल 100 पिंक बसें चलाई जा रही हैं, जिनमें महिला ड्राइवर और महिला कंडक्टर तैनात हैं। इनमें केवल महिलाएं ही सफर कर सकती हैं। महिला सशक्तिकरण के तहत आज सात महिला ड्राइवरों को ड्राइविंग लाइसेंस और प्रमाणपत्र दिया गया है। आज से ही उन्हें बसों का परिचालन सौंप दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य को अभी लगभग 250 महिला ड्राइवरों की जरूरत है। औरंगाबाद में प्रशिक्षण कार्यक्रम चल रहा



है और महीने के अंत तक 21 नई महिला ड्राइवर उपलब्ध होंगी। होली से पहले 149 नई बसें खरीदी जा रही हैं, जिनमें 75 एसी बसें शामिल हैं ताकि त्योहार के दौरान यात्रियों को अतिरिक्त सुविधा मिल सके। मंत्री ने स्पष्ट किया कि अवैध रूप से डीजे गाड़ियां चलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं होली को देखते हुए सरकार ने पहले से व्यवस्था शुरू कर दी है। मंत्री ने जानकारी दी कि अब तक 800 सरकारी और गैर सरकारी स्कूलों में रोड सेफ्टी अवेयरनेस कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं। इन कार्यक्रमों में बच्चों को ट्रैफिक नियमों, हेलमेट और सीट बेल्ट के महत्व और सुरक्षित सड़क व्यवहार के बारे में विस्तार से बताया गया। सरकार का उद्देश्य है कि कम उम्र से ही बच्चों में सड़क सुरक्षा की समझ विकसित हो। मंत्री ने बताया कि केंद्र सरकार की ओर से बड़ा फैसला लिया गया है। पहले एक्सप्रेस वे और हाईवे पर दुर्घटना होने पर ही सहायता राशि दी जाती थी लेकिन अब किसी भी सड़क पर दुर्घटना होने की स्थिति में घायल व्यक्ति को इलाज के लिए डेढ़ लाख रुपये तक की (शेष पृष्ठ 11 पर)

## सीबीआइ ने मृत नीट छात्रा के मामा से की पूछताछ

**जहानबाद(नबिटा ब्यूरो)।** पटना में हुई नीट छात्रा की मौत के मामले में सीबीआई की जांच लगातार तेज होती जा रही है। गुरुवार को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की टीम तीसरी बार जहानाबाद पहुंची। इस बार टीम सीधे मखदुमपुर थाना क्षेत्र में स्थित छात्रा के मामा के गांव गई और परिवार के लोगों से लंबी पूछताछ की। बताया जा रहा है कि पांच सदस्यीय टीम में एक महिला इंस्पेक्टर भी शामिल थीं। टीम ने छात्रा के मामा और घर के अन्य सदस्यों से कई घंटों तक सवाल-जवाब किए। इससे पहले 17 फरवरी को भी सीबीआई की टीम गांव पहुंची थी और छात्रा के माता-पिता, भाई, भाभी, दादी और फुआ से विस्तार से जानकारी ली थी। पिछली जांच के दौरान छात्रा के भाई का मोबाइल फोन जब्त किया गया था। जांच में पता (शेष पृष्ठ 11 पर)



### मुख्य सचिव ने की खेल विभाग की समीक्षा

# सुरक्षा, निगरानी, पीपीपी मॉडल एवं संस्थागत सुधारों पर दिया जोर




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने खेल विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में खेल सचिव महेन्द्र कुमार एवं विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने राज्य के खेल तंत्र में सुरक्षा एवं निगरानी व्यवस्था को सुदृढ़ करने की आवश्यकता पर जोर दिया। खेल क्लबों एवं खेल परिसरों की सुरक्षा को लेकर उन्होंने निर्देश दिया कि सभी पंचायत स्तर के खेल परिसरों एवं आउटडोर स्टेडियमों में सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से लगाए जाएं, ताकि पारदर्शिता, सुरक्षा एवं जवाबदेही सुनिश्चित हो सके। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि खेल क्लबों के सक्रियण एवं संचालन की प्रक्रिया को संस्थागत स्वरूप दिया जाए जिससे उसकी नियमित समीक्षा एवं प्रगति का आकलन किया जा सके। सचिव स्तर पर नियमित निरीक्षण सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया गया। ताकि राज्य भर में खेल योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए एक मजबूत निगरानी तंत्र स्थापित हो सके। मुख्य सचिव ने खेल क्षेत्र में स्वस्थ पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि सार्वजनिक एवं निजी भागीदारी के लिए स्पष्ट नीतिगत ढांचा तैयार किया जाए जिससे सभी हितधारकों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित हो सके। स्थानीय उद्योगों को खेल गतिविधियों के प्रोत्साहन में शामिल करने तथा युवाओं को प्रतियोगिताओं एवं खेल आयोजनों में भाग लेने के लिए प्रेरित करने पर भी जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि समावेशी एवं सुव्यवस्थित पीपीपी मॉडल राज्य में खेल विकास के लिए अत्यंत प्रभावी सिद्ध होगा। जमीनी स्तर पर जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए मुख्य सचिव ने निर्देश दिया कि प्रत्येक खेल क्लब के साथ जिला खेल पदाधिकारी, राज्य सरकार के खेल प्रशिक्षक तथा शारीरिक शिक्षक को टैग किया जाए। खेल सामग्री की खरीद में पारदर्शिता सुनिश्चित करने एवं एकाधिकार की स्थिति को रोकने के लिए उन्होंने खुले आमंत्रण (ओपन कॉल) के माध्यम से खेल सामग्री आपूर्तिकर्ताओं एवं विक्रेताओं को सूचीबद्ध (एम्पैनल) करने का निर्देश दिया। ताकि सभी खेल क्लबों को समान दरों पर गुणवत्तापूर्ण खेल सामग्री उपलब्ध कराई जा सके। साथ ही खेल सामग्री की अधिकतम कीमत (कैपिंग प्राइस) निर्धारित करने का भी निर्देश दिया गया जिससे राज्य में कहीं भी मूल्य शोषण की स्थिति उत्पन्न न हो।

मुख्य सचिव ने राज्य में संचालित 27 एकलव्य केंद्रों की समीक्षा करते हुए संतोष व्यक्त किया तथा शेष प्रस्तावित केंद्रों को शीघ्र सक्रिय करने का निर्देश दिया। विभाग द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि नवंबर एवं फरवरी माह में हाफ मैराथन का आयोजन प्रस्तावित है जिसकी शुरुआत इस नवंबर से की जाएगी। यह बैठक राज्य में सुरक्षित, पारदर्शी, जवाबदेह एवं समावेशी खेल पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण के प्रति बिहार सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

# भारत के आन बान शान थे शिवाजी महाराज : आरसीपी सिंह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** पटेल परिवार के द्वारा आयोजित शिवाजी महाराज की जयंती समारोह में शामिल हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री रामचंद्र प्रसाद सिंह उर्फ आरसीपी सिंह ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज भारत के आन बान शान थे और उनके ही द्वारा किए गए कार्य के चलते देश तरक्की कर रहा है। जयंती समारोह से पूर्व पूर्व केंद्रीय मंत्री आरसीपी सिंह ने कंकड़बाग टेंपो स्टैंड स्थित शिवाजी महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उन्होंने कहा कि मराठा साम्राज्य को स्थापित करने में छत्रपति शिवाजी महाराज ने अहम भूमिका निभाई थी और उन्होंने एकजुट का संदेश दिया था। इस मौके पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पटेल परिवार के संयोजक शंकर पटेल ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज की जीवनी से आज के युवाओं को सीख मिलती है और उनकी जीवनी को पाठ्यक्रम में शामिल करना चाहिए। इस मौके पर कार्यक्रम का संचालन करते हुए पटेल परिवार के सहसंयोजक जितेंद्र पटेल ने शिवाजी महाराज के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके किए गए कार्यों का बखान किया। कार्यक्रम में स्वागत भाषण सत्येंद्र पटेल ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन सीमा पटेल ने किया। इस मौके पर सैकड़ों महिलाओं एवं पुरुषों ने पूर्व केंद्रीय मंत्री का स्वागत किया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री वृशिण पटेल, पूर्व विधायक सतीश कुमार, पूर्व विधान पार्षद वाल्मीकि सिंह डॉक्टर एल बी सिंह ने भी शिवाजी महाराज की जीवनी पर प्रकाश डाला। इस मौके पर गणेश प्रसाद सिंह इंद्रजीत पटेल अमित कुमार रिंपी कुमारी शांति देवी पूनम देवी ज्योति रिंकू कुमारी इंदु देवी सहित सैकड़ो लोगों ने शिवाजी महाराज के प्रति अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

# इ-निबंधन पोर्टल से मिलेगी जमीन की पूरी जानकारी, निबंधन प्रक्रिया होगी और आसान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य में अब जमीन दस्तावेज निबंधन की प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग अब जमीन के निबंधन और दाखिल-खारिज से पूर्व खरीदार-विक्रेता को भूमि की पूर्ण अद्यतन जानकारी उपलब्ध कराएगा। यह नई व्यवस्था वित्तीय वर्ष 2026-27 से लागू होगी। विभाग का उद्देश्य है कि सात निश्चय-3 के तहत 'सबका सम्मान, जीवन आसान' पहल के अंतर्गत प्रशासनिक स्तर पर प्रक्रिया सुगम की जाए। इसके साथ हीं भूमि अंतरण के दौरान अनावश्यक कानूनी झंझटें कम हों और अधूरी जानकारी के कारण उत्पन्न होने वाले विवादों की भी रोकथाम हो सके। यह सुविधा ई-निबंधन पोर्टल पर दी जाएगी। इसके लिए आवेदक को ई-निबंधन पोर्टल पर अकाउंट बनाकर लॉग इन करना होगा। इसके बाद भूमि से जुड़ी 13 महत्वपूर्ण जानकारियां दर्ज करनी होंगी जिसमें निबंधन कार्यालय का नाम, अंचल, मौजा, थाना संख्या, खाता संख्या, खेसरा संख्या, रकबा, चौहद्दी, जमाबंदी संख्या, जमाबंदी धारक का नाम, क्रेता-विक्रेता का नाम और भूमि का प्रकार शामिल है।

**अंचल अधिकारी 10 दिनों के भीतर अद्यतन जानकारी करेंगे अपलोड**

विभाग के अधिकारियों ने बताया कि निबंधन से पहले आवेदक को विकल्प मिलेगा कि वह भूमि की अद्यतन जानकारी प्राप्त करना चाहता है या नहीं। यदि विकल्प हां चुना जाता है तो जानकारी संबंधित अंचल अधिकारी/राजस्व अधिकारी को भेजी जाएगी और सूचना दोनों पक्षों को एसएमएस से मिलेगी। अंचल अधिकारी 10 दिनों के भीतर अद्यतन जानकारी अपलोड करेंगे अन्यथा आवेदक द्वारा दी गई जानकारी पूर्ण मानी जाएगी और आवेदन ऑटो फॉरवर्ड हो जाएगा। यह सुविधा केवल रैयती भूमि पर लागू होगी जिससे भूमि विवादों में कमी आएगी और नागरिकों को भूमि संबंधी सटीक जानकारी मिलने से जीवन आसान बनेगा।

## गोल्फ चौंपियनशिप का भव्य आगाज, तीन दिवसीय प्रतिष्ठित प्रतियोगिता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** पटना गोल्फ क्लब द्वारा 53वीं पटना वार्षिक गोल्फ चौंपियनशिप 2026 का आयोजन 20 फरवरी से 22 फरवरी 2026 तक क्लब परिसर, बेली रोड, पटना में किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता क्षेत्र की सबसे प्रतिष्ठित और बहुप्रतीक्षित खेल प्रतियोगिताओं में से एक मानी जाती है। प्रेस वार्ता में न्यायमूर्ति अनिल कुमार सिन्हा, अध्यक्ष, तपन कुमार घोष, उपाध्यक्ष, कुमार त्रिपुरारी सिंह, उपाध्यक्ष, विशाल सहाय, कैप्टन एवं अरविंद सिंह, मानद सचिव, विवेक कुमार राणा, कोषायक्ष एवं दिलजीत खन्ना ने संयुक्त रूप से मीडिया को प्रतियोगिता की रुपरेखा, विभिन्न श्रेणियों, प्रतिभागियों की संख्या तथा मुख्य आकर्षणों की विस्तृत जानकारी दी।

# देशहित को गिरवी रख कर व्यापार समझौता मंजूर नहीं : दीपेंद्र हुड्डा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** कांग्रेस सांसद सीडब्ल्यूसी सदस्य दीपेंद्र हुड्डा ने कहा है कि अमेरिका-भारत व्यापार समझौते में मोदी सरकार ने भारत के किसानों व खेत-खलिहान के हितों की बलि दे डाली। भारत की ऊर्जा सुरक्षा से खिलवाड़ किया। भारतीय हितों की रक्षा में मजबूती से खड़े होने के बजाय एक मजबूर सरकार ने भारत की संप्रभुता व आत्मनिर्भरता से समझौता कर लिया। इससे भारत की डिजिटल स्वायत्तता व हमारी डेटा प्राईवेसी पर भी गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। इसे कांग्रेस कभी बर्दाश्त नहीं करेगी। न ही देश के 144 करोड़ जनमानस इसे मंजूर करेंगे। पटना के सदाकत आश्रम में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में उन्होंने भारत-अमेरिका समझौते की खामियों को बिंदुवार बताया। कहा कि भारत के कृषि बाजार में अमेरिका के खाद्य उत्पादों का आयात किसान की रोजी-रोटी पर सीधा हमला है। 6 फरवरी 2026 के 'फ्रेमवर्क एग्रीमेंट' के पहले बिंदु में ही सहमति जताई गई है कि भारत बगैर किसी आयात शुल्क के अमेरिका के खाद्य व कृषि उत्पादों के लिए अपना बाजार खोल देगा। विचारणीय है कि भारत में मक्का कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार, तेलंगाना, गुजरात में भरपूर होता है। देश में भरपूर बाजरा होता है। अगर अमेरिका से ड्यूटी-फ्री (शुल्क रहित) मक्के और बाजरे के लिए भारत का बाजार खुल जाएगा तो देश के किसानों का क्या होगा? व्यापार समझौते में अमेरिका से 'सोयाबीन ऑयल' के आयात पर सहमति जताई गई है। भारत का सालाना सोयाबीन उत्पादन 153 लाख टन है। सोयाबीन की पैदावार मुख्यतः मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान व कर्नाटक में होती है। इन किसानों का क्या होगा? अगला बड़ा झटका भारत के फल और मेवा उत्पादकों यानी सेब, नाशपाती, अमरूद, संतरा, स्ट्रॉबेरी, केला समेत बादाम, अखरोट, पिस्ता, मूंगफली और अन्य उत्पादकों को लगेगा क्योंकि अमेरिका से आयात को शुल्क-मुक्त किया जा रहा है। हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर और पूर्वोत्तर राज्यों के लाखों किसान इससे गंभीर रूप से प्रभावित होंगे। उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक, केरल, तेलंगाना, ओडिशा और आंध्र प्रदेश के केला और मूंगफली किसान भी प्रभावित होंगे। सवाल है कि जब सभी फल और मेवे अमेरिका से शुल्क-मुक्त आधार पर आयात किए जाएंगे तो हमारे किसानों की आजीविका की रक्षा कौन करेगा? दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि इस समझौते का बड़ा प्रभाव ''कपास'' पैदा करने वाले किसान पर पड़ेगा।

## 6 महीने में नए रूप में तैयार हो जाएगा पटना संग्रहालय का ऐतिहासिक हेरिटेज परिसर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार की ऐतिहासिक धरोहर में शुमार पटना संग्रहालय को संरक्षित करने का काम भवन निर्माण विभाग तेजी से कर रहा है। इसे अगले 6 महीने में पूरा कर लेने की तैयारी है। इसके मूल स्वरूप को बरकरार रखते हुए पुराने भवनों को संरक्षित किया जा रहा है। इस परियोजना के दूसरे चरण में पुराने हेरिटेज भवनों के संरक्षण कार्य और इनकी दीर्घाओं को शामिल किया गया है। पहले चरण में परिसर में ही दो नई दीर्घाएं 'गंगा' और 'पाटली' का उद्घाटन किया जा चुका है। परियोजना का सिविल कार्य लगभग पूर्ण कर लिया गया है और इलेक्ट्रिकल कार्य चल रहा है। भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि ने कहा कि हेरिटेज भवनों के संरक्षण कार्य में काफी सावधानी बरती जा रही है। ताकि प्राचीन संरचनाओं को किसी तरह की क्षति न पहुंचे। संग्रहालय में बचे हुए कार्य को अगले छह महीने में पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। इस परियोजना के विस्तारीकरण के अंतर्गत संग्रहालय परिसर में गंगा दीर्घा एवं पाटली दीर्घा का निर्माण किया गया है। इसके अतिरिक्त 2डी प्रेक्षागृह, अस्थायी प्रदर्शनी हॉल, संग्रहालय कार्यालय, संरक्षण प्रयोगशाला, 105 लोगों के बैठने की क्षमता वाला एक ऑडिटोरियम एवं कलाकृतियों को रखने के लिए आधुनिक तकनीक से युक्त भण्डार गृह का निर्माण भी किया गया है।

# प्राउटिस्ट सर्व समाज कार्यकर्ता सम्मेलन के दूसरे दिन द्विवार्षिक रोडमैप एवं भावी कार्यक्रमों पर मंथन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** प्राउटिस्ट सर्व समाज समिति द्वारा पटना में आयोजित तीन दिवसीय 'प्राउटिस्ट सर्व समाज कार्यकर्ता सम्मेलन' के दूसरे दिन द्विवार्षिक रोडमैप, घोषणापत्र, नीतियों एवं भावी कार्यक्रमों पर विस्तृत एवं सारगर्भित चर्चा सम्पन्न हुई। सम्मेलन की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष प्रद्युम्न नारायण सिंह ने की जबकि संचालन आचार्य शिवानन्द दानी द्वारा किया गया। अपने अध्यक्षीय संबोधन में श्री सिंह ने आगामी दो वर्षों के लिए संगठन की कार्यनीति को सशक्त, योजनाबद्ध एवं जनोन्मुख बनाने पर बल देते हुए कहा कि संगठन का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग तक प्राउट के सिद्धांतों को प्रभावी रूप से पहुंचाना है। इस अवसर पर अंगिका समाज, अमरा बंगाली समाज, मगही समाज, मिथिला समाज, भोजपुरी समाज, बघेली समाज, हरियाणवी समाज, विदर्भ समाज, छत्तीसगढ़ी समाज, डोगरी समाज एवं उत्कल समाज के समाज सचिवों ने अपने विचार व्यक्त किए। सभी वक्ताओं ने संगठन के विस्तार, प्राउट के सिद्धांतों के व्यापक प्रचार-प्रसार तथा स्थानीय स्तर पर संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण की आवश्यकता पर बल दिया। प्रतिनिधियों ने आगामी दो वर्षों के लिए व्यापक जनजागरण अभियान, कार्यकर्ता प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं संगठनात्मक विस्तार हेतु ठोस कार्ययोजना तैयार करने पर सहमति व्यक्त की। सम्मेलन का वातावरण अत्यंत प्रेरणादायक, अनुशासित एवं उद्देश्यपूर्ण रहा। एम पी जैन ने बताया कि सम्मेलन का समापन सत्र 20 फरवरी 2026 को आयोजित किया जाएगा जिसमें विभिन्न महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए जाएंगे।

## किसानों को शुद्ध बीज उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : राम कृपाल यादव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने कहा है कि कृषि उत्पादन बढ़ाने की दिशा में बीज एक अत्यंत महत्वपूर्ण व निर्णायक उपादान है। गुणवत्तायुक्त व शुद्ध बीज के बिना उच्च उत्पादन की कल्पना संभव नहीं है। इसलिए बीज की गुणवत्ता सुनिश्चित करना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। बिहार सरकार का कृषि विभाग बीज गुणवत्ता नियंत्रण की सुदृढ़ एवं वैज्ञानिक व्यवस्था के साथ कार्य कर रहा है। राज्य में बीज नमूनों की जांच हेतु राज्यस्तरीय बीज विश्लेषण प्रयोगशाला और पटना, भभुआ, मुजफ्फरपुर, भागलपुर, सहरसा, दरभंगा व मोतिहारी में बीज विश्लेषण समेत अन्य प्रयोगशालाएं विकसित की गई हैं। 31 जिलों में जिला स्तरीय बीज विश्लेषण प्रयोगशाला और 38 जिलों में बीज नमूनों की जांच की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इन प्रयोगशालाओं में प्राप्त आधिकारिक एवं सेवा बीज नमूनों की जांच वैज्ञानिक मानकों के अनुरूप की जाती है।

# एसबीआई म्यूचुअल फंड की निवेशक शिक्षा एवं जागरूकता पहल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** मल्टी-एसेट एलोकेशन फंड्स मौजूदा बाजार में रिस्क-ऑन और रिस्क-ऑफ के बीच बदलते रुझानों के दौर में एक जरूरी विकल्प बन गए हैं। ये फंड एक ही पोर्टफोलियो में इक्विटी, डेट और गोल्ड या सिल्वर जैसी कमोडिटीज में निवेश कर विविधीकरण प्रदान करते हैं। अलग-अलग एसेट क्लास का व्यवहार एक जैसा नहीं होता जिससे पोर्टफोलियो ज्यादा संतुलित रह सकता है और बाजार के विभिन्न चक्रों में जोखिम-समायोजित अनुभव देने में मदद मिलती है। पहले निवेशक अलग-अलग एसेट क्लास में स्वयं निवेश करते थे, लेकिन फीस, टैक्स एफिशिएंसी, लागत और परफॉर्मेंस ट्रैकिंग जैसी चुनौतियां इसे जटिल बनाती थीं। मल्टी-एसेट एलोकेशन फंड एक यूनिफाइड पोर्टफोलियो अप्रोच के माध्यम से इस प्रक्रिया को सरल बनाते हैं। परिसंपत्तियों का संतुलित मिश्रण इक्विटी ग्रोथ के लिए, डेट स्थिरता के लिए और गोल्ड या सिल्वर अनिश्चितता के समय हेज के रूप में कंसंट्रेशन रिस्क को कम करने और अलग-अलग बाजार परिस्थितियों में संतुलन बनाए रखने में सहायक हो सकता है। ड्रॉडाउन्स के दौरान डाइवर्सिफाइड रिस्क ड्राइवर्स, आपस में कम संबंध और अनुशासित री-बैलेंसिंग निवेश अनुभव को अधिक संरचित और स्थिर बना सकते हैं। मौजूदा वैश्विक अनिश्चितता, ब्याज दरों में बदलाव और नीति संकेतों के बीच मल्टी-एसेट एलोकेशन को एक ऑल-वेदर अप्रोच के रूप में देखा जा रहा है। यह एसबीआई म्यूचुअल फंड की निवेशक शिक्षा और जागरूकता पहल है। निवेशक केवल रजिस्टर्ड म्यूचुअल फंड्स के साथ ही डील करें जिनकी जानकारी भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड की वेबसाइट पर सत्यापित की जा सकती है। असंतोष की स्थिति में स्कोर्स प्लेटफॉर्म पर शिकायत दर्ज की जा सकती है। म्यूचुअल फंड में निवेश बाजार जोखिमों के अधीन है, योजना से संबंधित सभी दस्तावेज सावधानीपूर्वक पढ़ें।

## रामकृष्ण परमहंस जयंती समारोह का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** विहार संस्कृत संजीवन समाज एवं सर्वत्र संस्कृतम की ओर से आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के अन्तर्गत अन्तर्जालीय रामकृष्ण परमहंस स्मृति संस्कृत शिक्षण एवं सम्भाषण शिविर में रामकृष्ण परमहंस की जयंती समारोह का आयोजन किया गया। अभियान के प्रधान संरक्षक एवं सदस्य (प्रशासनिक) राज्य लोक सेवा अधिकरण उत्तर प्रदेश डा. अनिल कुमार सिंह ने कहा कि रामकृष्ण परमहंस आध्यात्मिक शक्ति को व्यवहार रुप देने वाले प्रथम संत थे। वे मां काली से निरन्तर संवाद करते थे। उन्होंने अपने जिज्ञासु शिष्य स्वामी विवेकानंद को भी ईश्वर से साक्षात्कार कराये। आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं विहार संस्कृत संजीवन समाज के महासचिव डॉ मुकेश कुमार ओझा ने कहा कि रामकृष्ण परमहंस मानव सेवा ही शिव सेवा मानते थे। वे अद्वैतवाद सिद्धांत के प्रबल समर्थक थे। विशिष्ट अतिथि डॉ अनिल कुमार चौबे एवं डॉ अवन्तिका कुमारी ने कहा कि वे सनातन धर्म के पुरोधा थे। डॉ दीप्ति कुमारी ने कहा कि उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए उनके शिष्य स्वामी विवेकानंद ने रामकृष्ण मिशन की स्थापना की। इस अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्षा डॉ लीना चौहान, तारा विश्वकर्मा, बीजेन्द्र सिंह, डॉ नीरा कुमारी, डॉ रागनी कुमारी, मुरलीधर शुक्ल, विश्वजीत रुद्रपाल, विकास कुमार, गरिमा मिश्रा, हर्षिता शर्मा, वन्दना पटेरिया, विमलेश पाण्डेय आदि ने भी रामकृष्ण परमहंस के विषय में जानकारी दी तथा उनके मार्गदर्शन में जीवन व्यतीत करने का आग्रह किया।

# शिक्षा को मिशन और सेवा को संकल्प बनाने वाले आनंद रंजन झा को मिली मानद डॉक्टरेट की उपाधि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**जंदाहा/वैशाली।** शिक्षा, तकनीकी साक्षरता एवं कौशल विकास के क्षेत्र में लंबे समय से किए जा रहे उल्लेखनीय और सतत कार्यों के लिए शिक्षाविद् एवं समाजसेवी आनंद रंजन झा को मानद डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया गया। यह उपाधि उन्हें संबंधित परिषद द्वारा उनके शैक्षणिक, सामाजिक एवं मानव संसाधन विकास के क्षेत्र में दिए गए महत्वपूर्ण योगदान के आधार पर प्रदान की गई है। जानकारी के अनुसार आनंद रंजन झा कैरियर मिशन नाम से संचालित कंप्यूटर प्रशिक्षण संस्थान एवं एक चैरिटेबल ट्रस्ट के माध्यम से शिक्षा और समाजसेवा के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उनका कार्य क्षेत्र शिक्षा के प्रसार, तकनीकी एवं डिजिटल साक्षरता, कौशल विकास, युवाओं के मार्गदर्शन, आत्मनिर्भरता एवं सामाजिक जागरूकता जैसे महत्वपूर्ण विषयों तक विस्तृत है। वे लगभग दो दशकों से निरंतर इन क्षेत्रों में कार्यरत बताए जाते हैं।

इस संबंध में आनंद रंजन झा ने बताया कि वर्तमान में उन्हें मानद डॉक्टरेट का प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया है जबकि संबंधित परिषद द्वारा शीघ्र ही एक औपचारिक सम्मान समारोह का आयोजन कर उन्हें विधिवत सम्मानित किया जाएगा जिस पर उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की है। मानद डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त होने पर उन्होंने अपने संस्थान, संगठन, गांव-समाज, सहयोगियों, शुभचिंतकों एवं परिवारजनों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह सम्मान केवल उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं है, बल्कि उन सभी लोगों का सम्मान है जिनके सहयोग, विश्वास और मार्गदर्शन से उन्हें समाज के लिए कार्य करने की प्रेरणा मिली।

## पनवेल और अलीपुरद्वार के मध्य अमृत भारत एक्सप्रेस का नियमित परिचालन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर डीडीयू-पाटलिपुत्र-हाजीपुर-मुजफ्फरपुर-समस्तीपुर-खगड़िया-मानसी-कटिहार के रास्ते पनवेल और अलीपुरद्वार के मध्य अत्याधुनिक एवं विश्वस्तरीय सुविधाओं से युक्त अमृत भारत एक्सप्रेस का परिचालन प्रारंभ किया जा रहा है। यह गैर-वातानुकूलित श्रेणी की प्रीमियम ट्रेन है जिनमें मोबाइल चार्जिंग पोर्ट, आरामदायक सफर के लिये एयर स्प्रिंग बॉडी, रेडियम फ्लोर स्ट्रिप्स, स्वच्छ दिव्यांगजन-अनुकूल प्रसाधन, सेफ्टी के लिये फायर डिटेक्शन, टॉक-बैक यूनिट, आधुनिक प्रकाश व्यवस्था सहित कई उन्नत यात्री सुविधायें उपलब्ध हैं। गाड़ी सं. 11031/11032 पनवेल-अलीपुरद्वार-पनवेल अमृत भारत एक्सप्रेस का नियमित परिचालन पनवेल से 23.02.2026 से तथा अलीपुरद्वार से 26.02.2026 से प्रारंभ किया जा रहा है। यह ट्रेन पनवेल से प्रत्येक सोमवार को तथा अलीपुरद्वार से प्रत्येक गुरूवार को परिचालित की जायेगी । गाड़ी सं. 11031 पनवेल-अलीपुरद्वार अमृत भारत एक्सप्रेस 23.02.2026 से प्रत्येक सोमवार को पनवेल से 11.50 बजे खुलकर कल्याण-भुसावल-इटारसी-जबलपुर-प्रयागराज छिवकी के रास्ते मंगलवार को 14.58 बजे डीडीयू, 18.25 बजे पाटलिपुत्र, 19.50 बजे हाजीपुर, 21.35 बजे मुजफ्फरपुर, 22.45 बजे समस्तीपुर रूकते हुए बुधवार को 03.20 बजे कटिहार पहुंचेगी तथा कटिहार से 03.30 बजे खुलकर किशनगंज-न्यूजलपाईगुड़ी-सिलीगुड़ी के रास्ते 13.50 बजे अलीपुरद्वार पहुंचेगी।

# ज्ञान भवन में महिला उद्यमी फागुनोत्सव शुरू

### महिलाओं की मेहनत और आत्मनिर्भरता का उत्सव महिला उधमी फागुनोत्सव : दिलीप जयसवाल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार महिला उद्योग संघ द्वारा आयोजित महिला उधमी फागुनोत्सव - 2026 का शुभारंभ गुरुवार को ज्ञान भवन में किया गया। इस मेले का उद्घाटन मुख्य अतिथि उद्योग मंत्री दिलीप जयसवाल एवं खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री लेशी सिंह के द्वारा किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के तौर पर एमएसएमई डीएफओ पटना की सहायक निदेशक स्वेता, नाबार्ड के डीजीएम भोला प्रसाद सिंह, सिडबी की महाप्रबंधक अनुभा प्रसाद, एआईसी के सीईओ डॉ. विजय प्रकाश, बीआईए के निदेशक रामलाल खेतान, सीआईएमपी के निदेशक डॉ. राणा, बिहार महिला उद्योग संघ की अध्यक्ष उषा झा सहित संघ के वरीय पदाधिकारियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि बिहार सरकार के उद्योग मंत्री दिलीप जयसवाल ने इस आयोजन के लिए बिहार महिला उद्योग संघ को अपनी शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि बिहार कि महिलाएं अब तकनीक, उत्पादन, सेवा और उद्यमिता सहित अन्य सभी क्षेत्रों में अपनी पहचान बना रही हैं। महिला उधमी फागुनोत्सव सिर्फ एक मेला नहीं बल्कि महिलाओं की मेहनत, आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता का उत्सव है।

उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के बेहतरी के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही है। वहीं खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री लेशी सिंह ने कहा कि अब महिलाएं घर से निकलकर हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही हैं। उन्होंने कहा कि बहुत ही खुशी की बात है कि बिहार की महिला उद्यमियों का आंकड़ा नौ लाख पार कर चुका है।

## एआइ स्मार्टफोन को प्री रिजर्व करने वाले ग्राहकों के लिए विशेष लाभों की घोषणा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड, सैमसंग ने आज अपने आगामी एआई स्मार्टफोन को प्री-रिजर्व करने वाले ग्राहकों के लिए विशेष लाभों की घोषणा की। प्री-रिजर्व करने वाले ग्राहकों को 256जीबी से 512जीबी तक का मेमोरी अपग्रेड मुफ्त (कॉम्प्लिमेंट्री) दिया जाएगा। सैमसंग का अगला एआई फोन 25 फरवरी को सैन फ्रांसिस्को, कैलिफोर्निया में आयोजित होने वाले गैलेक्सी अनपैक्ड इवेंट में पेश किया जाएगा। ग्राहक 25 फरवरी तक 999 रुपये की रिफंडेबल टोकन राशि जमा करके नए गैलेक्सी एस सीरीज डिवाइस को प्री-रिजर्व कर सकते हैं। प्री-रिजर्वेशन की सुविधा सैमसंगडॉटकॉम, सैमसंग एक्सक्लूसिव स्टोर्स, अमेजनडॉटइन, फ्लिपकार्टडॉटकॉम और देशभर के प्रमुख रिटेल आउटलेट्स पर उपलब्ध है। स्टोरेज अपग्रेड के अलावा प्री-रिजर्व करने वाले ग्राहकों को नया गैलेक्सी एस सीरीज डिवाइस खरीदने पर 2,699 रुपये मूल्य के अतिरिक्त लाभ भी मिलेंगे।

# संगठन सृजन अभियान को लेकर अधौरा पहुंचे सांसद, लोगों की सुनीं समस्याएं

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अधौरा (कैमूर)।** भगवान बिरसा मुंडा की स्मृति में आयोजित संगठन सृजन अभियान के दौरान सासाराम संसदीय क्षेत्र के सांसद मनोज कुमार ने लोगों की समस्याओं को सीधे सुना। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं को दूर करना उनका कर्तव्य है। कार्यक्रम में सबसे अधिक पेयजल संकट व टाइगर प्रोजेक्ट को लेकर लोगों ने अपनी बात रखी। साथ ही बताया गया कि अधौरा में बैंक की स्थिति भी काफी दयनीय है और गर्मी के दिनों में पानी की विकट समस्या उत्पन्न हो जाती है। प्रखंड के अंतर्गत



अधिकतर नल-जल योजनाएं खराब पड़ी हैं। सभी की समस्याओं को सुनने के बाद सांसद ने कहा कि टाइगर प्रोजेक्ट को लेकर इसी सत्र में वे अधौरा की आवाज उठायेंगे। उन्होंने कहा मुझे 18 माह बीत चुके हैं और मैं वादा करता हूं कि हर तीन माह पर होने वाली जिला स्तरीय बैठक से पहले मैं अधौरा के विभिन्न गांवों का भ्रमण करूंगा। ताकि आपकी समस्याओं को मजबूती से अधिकारियों के बीच रख सकूं। उन्होंने लोगों से अपील की कि जिन गांवों में नल-जल योजना बंद है, उसकी लिखित जानकारी या फोन पर सूचना दें, ताकि पीएचइडी विभाग के अधिकारियों से बात की जा सके। सांसद ने स्पष्ट किया कि यदि कोई अधिकारी प्रखंड या जिला स्तर पर सुनवाई नहीं करता है तो उन्हें तुरंत सूचित करें। उन्होंने सदन में गरीबों पर चल रहे बुलडोजर का विरोध करने का भी जिक्र किया। सांसद ने दावा किया कि अधौरा में लगे बीएसएनएल टावर केंद्र सरकार की योजना है और उन्हीं के प्रयासों की देन है। उन्होंने आदिवासी बच्चों के लिए निर्माणाधीन एकलव्य विद्यालय व एससी-एसटी छात्रवृत्ति को 3000 से बढ़ाकर 6000 रुपये किये जाने की जानकारी भी दी। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने अपना मोबाइल नंबर भी साझा किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र सिंह खरवार व संचालन पूर्व प्रखंड अध्यक्ष शंभू नाथ सिंह ने किया। मौके पर जिला अध्यक्ष राधेश्याम कुशवाहा, सुदर्शन राम, बलिस्टर मिश्रा, जमुना यादव व अभिलाख शर्मा सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे।

# पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन द्वारा रेल कर्मचारियों एवं उनके आश्रित के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन, हाजीपुर के मार्गदर्शन में पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल के मंडल रेल अस्पताल, डी.डी.यू. में पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन, पं. दीन दयाल उपाध्याय द्वारा रेल कर्मचारियों एवं उनके आश्रित परिवारजनों के लिए 18 एवं 19 फरवरी को दो दिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर के प्रथम दिवस कुल 337 लाभार्थियों की स्वास्थ्य जांच की गई जबकि द्वितीय दिवस कुल 354 लाभार्थियों ने शिविर का लाभ उठाया। यह स्वास्थ्य शिविर रेल कर्मचारियों एवं उनके आश्रित परिवारजनों के स्वास्थ्य एवं कल्याण को ध्यान में रखते हुए आयोजित किया गया जिसमें विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं पैरा-मेडिकल स्टाफ द्वारा सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण, उपवास रक्त शर्करा जांच, भोजन उपरांत शर्करा




जांच, संपूर्ण रक्त गणना, ईसीजी-आवश्यकतानुसार, छाती का एक्स-रे आवश्यकतानुसार, इकोकार्डियोग्राफी - आवश्यकतानुसार, नेत्र परीक्षण, महिलाओं हेतु स्त्री-रोग संबंधी जांच तथा आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श आदि प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त शिविर में भाग लेने वाले रेल कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों को जलपान संबंधी सामग्री का वितरण भी किया गया। दोनों दिवस बड़ी संख्या में रेल कर्मचारियों एवं उनके आश्रित परिवारजनों ने शिविर में सहभागिता कर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। संगठन की अध्यक्षा चित्रा सिंह ने शिविर के आयोजन के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रेल कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों में निवारक स्वास्थ्य सेवाओं को प्रोत्साहित करना, रोगों की प्रारंभिक पहचान सुनिश्चित करना तथा स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता बढ़ाना इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन, हाजीपुर द्वारा किए गए इस प्रयास की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे कल्याणकारी कार्यक्रमों के आयोजन हेतु संगठन की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

# जिलाधिकारी ने किया नियोजन मेला का उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भभुआ।** बिहार सरकार के युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के निर्देशानुसार जगजीवन स्टेडियम, भभुआ में एक दिवसीय जिला स्तरीय नियोजन-सह-व्यवसायिक मार्गदर्शन मेला का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस विशेष कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि नितिन कुमार सिंह (जिला पदाधिकारी, कैमूर), दिव्या शक्ति (उप विकास आयुक्त, कैमूर), जिला वन प्रमण्डल पदाधिकारी, वरीय उप महालेखाकार, सहायक महालेखाकार और दिनेश तिवारी (जिला नियोजन पदाधिकारी, कैमूर) द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। जिला पदाधिकारी ने उपस्थित अभ्यर्थियों को संबोधित करते हुए उन्हें रोजगार के अवसरों का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं कुशल युवा कार्यक्रम, स्वयं सहायता भत्ता योजना एवं बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के बारे में जानकारी दी और युवाओं को इन योजनाओं से जुड़कर अपने भविष्य को उज्जवल बनाने की प्रेरणा दी। जिला नियोजन पदाधिकारी दिनेश तिवारी ने मेले के आंकड़ों को साझा करते हुए बताया कि मेले में विभिन्न नियोजकों ने भाग लिया जिनके पास कुल 1000 रिक्तियां उपलब्ध थीं। मेले में लगभग 1444 अभ्यर्थियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। कुल 695 आवेदकों ने अपना बायोडाटा जमा किया जिनमें से 346 अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट या चयनित किया गया है। डी.आर.सी.सी., आई.टी.आई. और आत्मा जैसे सरकारी विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों के माध्यम से 1050 आवेदकों को करियर मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी एवं अन्य वरीय पदाधिकारियों द्वारा पूर्व से चयनित 25 लाभुकों को स्वरोजगार हेतु टूल किट प्रदान किए गए, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें।

# हजारों शादियां, लेकिन रजिस्ट्रेशन सिर्फ 75-100, कानूनी सुरक्षा से अब भी दंपती दूर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** जिले में हर साल हजारों शादियां धूमधाम से संपन्न होती हैं, लेकिन कानूनी सुरक्षा के लिए जरूरी विवाह निबंधन (मैरेज रजिस्ट्रेशन) को लेकर लोग अब भी गंभीर नहीं दिख रहे हैं। आंकड़ों पर नजर डालें तो हर वर्ष हजारों विवाह होने के बावजूद निबंधन कार्यालय में रजिस्ट्रेशन कराने वाले जोड़ों की संख्या महज 75 से 100 के बीच सिमट कर रह गई है। जून 2021 से अब तक केवल 468 जोड़ों ने ही विवाह पंजीकरण कराया है। विशेषज्ञों का मानना है कि जागरूकता की कमी के कारण






लोग विवाह निबंधन को अनावश्यक बोझ समझते हैं जबकि संपत्ति विवाद, उत्तराधिकार या दंपती के बीच अनबन की स्थिति में यही प्रमाण पत्र कानूनी सुरक्षा कवच का काम करता है। कई मामलों में जीवनसाथी के निधन के बाद गवाह तक नहीं मिल पाते जिससे कानूनी प्रक्रिया जटिल हो जाती है।

**30 दिनों के भीतर निबंधन अनिवार्य**

बिहार निबंधन नियमावली 2006 के तहत विवाह के 30 दिनों के भीतर पंजीकरण कराना अनिवार्य है। विलंब होने पर निर्धारित विलंब शुल्क का प्रावधान भी है। नियमावली के अनुसार अब वार्ड पार्षद और ग्राम पंचायत के मुखिया को भी विवाह पंजीयन कराने का अधिकार दिया गया है, ताकि लोगों को स्थानीय स्तर पर सुविधा मिल सके। इसके बावजूद अपेक्षित संख्या में आवेदन नहीं आ रहे हैं।

**क्या कहते हैं अधिकारी**

डिहरी अनुमंडल के अवर निबंधन सह विशेष विवाह पदाधिकारी योगेश त्रिपाठी ने बताया कि नियमावली के तहत वार्ड पार्षद व मुखिया को भी विवाह पंजीयन का अधिकार दिया गया है। वर्तमान समय में बढ़ते दंपती विवाद और संपत्ति मामलों को देखते हुए विवाह पंजीकरण अत्यंत आवश्यक है। कई मामलों में पति या पत्नी के निधन के बाद उत्तराधिकार को लेकर विवाद खड़े हो जाते हैं, ऐसे में विवाह प्रमाण पत्र ही निर्णायक दस्तावेज साबित होता है।

**जागरूकता की जरूरत**

विभाग की ओर से लोगों को जागरूक करने की पहल की जा रही है, लेकिन सामाजिक स्तर पर भी जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता है जब तक लोग स्वयं इसकी अहमियत नहीं समझेंगे, तब तक हजारों शादियों के बीच रजिस्ट्रेशन की संख्या यूं ही सीमित बनी रहेगी।

# नौ दिवसीय श्री विष्णु महायज्ञ भव्य भंडारे के साथ संपन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** स्थानीय नगर के स्टेशन रोड स्थित नया बस पड़ाव के सामने मौनी बाबा आश्रम में आयोजित नौ दिवसीय श्री विष्णु महायज्ञ का समापन गुरुवार को भव्य भंडारे और पूर्णाहुति के साथ श्रद्धा एवं उल्लासपूर्ण वातावरण में संपन्न हो गया। श्री श्री 1008 श्री मौनी बाबा के शिष्य गिरवर लाल जी महाराज के सानिध्य में आयोजित इस महायज्ञ ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय बना दिया। नौ दिनों तक चले इस आध्यात्मिक अनुष्ठान के दौरान प्रतिदिन वेद मंत्रों की गूंज, हवन- पूजन और भजन-कीर्तन से वातावरण धर्ममय बना रहा। बड़ी संख्या में श्रद्धालु यज्ञ में आहुति देकर परिवार एवं क्षेत्र की सुख-शांति, समृद्धि और मंगलकामना की प्रार्थना करते रहे। समापन दिवस पर आयोजित विशाल भंडारे में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पंक्तिबद्ध होकर महायज्ञ का महाप्रसाद ग्रहण किया। आश्रम परिसर में सुबह से ही भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं। इस अवसर पर गिरवर लाल जी महाराज ने अपने आशीर्वचन में कहा कि यज्ञ केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मक ऊर्जा, सद्भाव और आध्यात्मिक जागरण का माध्यम है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से धर्म, सेवा और मानवता के मार्ग पर चलने का आह्वान किया। महायज्ञ और भंडारे की भव्यता ने उपस्थित श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया।

# तत्काल प्रभाव से मद्य निषेध विभाग का ड्राइवर सेवा मुक्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** राजेंद्र आश्रम चौक के समीप उत्पाद विभाग के चालक द्वारा एक निजी वाहन के साथ नोक-झोक की सूचना प्राप्त हुई थी जिस पर जिलाधिकारी ने तुरंत संज्ञान लेते हुए सहायक आयुक्त उत्पाद विभाग को जांच कराते हुए उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया था। निर्देश के आलोक में मद्य निषेध विभाग के स्कॉर्पियो चालक ने एक निजी वाहन से टकराया था जिस दौरान मद्य निषेध विभाग के चालक राकेश कुमार द्वारा नोक झोंक की गई तथा निजी वाहन के चाबी को निकाल लिया गया था जिसके कारण जाम की समस्या हुई थी। सहायक आयुक्त मद्य निषेध द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए ड्राइवर राकेश कुमार को सेवा मुक्त कर दिया है। साथ ही सूचना मिलते ही चाबी को वापस लौटने का कार्य किया गया है।

# पटेल स्मारक परिसर में छत्रपति शिवाजी की जयंती मनायी गयी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** मोहन बीघा स्थित पटेल स्मारक के प्रांगण में वीरता और राष्ट्रभक्ति के प्रतीक छत्रपति शिवाजी महाराज की 396वीं जयंती अमित कुमार पटेल के नेतृत्व में श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया और उनके आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व विधायक सत्यनारायण यादव रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज ने स्वाभिमान, साहस और सुशासन की मिसाल कायम की। उनका जीवन युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत है और हमें उनके बताए मार्ग पर



चलकर समाज एवं राष्ट्र की सेवा करनी चाहिए। इस अवसर पर पटेल स्मारक की अध्यक्ष मालती देवी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शिवाजी सेना व भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश सह संयोजक अमित कुमार पटेल, नगर उपाध्यक्ष भाजपा अमित कुमार, विकी पटेल, प्रतीक पटेल, आदित्य पटेल, धीरज पटेल, अनिल पटेल, कृष्णा पटेल, संजय पटेल, विशाल पटेल, मुन्ना कुशवाहा, शीलवंत सिंह पटेल, देवेंद्र गुप्ता (वार्ड पार्षद प्रतिनिधि, वार्ड संख्या 17), अनिल गुप्ता उर्फ बल्लू, रवि शर्मा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन देशभक्ति नारों और शिवाजी महाराज के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने के संकल्प के साथ किया गया।

# शुभम दुबे ने स्वर्ण पदक जीत बढ़ाया बिहार-झारखंड का मान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** दुबई में आयोजित चौथे सिस्टोबॉल इंटरनेशनल मैच में भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इस ऐतिहासिक जीत से देशभर में खेल प्रेमियों के बीच खुशी की लहर दौड़ गई। भारतीय खिलाड़ियों ने बेहतरीन तालमेल, अनुशासन और जुझारूपन का परिचय देते हुए यह उपलब्धि हासिल की। झारखंड सिस्टोबॉल संघ के अध्यक्ष अवनीश यादव सचिव रसीद और रोहतास जिले के अकोढ़ीगोला प्रखंड क्षेत्र के बांक निवासी कोच सोनाली कुशवाहा ने भारतीय टीम की इस शानदार उपलब्धि पर सभी खिलाड़ियों एवं सहयोगियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह जीत खिलाड़ियों की कड़ी




मेहनत, समर्पण और निरंतर अभ्यास का परिणाम है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक जीतना पूरे देश और राज्य के लिए गर्व की बात है। विशेष रूप से झारखंड के लातेहार जिले के खिलाड़ी शुभम दुबे का चयन इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हुआ था। शुभम ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से न केवल झारखंड बल्कि अपने गृह क्षेत्र का भी नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से क्षेत्र के युवाओं में खेल के प्रति नया उत्साह और आत्मविश्वास जगा है।

# शहीद अरविंद कुमार का शहादत दिवस मना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज(रोहतास)।** शहीद अरविंद कुमार का 24 वां शहादत दिवस मनाया गया जहां एक मिनट का मौन रखकर शहीद के प्रति संवेदना व्यक्त की गई। बिक्रमगंज प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कहूआरा गांव में शहीद अरविंद कुमार सिंह का 24 वां शहादत दिवस मनाया गया। सिपाही अरविंद कुमार सिंह ने ऑपरेशन पराक्रम के दौरान पंजाब क्षेत्र में राष्ट्र की सुरक्षा हेतु फरवरी 2002में अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। उनके शहादत पर उपस्थित लोगों द्वारा एक मिनट का मौन धारण किया गया। मौके पर सूबेदार सुहेन्द्र सिंह, सूबेदार हरेंद्र सिंह, भूत पूर्व सैनिक संघ काराकाट प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार पांडेय, काराकाट प्रखंड सचिव अशोक कुमार सिंह, वीरेंद्र सिंह, हरेंद्र कुमार सिंह, एम कहूआरा पंचायत के



मुखिया योगेंद्र सिंह एवं सरपंच लक्ष्मण सिंह तथा ग्रामीण जनता सिपाही अरविंद कुमार सिंह को अमर रहे-अमर रहे का उद्घोष लगाया गया और उनके शहीद स्मारक पर फूल मालाओं से अर्पण किया गया जय हिंद, जय भारत, वंदे मातरम का उद्घोष किया गया। दीप प्रज्ज्वलित कर सहित आत्मा को श्रद्धांजलि दी गई।

# जिले में स्वच्छ एवं हरित विद्यालय का मिला पुरस्कार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** शिक्षा के साथ-साथ संस्कार, अनुशासन और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अच्छे कार्य करने के कारण विद्यालय को पुरस्कृत किया गया है। बिक्रमगंज नगर तेंदूनी स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल विद्यालय को जिले का 'सबसे स्वच्छ एवं हरित विद्यालय' घोषित किया गया है। उपस्थित लोगों ने कहा कि यह सम्मान न केवल विद्यालय के लिए बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार रोहतास के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (डीपीओ) रोहित रौशन द्वारा विद्यालय की प्राचार्या कुमारी प्रिया को प्रदान किया गया। सम्मान ग्रहण करते हुए प्राचार्या ने इसे विद्यालय परिवार की सामूहिक प्रतिबद्धता और निरंतर प्रयासों का परिणाम बताया। प्राचार्या ने जिला के संबंधित वरीय अधिकारी समेत जिला प्रशासन को साधुवाद दी है। विद्यालय परिसर की उत्कृष्ट स्वच्छता व्यवस्था, सुसंगठित कचरा प्रबंधन प्रणाली, हरित वातावरण, नियमित पौधारोपण अभियान तथा विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए चलाए जा रहे विशेष कार्यक्रमों ने इस उपलब्धि को संभव बनाया है। बच्चों को स्वच्छता का व्यवहारिक प्रशिक्षण देने और हर कक्षा में हरित सोच को बढ़ावा देने की पहल ने विद्यालय को अन्य संस्थानों से अलग पहचान दिलाई है। सम्मान की घोषणा होते ही विद्यालय परिवार में खुशी और उत्साह की लहर दौड़ गई। शिक्षकों, विद्यार्थियों और अभिभावकों ने इसे सामूहिक परिश्रम और सकारात्मक सोच की जीत बताया। वक्ताओं ने कहा कि यह उपलब्धि अन्य संस्थानों के लिए भी प्रेरणा स्रोत बनी है तो वहीं विद्यालय प्रबंधन ने संकल्प लिया कि स्वच्छता और हरियाली की यह मुहिम आगे भी पूरे उत्साह से जारी रहेगा।

# राजेंद्र विद्यालय में छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती की धूम

## नन्हें अर्णव ने शिवाजी के वेश में जीता सबका दिल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** राजेंद्र विद्यालय में गुरुवार को छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती हर्षोल्लास और गरिमा के साथ मनाई गई। सुबह की प्रार्थना सभा के दौरान आयोजित विशेष कार्यक्रम का सफल संचालन कक्षा 3 की शिक्षिका मिस मानसी के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की चेयरपर्सन गीता सिन्हा ने छात्रों को संबोधित करते हुए एक यादगार भाषण दिया। उन्होंने शिवाजी महाराज के अदम्य साहस और उनके नैतिक मूल्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका जीवन हमें स्वाभिमान और राष्ट्र सेवा की सीख देता है। वहीं विद्यालय के प्रधानाचार्य नब्येंदु बिस्वास ने भी अपने विचार साझा किए। उन्होंने शिवाजी महाराज की कुशल प्रबंधन क्षमता और उनकी दूरदर्शिता के बारे में बताते हुए छात्रों को उनसे प्रेरणा लेने के लिए प्रोत्साहित



किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण कक्षा 3 के छात्र अर्णव रहे। अर्णव ने छत्रपति शिवाजी महाराज की पारंपरिक वेशभूषा धारण कर मंच पर उनकी वीरता को जीवंत कर दिया।

# स्ट्रोक मरीजों के लिए पारस एचएमआरआई की बड़ी पहल, एडवांस केयर फ्री एम्बुलेंस सेवा शुरू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** स्ट्रोक जैसी गंभीर और जानलेवा बीमारी के त्वरित इलाज की दिशा में पारस एचएमआरआई हॉस्पिटल, पटना ने एक अहम उपलब्धि हासिल की है। अस्पताल को स्ट्रोक रेडी हॉस्पिटल के रूप में पूरी तरह सुसज्जित किया गया है जहां हर मिनट की अहमियत को ध्यान में रखते हुए ऑन-साइट एडवांस स्ट्रोक केयर फ्री एम्बुलेंस की सुविधा शुरू की गई है। इसी कड़ी में गुरुवार को




पारस एचएमआरआई हॉस्पिटल, पटना में इमरजेंसी एरिया के समीप एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 30 ऐसे मरीज शामिल हुए जिन्होंने अस्पताल में स्ट्रोक से संबंधित सफल उपचार और सर्जरी करवाई है। अस्पताल में 24गुणे 7 इमरजेंसी सपोर्ट, एडवांस सीटी एवं एमआरआई इमेजिंग, स्ट्रोक रिस्पॉन्स प्रोटोकॉल, चौबीसों घंटे आईसीयू और न्यूरो रिहैबिलिटेशन जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं दी जा रही है। इस अवसर पर जोनल डाइरेक्टर अनिल कुमार ने कहा कि स्ट्रोक के मामलों में समय पर इलाज ही सबसे बड़ा जीवन रक्षक होता है। पारस एचएमआरआई अस्पताल में स्ट्रोक एडवांस केयर फ्री एम्बुलेंस शुरू होने से मरीजों को एक ही स्थान पर त्वरित, समन्वित और उच्चस्तरीय इलाज मिल सकेगा। हमारा लक्ष्य है कि स्ट्रोक से होने वाली मृत्यु और विकलांगता को न्यूनतम किया जा सके।

# ट्रक के धक्के से बाल-बाल बचे डॉ अमिताभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** ट्रक के धक्के से बाल-बाल बचे डॉक्टर अमिताभ कुमार सिंह। उन्होंने नगर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई। पुलिस ने ट्रक ड्राइवर को गिरफ्तार किया। नगर थाने में दिए आवेदन में डॉक्टर अमिताभ कुमार सिंह ने कहा कि मैं डिहरी बाजार से न्यू डिलियां अपने घर जा रहा था तभी रास्ते में एक ट्रक खड़ा था मैं उसको हटाने के लिए बोला ड्राइवर शराब के नशे में था, मेरे गाड़ी में धक्का मार दिया मेरा गाड़ी तो क्षतिग्रस्त हो गया और मैं बाल-बाल बच गया। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ट्रक ड्राइवर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।


# पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, पलामू

**(सर्वसाधारण के लिए सूचना)**

तरहसी थाना काण्ड सं0–47/25, दि0–03.06.2025 धारा–190/191(2)/191(3)/118(1)/127(2)/324(4)/329(3)/303(2)/351 (3)/352 बी0एन0एस0 एवं 3(1)(a) /3(1)(e)/ 3(1)(t) SC/ST Act के प्राथमिकी अभियुक्त अभिशेक भारती पिता–उदय भारती, ग्राम–श्रीकेदल, थाना–तरहसी, जिला–पलामू के संबंध में सूचना/जानकारी प्राप्त होने पर पुलिस अधीक्षक, पलामू के कार्यालय में सूचित करें अथवा निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना देने का कश्ट करें।

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, लेस्लीगंज, पलामू :– 9264196949

थाना प्रभारी, तरहसी, पलामू :– 9430774070

पुलिस अधीक्षक,
पलामू।

PR.NO.373262 Police(25-26):D

## एक नजर

### चीनी मिल की स्थापना के लिए सरकारी भूमि का निरीक्षण शुरू



**नवादा/नबिटा ब्यूरो।** राज्य सरकार के निर्देश के बाद विभिन्न जिलों में चीनी मिल स्थापना को लेकर अधिकारियों द्वारा सरकारी भूमि निरीक्षण का कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को एडीएम तथा डीसीएलआर गौरव शंकर ने स्थानीय अंचल अधिकारी राजेश कुमार के नेतृत्व में प्रखण्ड क्षेत्र के तीन स्थानों पर सरकारी भूमि का निरीक्षण किया गया। जिसमें मुख्य रूप से मकनपुर गांव के पश्चिमी से गुजरी पौरा पूर्वी नहर से पश्चिमी मनीगढ़ खनधा, माफी गांव से पश्चिम तथा नारोमुराद गांव से पूरब मरलाही नदी खनधा एवं ठेरा पंचायत की महेशपुर खनधा स्थित सरकारी भूमि का निरीक्षण किया गया। अधिकारियों द्वारा निरीक्षण के बाद उक्त भूमि का खाता खेसरा एवं नजरिए नक्शा जिलाधिकारी को सौंपा जाएगा। जहां से सरकार को भेज कर चीनी मिल स्थापित करने की दिशा में आगे का कार्य होगा। चीनी मिल के लिए भूमि निरीक्षण से क्षेत्र के किसानों में हर्ष देखी जा रही है। किसानों का मानना है कि मिल की स्थापना से किसान मजदूर के साथ क्षेत्र के बेरोजगार युवाओं को काम मिल सकेगा। एक बार फिर वारिसलीगंज में चीनी की सौंधी खुशबू फैलेगी। मौके पर क्षेत्र के कई युवा राजनीतिक कार्यकर्ता उपस्थित होकर अधिकारियों को सहयोग किया।

### पंचायत समिति की बैठक 28 फरवरी को

**कौआकोल/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कौआकोल प्रखण्ड कार्यालय भवन के सभागार कक्ष में 28 फरवरी को पंचायत समिति की बैठक आयोजित की जाएगी। इसकी जानकारी देते हुए बीडीओ सह कार्यपालक पदाधिकारी,पंचायत समिति डॉ० अखिलेश कुमार ने बताया कि प्रखण्ड प्रमुख रीना राय की सहमति से वित्तीय वर्ष 2025-26 एवं 2026-27 में योजनाओं को अनुमोदित करने एवं अन्यान्य विषयों चर्चा के लिए 28 फरवरी,दिन शनिवार को साढ़े ग्यारह बजे दिन में पंचायत समिति की बैठक प्रखंड सभागार,कौआकोल में आहुत की गयी है। उन्होंने बताया कि बैठक की सूचना सभी सम्बंधित अधिकारियों को पत्राचार के माध्यम से दिया जा रहा है।

### धान ओसाने के क्रम में जल जाने से इलाजरत वार्ड सदस्य की मौत

**कौआकोल/नबिटा संवाददाता।** कौआकोल प्रखण्ड अंतर्गत खड़सारी पंचायत के वार्ड नम्बर-12 की वार्ड सदस्य व बड़राजी गांव निवासी संयोगनी देवी की इलाज के दौरान पावापुरी विम्स अस्पताल में गुरुवार को निधन हो गया। वे लखन यादव की पत्नी थी और लगभग 62 वर्ष की थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड सदस्य संयोगनी देवी बीते मंगलवार को अपने घर में धान ओसाने का काम कर रही थी। अचानक आग ने उनकी साड़ी को अपने लपेटे में ले लिया। और देखते ही देखते वे बुरी तरह जल गई। आनन फानन में स्वजनों द्वारा उन्हें कौआकोल पीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां से बेहतर इलाज के लिए विम्स पावापुरी रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान गुरुवार को उनकी मौत हो गई। घटना के बाद गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।

### लंबित आवेदनों के शीघ्र निष्पादन के निर्देश



**नवादा/नबिटा ब्यूरो।** गुरुवार को जिलाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में उद्योग विभाग द्वारा संचालित योजनाओं—पीएमईजीपी-1 एवं 2, पीएमएफएमई तथा पीएम विश्वकर्मा योजना से संबंधित एक समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में महाप्रबंधक उद्योग ने अवगत कराया कि नवादा जिले में पीएमईजीपी योजना के अंतर्गत कुल 68 लक्ष्य निर्धारित किए गए थे, जिनमें से 51 आवेदनों का निष्पादन किया जा चुका है, जबकि शेष आवेदन लंबित हैं। इस पर जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि शेष बचे सभी आवेदनों को एक सप्ताह के भीतर आवश्यक कार्रवाई करते हुए निष्पादित किया जाए।

जिला पदाधिकारी ने यह भी स्पष्ट निर्देश दिया कि जिन बैंकों द्वारा अब तक आवेदनों की स्वीकृति नहीं दी गई है, वे स्वीकृति प्रदान करते हुए 13 मार्च 2026 को लगाए जाने वाले कैंप तक सभी लंबित मामलों को शून्य करें। पीएमएफएमई योजना की समीक्षा के क्रम में बताया गया कि कुल 174 लक्ष्य के विरुद्ध 105 मामलों का निष्पादन किया जा चुका है। इस पर जिला पदाधिकारी द्वारा महाप्रबंधक उद्योग को शेष मामलों का भी शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित किए जाने का निर्देश दिया गया। आज की बैठक में महाप्रबंधक, उद्योग राजेशर राव, एलडीएम नवादा मनीष कुमार, सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## राजगीर में चिंतन शिविर के दूसरे दिन 'पीएमजेवीके' निगरानी ऐप लांच

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बिहारशरीफ।** नालंदा विश्वविद्यालय में आयोजित अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के 'चिंतन शिविर' के दूसरे दिन गुरुवार को केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम (पीएमजेवीके) निगरानी ऐप लांच किया। इस दौरान उन्होंने स्पष्ट किया कि अल्पसंख्यकों के विकास के बिना वर्ष 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करना संभव नहीं है। ऐप लॉन्चिंग के अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री जार्ज कुरियन, बिहार के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री जमा खान और अन्य राज्यों से आए विभागीय मंत्री उपस्थित थे। इस ऐप के माध्यम से पीएमजेवीके के तहत चल रही योजनाओं की निगरानी की जा सकेगी, जिससे विभागीय कार्यों और इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट में पारदर्शिता सुनिश्चित होगी। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने पीएमजेवीके को मंत्रालय का एक बेहद महत्वपूर्ण कार्यक्रम बताया। उन्होंने कहा कि शिविर के दौरान विभिन्न राज्यों से आए मंत्रियों और प्रतिनिधियों के साथ इस योजना पर विस्तृत चर्चा की गई है। राज्यों के मंत्रियों ने योजनाओं को धरातल पर और बेहतर तरीके से लागू करने के लिए अपने आइडिया और सुझाव साझा किए हैं। सत्र के बाद पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए केंद्रीय मंत्री ने अल्पसंख्यक कल्याण के प्रति सरकार का विजन रखा। उन्होंने कहा कि देश के सभी वर्गों, विशेषकर अल्पसंख्यक समुदाय को विकास की मुख्यधारा में साथ लेकर चलना ही 'सबका साथ, सबका विकास' का वास्तविक अर्थ है। सरकार इसी दिशा में नीतियां बना रही है ताकि अल्पसंख्यकों का सर्वांगीण विकास हो सके।

# जिलाधिकारी ने फाइलेरिया रोधी दवा सेवन कर आमजन को किया प्रेरित

**11 फरवरी 2026 को मेगा एम.डी.ए. कैंप का होगा आयोजन**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** फाइलेरिया रोग के उन्मूलन के उद्देश्य से नवादा जिले में 10 फरवरी 2026 से सर्वजन दवा सेवन (एम.डी.ए.) कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। सिविल सर्जन ने जानकारी दी कि इस कार्यक्रम के अंतर्गत अधिक से अधिक लोगों को फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन सुनिश्चित कराने हेतु 11 फरवरी 2026 को मेगा एम.डी.ए. कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें बूथ लगाकर समुदाय के सभी लक्षित लाभार्थियों को स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा अपने सामने दवा का सेवन कराया गया। इसके अतिरिक्त, प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मी अगले 14 दिनों तक घर-घर जाकर छूटे हुए लाभार्थियों को दवा का सेवन करा रहे हैं।



इसी क्रम में आज जिलाधिकारी रवि प्रकाश ने अपने कार्यालय कक्ष में डायएथाइलकार्बामाज़ीन साइट्रेट (डीईसी) एवं एल्बेंडाजोल दवा का सेवन किया तथा आमजनों को प्रेरित करते हुए कहा कि फाइलेरिया रोधी दवाएं पूरी तरह सुरक्षित हैं। उन्होंने बताया कि रक्तचाप, शुगर, अर्थराइटिस अथवा अन्य सामान्य रोगों से ग्रसित व्यक्ति भी इसका सेवन कर सकते हैं।सामान्यतः इन दवाओं के सेवन से किसी प्रकार का दुष्प्रभाव नहीं होता है। यदि किसी व्यक्ति को दवा सेवन के पश्चात किसी प्रकार की असुविधा होती है, तो उससे निपटने के लिए संबंधित प्रखंड में रैपिड रिस्पॉन्स टीम तैनात की गई है।

सिविल सर्जन ने बताया कि सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम नवादा जिले के छह प्रखंडों (मेंसकौर ,गोविंदपुर, कौआकोल, काशीचक, नवादा सदर और अकबरपुर) में संचालित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत दो प्रकार की दवा—डायएथाइलकार्बामाज़ीन साइट्रेट (डीईसी) एवं एल्बेंडाजोल—का सेवन कराया जा रहा है। निर्धारित खुराक प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा घर-घर जाकर अपने सामने खिलाई जा रही है। दवाओं का वितरण किसी भी स्थिति में नहीं किया जाएगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि दवाओं का सेवन खाली पेट नहीं करना है। दो वर्ष से कम आयु के बच्चों, गर्भवती महिलाओं तथा अति गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को यह दवा नहीं खिलाई जाएगी। फाइलेरिया रोधी दवाएं पूर्णतः सुरक्षित हैं।

इस अवसर पर डीपीएम स्वास्थ्य अमित कुमार सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।

# केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने नेचर सफारी एवं जू सफारी का किया भ्रमण

**प्राकृतिक सौंदर्य और पर्यटन व्यवस्था की मंत्री ने की सराहना**

नवबिहार टाइम् ब्यूरो



**बिहारशरीफ।** केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू ने एक दिवसीय दौरे पर राजगीर पहुंचे जहां उन्होंने गुरुवार को जू सफारी, नेचर सफारी स्थित ग्लास ब्रिज परिसर का भ्रमण कर काफी प्रसन्नता जाहिर की। उनके आगमन पर जू सफारी के निदेशक रामसुंदर एम ने भव्य स्वागत किये। भ्रमण के दौरान केंद्रीय मंत्री ने राजगीर की हरी-भरी प्राकृतिक छटा, सुव्यवस्थित पर्यटन अवसंरचना तथा जैव-विविधता संरक्षण के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि राजगीर प्रकृति प्रेमियों और आध्यात्मिक यात्रियों दोनों के लिए एक उत्कृष्ट गंतव्य है। उन्होंने विशेष रूप से राजगीर सफारी प्रबंधन की सराहना करते हुए कहा कि पर्यावरण संतुलन को बनाए रखते हुए पर्यटन को बढ़ावा देना एक चुनौतीपूर्ण कार्य है, जिसे यहां अत्यंत प्रभावी ढंग से संपादित किया जा रहा है। यह पहल न केवल स्थानीय अर्थव्यवस्था को सशक्त कर रही है, बल्कि पर्यावरण जागरूकता को भी नई दिशा दे रही है। भ्रमण के क्रम में मंत्री महोदय ने वन्यजीव संरक्षण परियोजनाओं, इको टूरिज्म गतिविधियों, पर्यावरण शिक्षा कार्यक्रमों तथा आधुनिक पर्यटक प्रबंधन प्रणाली का अवलोकन किया। साथ ही जू एवं नेचर सफारी परिसर की संचालन व्यवस्था, संरक्षण रणनीतियों की विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर एसडीओ सूर्य प्रकाश गुप्ता, डीएसपी सुनील कुमार सिंह सहित विभाग के पदाधिकारी लोग शामिल थे।

## वार्षिक माध्यमिक परीक्षा का तीसरा दिन शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त संपन्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** वार्षिक माध्यमिक (सैद्धान्तिक) परीक्षा-2026 का तीसरा दिन जिले के सभी परीक्षा केंद्रों पर स्वच्छ, शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न हुआ। परीक्षा 17 फरवरी 2026 से प्रारंभ होकर 25 फरवरी 2026 तक दो पालियों में आयोजित की जा रही है। प्रथम पाली पूर्वाह्न 09:30 बजे से 12:45 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपराह्न 02:00 बजे से 05:15 बजे तक संचालित हो रही है।

जिला नियंत्रण कक्ष से लगातार विभिन्न केंद्रों की निगरानी की गई तथा केंद्राधीक्षकों और प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों को स्वच्छ एवं कदाचारमुक्त परीक्षा संचालन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। केंद्रों पर विधि-व्यवस्था, स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था, बैठने की समुचित व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी एवं सुव्यवस्थित प्रवेश-निकास की विशेष व्यवस्था की गई थी।

प्रथम पाली में कुल 16,782 परीक्षार्थियों में से 16,454 उपस्थित रहे, जबकि 328 अनुपस्थित पाए गए। द्वितीय पाली में 18,039 परीक्षार्थियों में से 17,689 परीक्षार्थी उपस्थित हुए, जबकि 350 अनुपस्थित रहे। दोनों पालियों की परीक्षा शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई।

## खुले स्थान पर मांस-मछली की बिक्री पर प्रतिबंध का जैन धर्मावलंबियों ने किया स्वागत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**नवादा।** बिहार राज्य में खुले स्थान के साथ ही स्कूलों व धार्मिक स्थलों के समीप मांस-मछली को बेचने की प्रक्रिया को प्रतिबंधित किये जाने संबंधी कानून का सख्ती से अनुपालन किये जाने संबंधी बिहार सरकार द्वारा जारी निर्देशों का अहिंसक जैन धर्मावलंबियों ने स्वागत किया है।

बिहार प्रांतीय जैन युवा जागृति के अध्यक्ष-सह-भगवान महावीर प्रथम साधना स्थली के महामंत्री दीपक जैन ने कहा कि सड़क किनारे अथवा स्कूलों व धार्मिक स्थलों के समीप खुलेआम मांस-मछली की बिक्री से जैन धर्मावलंबियों के साथ ही अहिंसक लोगों की भावनाएं आहत होती थी। मांस बिक्रेताओं की इन हरकतों पर विराम लगाने को लेकर संगठन द्वारा पत्राचार व मीडिया के माध्यम से सरकार व प्रशासन का ध्यान निरंतर आकृष्ट किया जा रहा था। दीपक जैन ने कहा कि इस दिशा में समय-समय पर किये जाने वाले उनके प्रयासों ने आखिरकार रंग लाया। उन्होंने कहा कि बिहार राज्य में खुले में एवं धार्मिक स्थलों के समीप मांस-मछली की बिक्री को प्रतिबंधित किये जाने संबंधी जारी गाइडलाइन को सख्ती से अनुपालन किये जाने संबंधी सरकारी दिशा-निर्देश स्वागत योग्य है। उन्होंने जैन समाज सहित तमाम अहिंसक भावनाओं को आत्मिक सम्मान देने के लिए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा व सम्राट चौधरी के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### खुले में मांस-मछली की बिक्री पर प्रतिबंध को लेकर गाइडलाइन

सरकार के गाइडलाइन के अनुसार अब केवल लाइसेंसधारी दुकानदार ही मांस-मछली की बिक्री कर सकेंगे। लाइसेंसधारियों को अपने दुकानों को पर्दे या काले शीशे से ढकना अनिवार्य होगा। सड़क किनारे या खुले में मांस लटकाकर बेचना गैरकानूनी होगा। स्कूलों या धार्मिक स्थलों के समीप मांस-मछली का प्रतिष्ठान खोलना वर्जित रहेगा। दुकानदारों को मांस के अपशिष्ट (कचरा) को इकट्ठा कर उसे नगर निगम के कूड़ेदान तक पहुंचाने संबंधी व्यवस्था सुनिश्चित करनी होगी। नियमों का उल्लंघन करने पर पांच हजार तक के जुर्माने के साथ ही दुकान बंद करवाने को लेकर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। सरकार द्वारा यह निर्णय स्वास्थ्य, स्वच्छता व अहिंसक भावनाओं को ध्यान में रखते हुए लिया गया है।

## रमजान में मुस्लिम शिक्षकों को समय में रियायत देने की मांग, संघ ने सौंपा ज्ञापन

**नवादा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** निदेशक, (माध्यमिक शिक्षा) शिक्षा विभाग, बिहार,पटना के निदेशानुसार राज्य के प्राथमिक/ माध्यमिक/ उच्च माध्यमिक/ उत्क्रमित माध्यमिक/ परियोजना विद्यालयों में कार्यरत मुस्लिम शिक्षकों एवं कर्मचारियों को रमजान के अवधि के लिए निर्धारित समय से एक घंटा पूर्व विद्यालय आने तथा निर्धारित समय से एक घंटा पूर्व विद्यालय छोड़ने की अनुमति प्रदान की जाती है, निदेशित है।

बिहार अराजपत्रित प्रारंभिक शिक्षक संघ नवादा के जिला अध्यक्ष दिनेश नाथ पासवान ने कहा कि मुस्लिम समुदाय द्वारा रमजान महीने को परम पवित्र माना जाता हैं। इसमें महीने भर रोजे रखते हैं अर्थात दिनभर उपवास रहना पड़ता है। यह अवधि 18 फरवरी 2026 से 20 मार्च 2026 तक का होगा। रमजान महीने में नवादा जिला के विद्यालयों में कार्यरत मुस्लिम शिक्षक/ कर्मचारियों को रमजान के अवधि के लिए विद्यालय में निर्धारित शैक्षणिक अवधि से एक घंटा पूर्व विद्यालय आने तथा निर्धारित समय से एक घंटा पूर्व विद्यालय छोड़ने की मांग किया है।

ज्ञापन सौपने के वक्त अजय कुमार जिला सचिव, सुरेश प्रसाद सिंह जिला कार्यालय सचिव, सुनील कुमार पासवान प्रखंड अध्यक्ष नवादा, देव कुमार प्रखंड अंकेक्षण अकबरपुर, योगेंद्र पासवान राज्य परिषद सदस्य आदि शामिल थे।

## 'बौद्धिक संपदा का अधिकार' विषय पर कार्यशाला आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय भारत सरकार द्वारा बौद्धिक संपदा का अधिकार विषय पर आधारित एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन जिला उद्योग केंद्र नालंदा के परिसर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रवीण कुमार,अपर विकास आयुक्त, विकास आयुक्त का कार्यालय, नई दिल्ली उपस्थित रहे। अन्य अतिथियों में आर के चौधरी निर्देशक एमएसएमई पटना अजय कुमार परियोजना प्रबंधक जिला उद्योग केंद्र नालंदा, शशिकांत वरीय प्रबंधक पंजाब नेशनल बैंक नालंदा, संतोष कुमार साहू एवं डॉक्टर रोचक राठौर सहायक निदेशक ग्रेट 1 एमएसएमई विकास कार्यालय पटना एवं अंकेश कुमार कार्यालय संयोजक उपस्थित थे।



मुख्य अतिथि श्री कुमार ने बौद्धिक संपदा अधिकार में एमएसएमई की पूरी भूमिका पर प्रकाश डाला एवं उपस्थित एमएसएमई इकाइयों को इसके महत्व के बारे में समझाया एवं बताया कि सरकार बौद्धिक संपदा प्रतिपूर्ति के तहत किस तरह एमएसएमई को प्रतिपूर्ति करके सरकार सूची एवं लघु उद्योगों को सशक्त बना रही है, तकनीकी सत्र में पुनः डॉक्टर रोचक राठौर ने सूचना लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय के एमएसएमई इन्नोवेटिव स्कीम एवं अन्य योजनाओं पर प्रकाश डाला तथा बौद्धिक संपदा एटर्नी की तरफ से आए रोबिन विंसेंट एवं मनीष रिजु ने बौद्धिक संपदा अधिकार एवं इसके कानूनी परिदृश्यों तथा एमएसएमई उद्योगों में बौद्धिक संपदा अधिकार की भूमिका पर प्रकाश डाला। अंत में प्रतिभागियों ने अपने प्रश्नों पर चर्चा की एवं सहभागिता की, अंत में जीएल मीणा एवं डॉ श्वेता देवतले सहायक निदेशक ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## फाइनल मुकाबले में कादिरगंज क्रिकेट क्लब बना चैंपियन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन नवादा द्वारा सिरदला के लौंद हाई स्कूल में आयोजित ए डिवीजन लीग के फाइनल मुकाबले में कादिरगंज की टीम ने युवा होंडा नवादा की टीम को रोमांचक मुकाबले में तीन विकेट से हरा दिया और खिताब पर कब्जा जमा लिया। सुबह कादिरगंज क्रिकेट क्लब के कप्तान रोहित ने टॉस जीतकर पहले युवा होंडा की टीम को बल्लेबाजी का न्योता दिया। बल्लेबाजी करते हुए युवा होंडा क्रिकेट क्लब की टीम 38 ओवर में 209 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। युवा होंडा की तरफ से कप्तान दीपक ने 63 रन अभिनव सिंह 41 आर्यन 31 जबकि आह्वान कश्यप ने 22 रनों का योगदान अपनी टीम के लिए दिया। गेंदबाजी करते हुए कादिरगंज क्रिकेट क्लब के गेंदबाज रितिक शर्मा एवं सचिन यादव ने तीन-तीन खिलाड़ियों को आउट किया जबकि अर्णव कुमार को दो विकेट मिले।




इस सम्मानजनक स्कोर का पीछा करने उतरी कादिरगंज क्रिकेट क्लब की टीम 39 ओवरों में 7 विकेट के नुकसान पर 210 रन बनाकर रोमांचक मैच को तीन विकेट से जीत लिया। कादिरगंज क्रिकेट क्लब के बल्लेबाज सुभाष कुमार ने शानदार 61 रन कप्तान रोहित राज ने 41 रन सूरज ने 33 जबकि सौरभ अपने 30 रनों का योगदान अपनी टीम के लिए दिया और युवा होंडा की फाइनल जीतने का सपना को चकनाचूर कर दिया। हीरो होंडा के गेंदबाज रॉकी राय ने तीन जबकि दीपक ने दो खिलाड़ियों को आउट किया। कादरगंज की टीम पहली बार ए डिवीजन की चैंपियन हुई है। फाइनल के पुरस्कार वितरण में जिला क्रिकेट संघ के सिरदला थानाध्यक्ष विकास कुमार अध्यक्ष राजेश कुमार मुरारी, मनीष कुमार, सुरेश यादव, अरुण यादव, मनीष गोविंद प्रियेश कुमार विद्यार्थी, धर्मेंद्र कुमार, अनुज कुमार, सुनील कुमार, राजेश कुमार चयनकर्ता सुभाष प्रसाद बबलू वर्मा, निशांत कुमार, प्रहलाद कुमार, अमित वर्मा सहित हजारों की संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

## किशोरियों के स्वास्थ्य और अधिकार पर दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** राजगीर सागर संगम काली बाड़ी परिसर में बिहार वॉटर डेवलपमेंट सोसायटी सेवा केंद्र कुर्जी पटना द्वारा, किशोरियों के स्वास्थ्य और अधिकार विषय पर आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण गुरुवार को संपन्न हुआ। जिसमें प्रशिक्षिका मनोरमा देवी ने हमारी पाठशाला फेज चार के किशोरियों के मासिक स्वास्थ्य और अधिकारों की जानकारी दी। कहा कि इस प्रशिक्षण से बालिकाओं में जन जागरूकता और नई चेतना का संचार होगा। एबीपीएम के राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष अनिता कुमारी गुप्ता ने कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण से बालिकाएं अपने अधिकार एवं कर्तव्यों के प्रति संवेदनशील होगी। जिला स्तरीय प्रशिक्षक रमेश कुमार पान, हमारी पाठशाला परियोजना के समन्वयक एलॉयसियस ओस्ता टीम सुपरवाइजर साहिल राज द्वारा संस्था के उद्गम एवं कार्यप्रणाली को विस्तार पूर्वक बताया गया। इस अवसर पर हमारी पाठशाला फेज चार के शिक्षक भीम पासवान, फिरोज कुमार, रूपा कुमारी, संगीता कुमारी, सुनीता कुमारी, शिवानी कुमारी, किरण कुमारी, आरती कुमारी, सोनू कुमार, सुमन कुमार, राजेश कुमार, दिनेश प्रसाद राजेश कुमार सहित 90 प्रतिभागी मौजूद रहे।

## गोवर्धन सेवा बस्ती हरिश्चंद्र स्टेडियम में बाल संस्कार केंद्र का शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** संघ शताब्दी वर्ष पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जिला इकाई सेवा भारती के द्वारा गोवर्धन सेवा बस्ती हरिशचंद्र स्टेडियम में बाल संस्कार केंद्र का शुभारंभ किया गया। जिसका शुभारंभ राम सेवक जी प्रांत सह सेवा प्रमुख दक्षिण बिहार बीणेश जी, सह क्षेत्र कार्यवाह डॉक्टर विमल प्रसाद सिंह, सेवा भारती अध्यक्ष नवादा संतोष कुमार, सेवा भारती सचिव नवादा दिनेश प्रसाद शर्मा, सेवा प्रमुख नवादा स्वागत करता श्याम साहू, नगर कार्यवाह नवादा, संचालक करता रंजीत पासवान, दशरथ मांझी, सेवा बस्ती बाल संस्कार केंद्र की संचालिका देवी देवी जी एवं गोवर्धन सेवा बस्ती में बाल संस्कार केंद्र में पढ़ने वाले बच्चे एवं अभिभावक उपस्थित रहे।




सेवा भारती नवादा के द्वारा शिक्षा क्षेत्र में तीन स्वालंबन के क्षेत्र में एक सामाजिक क्षेत्र में एक स्वास्थ्य के क्षेत्र में दो केंद्र चल रहा है। सेवा भारती नवादा के द्वारा एक और बाल संस्कार केंद्र खोलना की योजना पर काम चल रहा है। बहुत जल्द ही एक और बाल संस्कार केंद्र खुलने जा रहा है।

## सेमीफाइनल में पकरीबरावां ने शेखोपुर को हराया

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पकरीबरावां।** पकरीबरावां प्रखण्ड की उकौड़ा ग्राम पंचायत के राईस गांव स्थित खेल मैदान पर खेले जा रहे स्व.जुल्फकार अली भुट्टो राईस प्रीमियर लीग 2026 जिलास्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट का पहला सेमीफाइनल मुकाबला पकरीबरावां एवं शेखोपुर के बीच गुरुवार को खेला गया। शेखोपुर ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला किया। पकरीकरावां की टीम ने शानदार बल्लेबाज़ी करते हुए 5 विकेट खोकर 239 रन बनाए। जवाब में शेखोपुर की टीम 156 रन बनाकर मात्र 15 ओवर में ऑलआउट हो गई। इस तरह पकरीबरावां ने शानदार जीत दर्ज की। पकरीबरावां की ओर से निखिल कुमार ने तूफानी बल्लेबाज़ी करते हुए 68 गेंद पर 185 रन बनाये। उसने कई छक्के एवं चौके लगाए। उसके बेहतरीन खेल पर खेलप्रेमियों ने जमकर तालियां बजायीं। शानदार पारी खेलने वाले निखिल को मैन ऑफ द मैच का खिताब दिया गया। मुख्य अतिथि के रूप में शामिल मो. जिशान आलम ने मैन ऑफ द मैच को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। बताया गया कि मुख्य अतिथि सऊदी अरब से इस टूर्नामेंट में शामिल होने अपना घर आए हैं। आयोजक बहादुर मलिक, शेरू मलिक, शादाब इमाम, इंजीनियर जाहिद मलिक एवं महताब मलिक ने बताया कि दूसरे सेमीफाइनल मुकाबला एवं फाइनल मैच के लिए तैयारियां पूरी कर ली गई है। बताया गया कि 23 फरवरी को फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। फाइनल मैच को लेकर खेलप्रेमियों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। मैच को देखने बड़ी संख्या में खेलप्रेमी आ रहे हैं। लोगों ने बताया कि इस बार अन्य वर्षों की तुलना में काफी अच्छा मैच हो रहा है।आयोजकों ने बताया कि टूर्नामेंट के फाइनल में जीत हासिल करने वाले टीम को एक लाख रुपए एवं बड़ा ट्रॉफी तथा उप विजेता टीम को 50 हजार रुपए एवं बड़ा ट्रॉफी दिया जाएगा।



# किसानों के 'जैविक उत्पादों' की बिक्री में सहयोग करेगा कृषि विभाग : संजीव कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**गया।** बाजार समिति परिसर चन्दौती में आयोजित दो दिवसीय किसान मेला-सह- जैविक प्रदर्शनी के दूसरे दिन प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना चिंतन शिविर अंतर्गत जैविक उत्पाद क्रेता-विक्रेता गोष्ठी का आयोजन जिला कृषि पदाधिकारी संजीव कुमार की अध्यक्षता में किया गया। गोष्ठी में केदारनाथ बाजार समिति गया के थोक विक्रेता प्रिशु निर्मल एवं टिंकु कुमार, किसान उत्पादक समूह के सदस्य शशि कुमार एवं आशुतोष, जैविक खेती करने वाले किसान एवं कृषि विभाग के जिला तथा प्रखण्ड स्तरीय पदाधिकारियों ने भाग लिया। क्रेताओं ने प्रमाणिक जैविक उत्पाद उपलब्ध कराने पर बाजार उपलब्ध रहने की जानकारी दिया। उनके द्वारा कहा गया कि बाजार में अभी अलग से जैविक उत्पादों विशेष कर मौसमी सब्जियों को बेचने की व्यवस्था नहीं है, यद्यपि बहुत से जागरुक ग्राहक जैविक आलू, प्याज, बैगन, गोभी, टमाटर आदि की मांग करते हैं। जैविक उत्पादक विक्रेता किसान जीवेश यादव, ग्राम-महुआर नवादा, मानपुर ने कहा कि वे पिछले 03 वर्ष से अधिक समय से प्राकृतिक तरीके से सब्जियों की खेती कर रहे हैं एवं किसान मेला में उनके द्वारा लाई गई सभी जैविक सब्जी जैसे बैगन, टमाटर, फ्रेंच बीन्स, मेथी साग, पालक साग, लाल साग, गाजर आदि तुरंत बिक गया लेकिन इसका प्रीमियम मूल्य नहीं मिलता है और सामान्य बाजार में बेचने पर ग्राहक उनके जैविक सब्जियों के लिए थोड़ा बहुत भी ज्यादा पैसा नहीं देते हैं। जिला कृषि पदाधिकारी ने कहा कि जिला में राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन योजना को संचालित किया जा रहा है जिसमें 15 क्लस्टर में 1875 एकड़ में प्राकृतिक खेती करायी जा रही है। इस योजना से 10 बायो रिसार्स सेन्टर स्थापित किया गया है जहां से किसान बहुत ही आसानी से सस्ते दर पर प्राकृतिक खेती के विभिन्न घटक जैसे जीवामृत, बीजामृत, घनजीवामृत, नीमास्त्र, दशपर्णी अर्क आदि क्रय करके अपने खेतों में उपयोग कर सकते हैं। इस योजना से जुड़े किसानों के उत्पादों का जैविक प्रमाणिकरण कृषि विभाग के द्वारा कराने के साथ ही जैविक एवं प्राकृतिक उत्पादों को बेहतर दर पर बिक्री की व्यवस्था करायी जा रही है। कृषि विभाग द्वारा किसानों के उत्पादों की बिक्री के लिये कृषि विपणन निदेशालय को गठित कर जिला स्तर पर बिजेश कुमार को जिला कृषि विपणन पदाधिकारी के रुप में पदस्थापित किया गया है साथ ही जैविक खेती के लिए प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी, जैविक आकृति पदस्थापित हैं। जैविक खेती एवं विपणन की किसी भी प्रकार की समस्या के लिए किसान सीधे इनसे सम्पर्क कर सकते हैं। किसान मेला के दूसरे दिन बोधगया के मटिहानी में 250 गाय की गौशाला से जैविक दुग्ध उत्पादन कर रहे ब्रजेन्दर कुमार चौबे ने प्रदर्शनी में गाय का शुद्ध घी के साथ गौमूत्र एवं गोबर से बनी तरह-तरह की औषधि को प्रदर्शित किया। उन्होंने बताया कि देशी गाय के गोबर एवं गौमूत्र का उपयोग कर शून्य लागत पर खेती की जा सकती है, उनका देशी घी 3000 रूपये किलो बिकता है जबकि दूध 140 रूपये लीटर है। उनके द्वारा देशी बीज से काला नमक बासमती चावल, सोनामोती एवं खापली गेहूं की खेती की जा रही है। जो बाजार में 100 से 200 रूपये किलो में बिक जा रही है। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण जैविक उत्पादों को बेचने में कोई समस्या नहीं होती है। सभी किसानों को एकजुट होकर जैविक एवं प्राकृतिक खेती को अपनाना चाहिए क्योंकि संघ में शक्ति होती है।

## गयाजी धर्मशाला भवन बन जाने से श्रद्धालुओं को मिलेगी बेहतर सुविधा : डॉ. प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**गयाजी।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने कहा है कि गयाजी देश-विदेश के श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है। यहां स्थापित प्राचीन मंदिरों और मूर्तियों का ऐतिहासिक महत्व विश्वविख्यात है। प्रत्येक वर्ष विशेषकर पितृपक्ष मेला के दौरान लाखों श्रद्धालु अपने पूर्वजों की मोक्ष कामना के लिए पिंडदान करने गयाजी पहुंचते हैं जिससे ठहरने एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं पर अत्यधिक दबाव पड़ता है। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या और उनकी सुविधा को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने यहां सभी आधुनिक सुविधाओं से युक्त 'गयाजी धर्मशाला भवन' बनवाने का निर्णय लिया। इस परियोजना की प्रशासनिक स्वीकृति 12015.85 लाख रुपए है और 6 मई 2027 तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि धार्मिक संवेदनशीलता एवं आधुनिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए गोदावरी पथ स्थित संक्रामक रोग अस्पताल परिसर में इस भव्य धर्मशाला भवन का निर्माण कराया जा रहा है। 4.38 एकड़ क्षेत्रफल में विकसित हो रहे इस परिसर में लगभग 1080 श्रद्धालुओं के ठहरने की समुचित व्यवस्था की जा रही है। धर्मशाला परिसर में भोजन कक्ष, स्वच्छ शौचालय, समुचित रख-रखाव व्यवस्था, लिफ्ट, सोलर सिस्टम जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी।

## ग्राम पंचायत व जीविका समूहों के संयुक्त प्रयास से समावेशी विकास पर जोर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**गया।** जिला पंचायत संसाधन केंद्र, पंचायती राज संस्थाओं एवं स्वयं सहायता समूह (एसएचजी-पीआरआई) के सुदृढ़ीकरण हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत कुल 24 प्रखंडों को कवर किया गया। प्रतिदिन 8 प्रखंडों के प्रतिभागियों को 17 फरवरी 2026 से 19 फरवरी 2026 आर्ट गैलरी, हरिदास सेमिनरी, गया में किया गया। कार्यक्रम का 17 फरवरी 2026 को आयोजित प्रशिक्षण समारोह का उद्घाटन जिला पंचायती राज पदाधिकारी आदित्य कुमार, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी, नगर डॉ. नीलिमा तथा नोडल पदाधिकारी, डीपीआरसी, गया बैजनाथ द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। अपने उद्घाटन संबोधन में उन्होंने ग्राम पंचायत, पंचायती राज संस्थाओं एवं जीविका समूहों के मध्य समन्वित कार्यप्रणाली की आवश्यकता पर बल दिया तथा जमीनी स्तर पर योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु सहभागिता आधारित मॉडल अपनाने की अपील की। इस प्रशिक्षण में पंचायत सचिव, ब्लॉक एग्जीक्यूटिव, मुखिया एवं जीविका (स्वयं सहायता समूह) सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी की। प्रतिभागियों को ग्राम पंचायत प्रबंधन, योजना निर्माण एवं क्रियान्वयन, वित्तीय अनुशासन, सामाजिक उत्तरदायित्व तथा एसएचजी-पीआरआई समन्वय पर विस्तृत तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान किया गया। समापन समारोह 19 फरवरी 2026 को आयोजित किया गया जिसमें आदित्य कुमार ने पुनः सभी प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए ग्राम पंचायत एवं जीविका समूहों के संयुक्त प्रयास से सतत एवं समावेशी विकास सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

## बिजली चोरी करते पकड़ी गई महिला

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** थाना क्षेत्र में विद्युत चोरी के मामले में गुरुवार को प्राथमिकी दर्ज की गई। कनीय अभियंता विकास कुमार ने बताया कि जांच के दौरान ग्राम कोंच निवासी हीरामणि देवी, पति लक्ष्मण राम को टोका फंसाकर अवैध रूप से बिजली चोरी करते हुए पकड़ा गया। निरीक्षण के क्रम में टीम ने मौके पर अनियमितता पाई जिसके बाद विभागीय कार्रवाई करते हुए कुल 34,984 रुपये का जुर्माना निर्धारित किया गया। इस संबंध में विद्युत विभाग द्वारा विधि सम्मत कार्रवाई करते हुए थाना में मामला दर्ज कराया गया है। विभाग के अधिकारियों ने बताया कि बिजली चोरी के विरुद्ध आगे भी नियमित जांच अभियान चलाया जाएगा और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## साहित्य के बदलने के साथ बदलता है उसका इतिहास : प्रो. प्रभाकर सिंह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बोधगया।** समाज में परिवर्तन के साथ साहित्य के स्वरूप में भी बदलाव आता है। इस प्रकार उसके इतिहास को देखने की दृष्टियां भी बदलती जाती है। औपनिवेशिक, नवजागरण, मार्क्सवादी और सबाल्टर्न अथवा हाशिए के विमर्श जैसी प्रमुख दृष्टियों ने समय के साथ साहित्य के इतिहास को गढ़ा है। लोक का अपना इतिहास भी है जिसे मुख्य धारा में ले आना अब भी चुनौती बना हुआ है। उक्त बातें हिन्दी एवं मगही विभाग, मगध विश्वविद्यालय द्वारा गुरुवार को हिन्दी भवन के प्रेमचंद सभागार में आयोजित 'साहित्य और साहित्येतिहास का अंतर्संबंध' विषयक विशेष व्याख्यान में काशी हिंदू विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग के आचार्य प्रो. प्रभाकर सिंह ने कही। प्रभाकर जी ने गारसादतासी और ग्रियर्सन द्वारा लिखे हिन्दी साहित्य के आरंभिक एवं औपनिवेशिक इतिहासों का उल्लेख किया। रामविलास शर्मा, आचार्य रामचंद्र शुक्ल, हजारी प्रसाद द्विवेदी द्वारा नवजागरणकालीन और स्वतंत्रता आंदोलन की चेतना से प्रेरित इतिहासों को भी रेखांकित किया। मुक्तिबोध, शिवदान सिंह चौहान और नामवर सिंह के मार्क्सवादी इतिहास तथा वैश्वीकरण के दौर में ओम प्रकाश वाल्मीकि और प्रो. तुलसीराम द्वारा उल्लिखित दलित सौंदर्यशास्त्र तथा उषा राजे द्वारा रचित हिंदी साहित्य के आधा इतिहास पर भी चर्चा की। विद्यार्थियों ने एलजीबीटीक्यूप्लस विमर्शों पर सवाल किए। स्वागत वक्तव्य में डॉ. आनन्द कुमार सिंह ने प्रभाकर जी के सृजन पर प्रकाश डाला और विद्यार्थियों को प्रश्नाकुल होने को प्रेरित किया। डॉ. अनुज कुमार तरुण ने आभार ज्ञापन किया। जेआरएफ शोधार्थी सुशीला ने मंच संचालन किया। डॉ. परम प्रकाश राय, डॉ. अम्बे कुमारी, डॉ. पौलटी कुमारी के अतिरिक्त शुभम, अभिषेक, सोनाली, सोनाली कुमारी, चंदन आदि शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## छापेमारी में महुआ शराब बरामद, पिता-पुत्र गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कोंच (गया)।** आंती थाना क्षेत्र में मिली गुप्त सूचना के आधार पर ग्राम काबर में पुलिस ने छापेमारी कर 30 लीटर देसी महुआ शराब एवं करीब 100 लीटर मिट्टी में गाड़कर रखा गया गुड़-महुआ घोल बरामद किया। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार व्यक्तियों की पहचान बच्चन चौधरी उर्फ सुदर्शन चौधरी (पिता स्व. राजेंद्र चौधरी उर्फ शिवबरत चौधरी) एवं राहुल चौधरी (पिता बच्चन चौधरी उर्फ सुदर्शन चौधरी), दोनों निवासी ग्राम काबर, थाना आंती, जिला गया के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष दीपक कुमार राव ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की गई जिसमें अवैध शराब और महुआ घोल बरामद किया गया। दोनों आरोपितों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में कांड दर्ज कर गुरुवार को अग्रिम कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया गया।

## 216.480 लीटर अंग्रेजी शराब जब्त, चार तस्कर गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**गया जी।** मानपुर स्टेशन पर खड़ी गाड़ी संख्या 13545 अप आसनसोल-गया पैसेंजर में गया जंक्शन आपीएफ की टीम ने कार्रवाई करते हुते ट्रेन के विभिन्न कोचों में रखे भारी मात्रा में अवैध शराब की खेप बरामद की। आरपीएफ निरीक्षक प्रभारी बनारसी यादव के नेतृत्व में टीम गया से सड़क मार्ग से मानपुर रेलवे स्टेशन पहुंचा तथा उक्त सूचना से बिहार उत्पाद विभाग थाना गया को भी अवगत कराया। मानपुर स्टेशन पर उक्त गाड़ी के आगमन पर छापेमारी दल द्वारा गाड़ी के विभिन्न कोचों की जांच की गई। जांच के दौरान विभिन्न कोचों में चार संदिग्ध व्यक्तियों के कब्जे से 16 बैग एवं झोला में बोतलों में बन्द रखे 216.480 लीटर शराब बरामद की गई। सभी पर सेल इन झारखंड अंकित किया हुआ पाया गया। कोच में यात्रा कर रहे चार संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम व पता सुजय कुमार उम्र 23 वर्ष पिता स्वर्गीय दरोगी चौधरी पता सेखबारा थाना बोधगया जिला-गया (बिहार), प्रिंस कुमार पिता कमलेश चौधरी पता मांदिल थाना परस बीघा जिला-जहानाबाद (बिहार), राकेश कुमार उम्र 26 वर्ष पिता स्वर्गीय चंदर चौधरी पता गांधीनगर मानपुर थाना मुफस्सिल जिला गया (बिहार) और गौतम कुमार 19 वर्ष पिता राजू रविदास पता गांधीनगर मानपुर थाना मुफस्सिल जिला गया (बिहार) बताया। उक्त चारों व्यक्तियों द्वारा उक्त शराब पर दावा कर बताया कि इन शराब को लेकर बिहार में बेचने के लिए लाए हैं।

## कोंच सीएचसी में नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड्स टीम का निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोंच में गुरुवार को नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड्स टीम के विशेषज्ञों द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं एवं गुणवत्ता मानकों की व्यापक जांच की गई। निरीक्षण का उद्देश्य अस्पताल को राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित गुणवत्ता प्रमाणन दिलाना है। जांच टीम में शामिल डॉ. अनुप कुमार सिंह एवं डॉ. जयदीप अचलदी ने ओपीडी, प्रसव कक्ष, वार्ड, स्वच्छता व्यवस्था तथा अभिलेखों का गहन निरीक्षण किया। टीम ने प्रसव सुविधाओं, आपातकालीन मातृ एवं शिशु देखभाल, बाह्य रोगी विभाग में पंजीकरण प्रक्रिया, वार्ड में बेड प्रबंधन तथा साफ-सफाई की बारीकी से समीक्षा की। विशेष रूप से संक्रमण नियंत्रण के आठ प्रमुख मानकों पर जोर देते हुए टीम ने अस्पताल की व्यवस्थाओं का मूल्यांकन किया। निरीक्षण के दौरान प्रखंड प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. नदीम अख्तर एवं स्वास्थ्य प्रबंधक मोहम्मद वसीम उद्दीन मौजूद रहे। अधिकारियों ने बताया कि गुणवत्ता मानकों के अनुरूप व्यवस्थाओं को और सुदृढ़ किया जा रहा है। ताकि मरीजों को बेहतर एवं सुरक्षित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा सके।

## डोभी प्रखंड में किसान रजिस्ट्रेशन अभियान तेज, 32 प्रतिशत किसानों का हुआ पंजीकरण



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डोभी/गया जी।** डोभी प्रखंड क्षेत्र में वर्ष 2025 के अंतर्गत किसान रजिस्ट्रेशन अभियान को गति देते हुए अब तक लगभग 32 प्रतिशत किसानों का पंजीकरण किया जा चुका है। प्रखंड के सभी पंचायतों में कृषि विभाग की ओर से विशेष अभियान चलाकर किसानों को योजनाओं से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। इस अभियान के तहत कृषि समन्वयक संजय कुमार एवं उनकी टीम के द्वारा घर-घर जाकर किसानों का पंजीकरण किया जा रहा है। साथ ही विभिन्न पंचायतों में कैंप लगाकर भी किसान रजिस्ट्रेशन की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है जिससे अधिक से अधिक किसान आसानी से पंजीकरण करा सकें। कृषि विभाग के अनुसार किसान रजिस्ट्रेशन के माध्यम से किसानों को सरकारी योजनाओं, अनुदान, बीज, उर्वरक तथा कृषि संबंधी अन्य लाभ सीधे उपलब्ध कराए जाएंगे। अधिकारियों ने बताया कि शेष किसानों का पंजीकरण शीघ्र पूर्ण कराने के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा तथा किसी भी किसान को वंचित नहीं रहने दिया जाएगा। कृषि विभाग ने प्रखंड के सभी किसानों से अपील की है कि वे अपने नजदीकी कैंप या कृषि समन्वयक से संपर्क कर जल्द से जल्द किसान रजिस्ट्रेशन कराएं, ताकि उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर मिल सके।

## परोपकार और आपसी भाईचारे का संदेश देता है रमजान : डॉ. मनीष पंकज मिश्रा

### अल्पसंख्यक परिवारों को रमजान की दी गई शुभकामनाएं



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** रमजान माह के अवसर पर राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सह भाजपा नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा सहित अन्य नेताओं ने अल्पसंख्यक परिवारों को शुभकामनाएं दी है। इस अवसर पर डॉ मनीष पंकज मिश्रा ने कहा कि रमजान का पवित्र महीना इबादत, संयम, त्याग और आत्मशुद्धि का प्रतीक है। यह माह हमें मानवता, सेवा, परोपकार और आपसी भाईचारे का संदेश देता है। रमजान केवल रोजा रखने का ही नहीं, बल्कि आत्मसंयम, अनुशासन और समाज के प्रति दायित्व निभाने का भी महीना है। यह समय जरूरतमंदों की सहायता करने और समाज में सौहार्द व सद्भाव को मजबूत करने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कामना की कि यह पवित्र महीना सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली की झोली भर दे। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता ने कहा कि भारत विविधताओं का देश है और सभी धर्मों के पर्व हमें एक-दूसरे के प्रति सम्मान और प्रेम का संदेश देते हैं। रमजान का महीना सामाजिक एकता और भाईचारे को सुदृढ़ करने का अवसर है। उन्होंने सभी से अपील की कि इस पवित्र अवसर पर आपसी सद्भाव बनाए रखें और समाज में सकारात्मक वातावरण का निर्माण करें। बधाई देने वालों में राणा रणजीत सिंह, विजय प्रसाद गुप्ता उर्फ काला नाग, संतोष ठाकुर, गोपाल प्रसाद यादव, महेश यादव, मंटू कुमार, डॉक्टर अशोक, सुनील कुमार मिश्रा, वेदव्यास पांडे, संतोष कुमार, सुधीर कुमार, सुनील मिश्रा, दीपक पांडे, आकाश कुमार सहित अन्य शामिल हैं।

## अनुमंडल आपूर्ति अनुश्रवण समिति की बैठक में खाद्यान्न वितरण व राशन कार्ड पर चर्चा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**शेरघाटी।** अनुमंडल कार्यालय के सभागार भवन में गुरुवार को अनुमंडल पदाधिकारी सह अध्यक्ष अनुमंडल अनुश्रवण समिति (आपूर्ति) मनीष कुमार की अध्यक्षता में अनुमंडल आपूर्ति अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में गया सांसद प्रतिनिधि, विधायक प्रतिनिधि, जिला परिषद उपाध्यक्ष गया, सभी प्रखंड प्रमुख, जिला परिषद सदस्य तथा आपूर्ति विभाग से जुड़े पदाधिकारी और कर्मी उपस्थित रहे।
बैठक के दौरान खाद्यान्न के नियमित उठाव एवं पारदर्शी वितरण की व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा की गई। जन वितरण प्रणाली को और सुदृढ़ बनाने तथा लाभुकों तक समय पर अनाज पहुंचाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इसके साथ ही नए राशन कार्ड के निर्गमण की प्रक्रिया को सरल और तेज करने पर भी विचार-विमर्श हुआ, ताकि पात्र लाभार्थियों को शीघ्र लाभ मिल सके। गैस एजेंसी से संबंधित समस्याओं, आपूर्ति में अनियमितता तथा उपभोक्ताओं की शिकायतों पर भी सदस्यों ने अपने सुझाव रखे। अध्यक्ष मनीष कुमार ने आश्वस्त किया कि बैठक में उठाए गए सभी मुद्दों पर सकारात्मक कार्रवाई करते हुए शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनहित से जुड़े मामलों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और पारदर्शिता के साथ कार्य किया जाएगा।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई. निविदा सूचना**

**ई–निविदा नोटिस सं०–61 ऑफ 2025–26/ खुला/ इंजीनियरिंग, डीडीयू**

मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग/डीडीयू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकि दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ–साथ उन ठेकेदारो से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑन लाईन (ई–निविदा) आमंत्रित की जाती है।
**निविदा सं०–34–डीडीयू–व०मं०इंजी०–I–25–26, कार्य का नाम एवं लोकेशन :** पं. दीन दयाल उपाध्याय डिवीजन – वरीय मंडल इंजीनियर/I/डीडीयू के तहत सेस मरम्मत कार्य–36.01 ट्रैक किलोमीटर। **कार्य का अनुमानित लागत :** ₹ 114252213.38, **धरोहर राशि :** ₹ 721300.00, **ई–निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय :** 11.03.2026 को 12:00 बजे तक। **वेबसाईट पर ई–निविदा की विस्तृत जानकारी : www.ireps.gov.in नोट :** विवाद की स्थिति में अंग्रजी पाठ मान्य होगा।

**मंडल रेल प्रबन्धक, पं० दीन दयाल उपाध्याय**
**पीआर/1813/डी०डी०यू०/ईएनजीजी/टी/25–26/32**



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा**
**सहिजना मोड़, गढ़वा (झारखण्ड) पिन नं0 822114**
**Email : eedwsd.garhwa1@gmail.com**

**आम सूचना, (प्रेस विज्ञप्ति)**

**ग्रीष्मकालीन बंद नलकूपों के मरम्मति हेतु आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा गढ़वा जिला के सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आसन्न गर्मी को देखते हुए जिला अन्तर्गत विभिन्न प्रखण्डों में अवस्थित बन्द नलकूपों के साधारण मरम्मति कार्य हेतु शिकायतों को दर्ज करने के लिए प्रमण्डलीय (जिला स्तरीय) तथा अवर प्रमण्डलीय स्तर पर नियंत्रण कक्ष (Control Room) की स्थापना की गई है। नियंत्रण कक्ष में कार्यरत प्रभारी पदाधिकारियों के दूरभाष नं0 पर अपनी पेयजल समस्याओं/शिकायतों को अंकित कराया जा सकता है। ताकि त्वरित कार्रवाई करते हुए शिकायतानुसार बन्द नलकूपों की मरम्मति कर चालू कराया जा सके। संधारित नियंत्रण कक्ष का ब्योरा निम्नांकित रूप से प्रशारित किया जा रहा है :–

**(1) राज्य स्तर पर स्पादित नियंत्रण कक्ष का टोल फी नं0 18003456502**
**(2) प्रमंडल स्तर पर नियंत्रण कक्ष हेतु कर्मी का नाम एवं दूरभाष संख्या :–**

| क0सं0 | कार्यरत पदाधिकारी/कर्मी का नाम/पदनाम | अपेक्षित प्रखण्ड | मोबाईल नम्बर | शिकायत का समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री कृष्ण देव यादव, प्राक्कलक | जिला के सभी प्रखण्ड | 9936892535 | कार्यालय अवधि में |
| 2 | श्री मंगल राम, उच्चवर्गीय लिपिक | " | 6206117078 | " |
| 3 | श्री उपेन्द्र प्रसाद पंडित, निम्नवर्गीय लिपिक | " | 9931557072 | " |
| 4 | श्री रंजन कुमार, कम्प्यूटर ऑपरेटर | " | 6204854087 | " |
| 5 | श्री श्याम राम, कम्प्यूटर ऑपरेटर | " | 7209368126 | " |

(3) अवर प्रमंडल स्तर पर नियंत्रण कक्ष के कर्मी का नाम एवं दूरभाष संख्या :–

| क0 सं0 | कार्यरत कर्मी का नाम/पदनाम | अपेक्षित प्रखण्ड | मोबाईल नम्बर | शिकायत का समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री उज्जवल कुमार, निम्नवर्गीय लिपिक (अवर प्र0 01 एवं 02 हेतु) | गढ़वा, डंडा, रंका, रमकण्डा, चिनियां, मेराल, डंडई, मझिऑव, बरडीहा, कांडी, भण्डरिया एवं बड़गड़ | 9693358878 | कार्यालय अवधि में |
| 2 | श्री रमेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, कार्यालय चपरासी (अवर प्रमंडल, नगर उंटारी हेतु) | नगर उॅटारी, रमना, विशुनपुरा, भवनाथपुर, केतार, खरौन्धी, धुरकी एवं सगमा | 9939568084 | " |

(4) अवर प्रमंडल स्तर पर नियंत्रण कक्ष अभियंता का नाम एवं दूरभाष संख्या :–

| क्र0 | प्रभारी का नाम/पदनाम | मोबाईल नं0 | प्रशाखा का नाम | प्रखण्ड का नाम | पदस्थापित कनीय अभियंता का नाम | मोबाईल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री राज कुमार, सहायक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमण्डल, गढ़वा संख्या 01 | 8797237711 | गढ़वा (ग्रा0) | गढ़वा एवं डंडा | धर्मेन्द्र प्रसाद मेहता | 9110019117 |
| | | | रंका | रंका, रमकण्डा एवं चिनियां (अतिरिक्त प्रभार) | श्री अंकित कुमार | 7504492764 |
| | | | गढ़वा (शहरी) | गढ़वा शहरी क्षेत्र, जलापूर्ति योजना | | |
| 2. | मो0 शहनवाज आलम सहायक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमण्डल संख्या 02, गढ़वा | 8757494972 | मेराल | मेराल एवं डंडई | श्री नकुल सिंह | 9250126291 |
| | | | मझिऑव | मझिऑव, बरडीहा एवं काण्डी (अतिरिक्त प्रभार) | श्री कृष्ण देव यादव | 9936892535 |
| | | | भण्डरिया | भण्डरिया एवं बड़गड़ | श्री अमर राज | 8340672613 |
| 3. | श्री राजेश कुमार, सहायक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अवर नगर उॅटारी। | 9661394979 | नगर उॅटारी | नगर उॅटारी, रमना एवं विशुनपुरा | शिवानन्द बेदिया | 8789470296 |
| | | | भवनाथपुर | भवनाथपुर, केतार एवं खरौन्धी | मनन्त कुमार सिंह | 9470972510 |
| | | | धुरकी | धुरकी एवं सगमा | श्री अजित रंजन | 7764051098 |

उपर्युक्त स्थापित नियंत्रण कक्ष (Control Room) के अलावे आम नागरिक अपनी पेयजल/नलकूप मरम्मति संबंधी समस्याओं को अंकित करने हेतु प्रखंड स्तर पर भी संधारित शिकायत पंजी का उपयोग कर सकते हैं, जिसके संदर्भ में निम्नांकित निर्देश सभी कनीय अभियंता/सभी सहायक अभियंता को अनुदेशित है:–

1 सभी कनीय अभियंता को निर्देश है कि अपने–अपने प्रखंडों में एक–एक शिकायत पंजी को संधारित कर प्रखंड कार्यालय में रखना सुनिश्चित करेंगे।
2 सहायक अभियंता नलकूप मरम्मति गैंगों का गठन कर प्रमंडलीय कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।
3 सभी कनीय अभियंता/नलकूप मरम्मति गैंगों का यह दायित्व होगा कि प्रखंड कार्यालय मे संधारित शिकायत पंजी में दर्ज शिकायतों को प्राप्त कर पेयजल संबंधी शिकायतों को दूर करना सुनिश्चित करेंगे।
4. नियंत्रण कक्ष के प्रभारी/नोडल पदाधिकारी उनके मोबाईल नम्बरों पर प्रतिदिन नलकूप मरम्मति हेतु प्राप्त शिकायतों को नलकूप मरम्मति गैंग को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

"जल जीवन के अमृत है, इसके एक–एक बूॅद का सदुपयोग करें, अनावश्यक वर्बाद न करें"

**कार्यपालक अभियंता**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा**

PR 373342 Drinking Water and Sanitation(25-26)#D

संपादकीय

# एनसीपी : विलय पर विराम?

लगता है अजित पवार के निधन के बाद राष्ट्रवादी कांग्रेस (एनसीपी) के दोनो धड़ों के बीच विलय की चर्चाओं पर अब लंबा विराम लग गया है। कहा तो यह भी जा रहा है कि विलय की चर्चाएं रद्द ही हो गई हैं। अजित पवार के रहते आपस में विलय की बात काफी हद तक आगे बढ़ गई थी। लेकिन ताजा घटनाक्रम का साफ संकेत है कि कुछ लोग अपने राजनीतिक स्वार्थों के मद्देनजर ऐसा नहीं चाहते। इसका सबसे बड़ा प्रमाण अजित पवार के भतीजे रोहित पवार द्वारा चाचा की विमान हादसे में मौत को संदिग्ध बताते हुए इसकी जांच की मांग है। जबकि स्वयं अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार ने ऐसी कोई मांग अभी तक नहीं की है। रोहित का निशाना असल में सुनेत्रा के सलाहकारों पर हैं। ऐसे में अगर दोनो धड़ों की बात हो भी रही होगी तो उस पर विराम लग गया है। इस बात इशारा इससे भी मिलता है कि एनसीपी (अजित पवार) ने विधायकों के बयान देने पर सख्त प्रतिबंध लगा दिया है। चर्चा है कि सुनेत्रा पवार को 26 फरवरी को पार्टी का अगला अध्यक्ष चुना जा सकता है। एनसीपी अजित पवार गुट के नेतृत्व ने अपने विधायकों पर सख्त 'गैग ऑर्डर' (मौन आदेश) जारी कर दिया है। यानी फिलहाल दोनों एनसीपी गुटों का विलय संभव नहीं है। यह निर्देश सोमवार को उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार के आधिकारिक निवास 'देवगिरि' में विधायकों की बैठक में जारी किया गया। बैठक में पार्टी ने यह भी औपचारिक रूप से तय किया कि दिवंगत पार्टी प्रमुख अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार को अगला एनसीपी राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना जाएगा। कोर कमेटी की बैठक में सभी विधायकों ने हाथ उठाकर इस प्रस्ताव का समर्थन किया। पार्टी के अंदरूनी सूत्रों के अनुसार नेतृत्व यह जानना चाहता है कि कुछ विधायकों द्वारा एनसीपी (एसपी) के साथ विलय की मांग क्यों की जा रही है। क्या यह बाहरी प्रभावों से प्रेरित है या विधायकों की अपनी मान्यता है कि विलय से उनके क्षेत्रों में स्थिति मजबूत होगी? हाल ही में इस बात के संकेत मिले थे कि अगर विलय नहीं होता है तो कुछ विधायक बीजेपी में शामिल हो सकते हैं। शायद इसे रोकने के लिए विलय की चर्चाओं पर रोक लगाई गई है। इसकी वजह पार्टी नेतृत्व को फिलहाल विलय की कोई आवश्यकता नहीं दिख रही। कुछ एनसीपी विधायकों जैसे नरहरी झिरवाल, अनिल पाटिल और हाल ही में हिरामण खोसकर ने सार्वजनिक रूप से दोनों गुटों के विलय की बात की है। खोसकर ने तो दावा किया था कि 30 से 35 विधायक विलय के पक्ष में हैं। उन्होंने कहा था कि अगली बैठक में वह इस मुद्दे को उठाएंगे। हालांकि, सोमवार की बैठक में खोसकर व्यक्तिगत कारणों से अनुपस्थित रहे।

राज्य एनसीपी अध्यक्ष सुनील तटकरे ने पहले कहा कि बैठक में विलय पर कोई चर्चा नहीं हुई। खोसकर के बयान पर उन्होंने कहा, 'वे आज व्यक्तिगत कारणों से बैठक में नहीं आए। लेकिन सभी विधायकों ने तय किया है कि पार्टी नेतृत्व विलय पर उचित निर्णय लेगा। इस बीच, पार्टी ने मंत्री नरहरी झिरवाल का समर्थन करने का फैसला किया है, जो उनके कार्यालय के एक क्लर्क के रिश्वत लेते पकड़े जाने के बाद विवाद में हैं। एक सूत्र ने कहा, 'पार्टी उनके साथ खड़ी रहेगी जब तक उनके खिलाफ कोई प्रत्यक्ष सबूत नहीं मिलता।' सूत्र ने बताया कि धनंजय मुंडे और माणिकराव कोकाटे जैसे दो अन्य मंत्रियों के इस्तीफे के बाद एक और प्रभावशाली नेता को अलग-थलग करना नुकसानदायक होगा। दरअसल पार्टी को असली डर भाजपा से है। उसे लगता है कि बीजेपी अकेले सत्ता में आने के लिए एनसीपी में भी सेंध लगा सकती है।

# सत्य बनाम कृत्रिमता : एआई युग की सबसे बड़ी चुनौती

**जब से दुनिया में मानव आया है तब से अपनी आवश्यकताओं के अनुसार नई नई खोजें करते रहा है। इसी क्रम में एआई के रूप में वैज्ञानिकों ने एआई के रूप में एक ऐसी खोज की है, जिसने मनुष्य के कार्यो को आसान कर दिया है। एआई ने हमारे जिंदगी ने तीव्रता ला कर चार चांद लगा दिए हैं। तकनीक ने जहाँ सुविधाओं के द्वार खोले हैं, वहीं सत्य, विश्वास और नैतिकता के सामने नई चुनौतियाँ भी खड़ी कर दी हैं। डीपफेक और डिजिटल भ्रम ने वास्तविकता और कल्पना के बीच की रेखा को धुंधला कर दिया है। ऐसे समय में यह आवश्यक हो गया है कि हम तकनीक की शक्ति को समझें, उसकी सीमाएँ पहचानें और मानव मूल्यों के साथ उसकी जिम्मेदारी को भी स्वीकार करें। एआई ने न केवल हमारी सोच और कार्यशैली को बदला है, बल्कि सूचना के निर्माण, प्रसार और उपभोग की प्रक्रिया को भी पूरी तरह रूपांतरित कर दिया है।**

**नृपेन्द्र अभिषेक नृप**

आज के दौर में हम देख रहे हैं कि तस्वीरें, आवाजें, वीडियो, लेख, संवाद और डिजिटल सामग्री इतनी तेज़ी और सटीकता से तैयार हो रही हैं कि मानव की कल्पना और क्षमता भी कई बार पीछे छूट जाती है। एआई ने शिक्षा, शोध, कला, विज्ञान, चिकित्सा, पत्रकारिता और संचार जैसे क्षेत्रों में नई संभावनाओं के द्वार खोल दिए हैं। परंतु इस तकनीकी क्रांति के साथ-साथ कुछ गंभीर चुनौतियाँ भी सामने आई हैं, जिनमें डीपफेक, झूठी सूचनाएँ और डिजिटल धोखाधड़ी प्रमुख हैं। यही कारण है कि आज एआई के उपयोग को केवल तकनीकी दृष्टि से नहीं, बल्कि नैतिक, सामाजिक और कानूनी दृष्टिकोण से भी समझना और नियंत्रित करना अत्यंत आवश्यक हो गया है।

डीपफेक तकनीक एआई के आधुनिक और जटिल प्रयोग के रूप में जाना जाता है। इस तकनीक के माध्यम से किसी भी व्यक्ति के चेहरे, आवाज या भाव-भंगिमा को इस प्रकार बदला जा सकता है कि वह पूरी तरह वास्तविक प्रतीत हो। शुरू में डीपफेक का प्रयोग मनोरंजन, फिल्म निर्माण और रचनात्मक प्रयोगों तक सीमित था, लेकिन धीरे-धीरे इसका दुरुपयोग बढ़ने लगा। राजनीतिक प्रचार, सामाजिक विद्वेष, आर्थिक धोखाधड़ी, व्यक्तिगत बदनामी और निजी जीवन में हस्तक्षेप जैसे क्षेत्रों में डीपफेक का उपयोग होने लगा है। इसके परिणामस्वरूप सत्य और असत्य के बीच की सीमा धुंधली होती जा रही है और डिजिटल दुनिया में विश्वास की नींव कमजोर पड़ती जा रही है। जब कोई व्यक्ति यह तय नहीं कर पाता कि जो वह देख रहा है या सुन रहा है, वह वास्तविक है या कृत्रिम, तब समाज में भ्रम और असुरक्षा की भावना जन्म लेती है।



भारत जैसे लोकतांत्रिक देश के लिए यह समस्या और भी गंभीर हो जाती है। लोकतंत्र की आधारशिला सत्य, पारदर्शिता और नागरिकों के विश्वास पर टिकी होती है। यदि डिजिटल माध्यमों पर प्रसारित होने वाली सूचनाएँ संदिग्ध और अविश्वसनीय हो जाएँ, तो समाज में अफवाहें फैल सकती हैं, लोगों के बीच अविश्वास बढ़ सकता है और सामाजिक सौहार्द्र प्रभावित हो सकता है। यही कारण है कि भारतीय सरकार ने एआई और डीपफेक से संबंधित नियमों को और अधिक सख्त बनाने का निर्णय लिया है। सूचना प्रौद्योगिकी से जुड़े नियमों में संशोधन कर एआई-निर्मित सामग्री की स्पष्ट परिभाषा तय की गई है। इसके साथ ही सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स की जिम्मेदारी भी बढ़ाई गई है, ताकि गलत, भ्रामक और हानिकारक सामग्री को समय रहते हटाया जा सके और डिजिटल वातावरण को सुरक्षित बनाया जा सके।

हाल ही में सरकार द्वारा जारी नए नियमों के अनुसार, यदि कोई सामग्री एआई द्वारा निर्मित या परिवर्तित की गई है, तो उसकी स्पष्ट पहचान देना आवश्यक होगा। उपयोगकर्ताओं को पोस्ट करते समय यह बताना होगा कि सामग्री का स्रोत क्या है और क्या वह कृत्रिम रूप से बनाई गई है। डिजिटल प्लेटफॉर्म्स को तकनीकी साधनों की सहायता से सूचना की सत्यता की जाँच करनी होगी। इससे डिजिटल दुनिया में पारदर्शिता बढ़ेगी और नागरिकों को सत्य और असत्य के बीच अंतर करने की क्षमता प्राप्त होगी। इसके अतिरिक्त, किसी भी हानिकारक या भ्रामक सामग्री को तुरंत हटाने की जिम्मेदारी भी प्लेटफॉर्म्स पर डाली गई है। इससे न केवल उपयोगकर्ता, बल्कि डिजिटल माध्यम भी कानूनी रूप से उत्तरदायी बनेंगे और उन्हें अपनी भूमिका को अधिक गंभीरता से निभाना होगा।

एआई के नियमन का मुख्य उद्देश्य तकनीकी प्रगति को रोकना नहीं, बल्कि उसे सही दिशा देना है। एआई मानव जीवन को सरल, सुविधाजनक और प्रभावी बनाने का एक महत्वपूर्ण साधन है, किंतु यह मानव मूल्यों के विरुद्ध न जाए, इसका ध्यान रखना अत्यंत आवश्यक है। पारदर्शिता, उत्तरदायित्व, मानवीय गरिमा, व्यक्तिगत स्वतंत्रता और सामाजिक समरसता जैसे मूल्यों की रक्षा करते हुए एआई का विकास होना चाहिए। इसी उद्देश्य से भारत ने एआई के लिए स्वतंत्र दिशानिर्देश तैयार किए हैं, जिनमें सुरक्षित, समावेशी और जिम्मेदार एआई उपयोग पर विशेष जोर दिया गया है। यह प्रयास इस बात का संकेत है कि तकनीकी विकास के साथ-साथ मानवीय और सामाजिक मूल्यों की रक्षा भी उतनी ही महत्वपूर्ण है।

लेकिन सच कहें तो इसके समाधान के लिए केवल कानून और नियम ही पर्याप्त नहीं हैं। डिजिटल साक्षरता और नागरिकों की जागरूकता भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। आज के डिजिटल युग में प्रत्येक व्यक्ति को यह समझना आवश्यक है कि वह जिस जानकारी को देख रहा है, पढ़ रहा है या साझा कर रहा है, वह कितनी विश्वसनीय है। सामान्य नागरिकों को भी एआई-निर्मित सामग्री को पहचानने की क्षमता विकसित करनी होगी। किसी भी सूचना को स्वीकार करने से पहले उसके स्रोत, संदर्भ और सत्यता की जाँच करना आवश्यक है। इसके साथ ही शिक्षा संस्थानों, मीडिया और सामाजिक संगठनों को डिजिटल नैतिकता के विषय में जनजागरण करना चाहिए। क्योंकि डिजिटल दुनिया का प्रत्येक नागरिक केवल सूचना का उपभोक्ता नहीं, बल्कि उसका निर्माता और प्रसारक भी है। यदि नागरिक स्वयं जागरूक होंगे, तो डिजिटल दुनिया में झूठ और भ्रम का प्रभाव स्वतः कम हो जाएगा।

इस परिस्थिति में एआई और डीपफेक के लिए नैतिकता का काफी महत्व है। तकनीक जितनी शक्तिशाली होती है, उसकी जिम्मेदारी भी उतनी ही बढ़ जाती है। एआई विकसित करने वाले वैज्ञानिकों, तकनीकी विशेषज्ञों, कंपनियों और संस्थाओं को नैतिक मूल्यों को ध्यान में रखकर ही तकनीक का उपयोग करना चाहिए। यदि लाभ, प्रसिद्धि या सत्ता की लालसा में एआई का दुरुपयोग किया गया, तो समाज को उसकी भारी कीमत चुकानी पड़ सकती है। इसलिए एआई के विकास में मानवीय संवेदनशीलता और सामाजिक उत्तरदायित्व के बीच संतुलन बनाए रखना अनिवार्य है। तकनीक को केवल लाभ का साधन नहीं, बल्कि मानव कल्याण का माध्यम बनाना ही आधुनिक समाज की सबसे बड़ी चुनौती है।

आज की डिजिटल दुनिया केवल तकनीक की दुनिया नहीं, बल्कि विश्वास की दुनिया भी है। यदि विश्वास समाप्त हो गया, तो तकनीकी प्रगति भी अर्थहीन हो जाएगी। इसलिए एआई और डीपफेक की चुनौतियों का सामना करने के लिए सरकार, डिजिटल प्लेटफॉर्म्स, तकनीकी विशेषज्ञों और नागरिकों को मिलकर प्रयास करना होगा। नियम, नैतिकता और जागरूकता, इन तीन स्तंभों पर आधारित डिजिटल व्यवस्था का निर्माण किया गया, तो एआई मानवता के लिए वरदान सिद्ध हो सकती है। जब तकनीक और मानव मूल्य एक साथ आगे बढ़ेंगे, तभी डिजिटल दुनिया सुरक्षित और विश्वसनीय बन सकेगी। वास्तव में एआई आधुनिक युग की अपरिहार्य वास्तविकता है। इसकी प्रगति को रोका नहीं जा सकता और न ही ऐसा करना आवश्यक है। किंतु इसके उपयोग को दिशा देना, सीमाएँ निर्धारित करना और मानव मूल्यों की परिधि में रखना अत्यंत आवश्यक है।

अध्यात्म

## लोगों से अच्छा व्यवहार चाहिए तो वाणी को मधुर बना लेना



संस्कृत साहित्य की यह चर्चित कथा है। एक बार वसंत ऋतु में एक कोयल वृक्ष पर बैठी कूक रही थी। आते-जाते लोग उसकी कूक को सुनते और उसकी सुरीली आवाज का आनंद लेते हुए उसकी तारीफ के पुल बांधते। कुछ देर बाद कोयल के सामने एक कौआ तेज गति से आया।

कौए ने उत्तर दियाः कि वह जरा जल्दी में है और देश को छोड़कर परदेस जा रहा है। कोयल ने इसका कारण पूछा तो कौआ बोलाः यहां के लोग बहुत खराब हैं। सब तुम्हें ही चाहते हैं। सभी लोग सिर्फ तुम्हारा आदर करते हैं। वह यही चाहते हैं कि तुम हमेशा की तरह इसी प्रकार से उनके क्षेत्र में गाती रहो। वहीं जहां तक मेरी बात है तो मुझे कोई देखना तक नहीं चाहता। यहां तक कि मैं किसी की मुंडेर पर बैठता हूं तो मुझे कंकड़ मारकर वहां से भगा दिया जाता है। मेरी आवाज भी कोई नहीं सुनना चाहता। जहां मेरा अपमान हो, मैं ऐसे स्थान पर एक क्षण भी नहीं रहना चाहता। ज्ञानियों ने भी हमें यही शिक्षा दी है कि अपमान की जगह पर नहीं रहना चाहिए।

यह सुनकर कोयल बोलीः परदेस जाना चाहते हो तो बड़े शौक से जाओ। यह पूरी तरह से तुम्हारी इच्छा पर निर्भर है। लेकिन एक बात का सदैव ध्यान रखना कि वहां जाने से पहले अपनी आवाज को बदल लेना। अपनी वाणी को मधुर बना लेना। यदि तुम्हारी वाणी ठीक वैसी ही कठोर रही, जैसी यहां पर है तो परदेस में भी लोग तुम्हारे साथ वही व्यवहार करेंगे जो अभी हो रहा है।

संसार जो है, जैसा भी है, उसे बदला नहीं जा सकता। लेकिन हम अपनी दृष्टि और वाणी को बदल सकते हैं। इन दोनों के बदलने से जीवन की दिशा और दशा, दोनों बदल जाती है और यहीं से संसार में आनंद और सुख की प्राप्ति शुरू होती है।

# एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ता मध्य प्रदेश

**मध्यप्रदेश आज एक ऐसे परिवर्तनकारी दौर से गुजर रहा है, जहाँ विकास नारा न होकर धरातल पर उतरती हुई वास्तविकता बन चुका है। राज्य की आर्थिक गति, औद्योगिक विस्तार, कृषि समृद्धि और रोजगार सृजन की दिशा में हो रहे सतत प्रयासों ने इसे देश के तेजी से उभरते राज्यों की श्रेणी में खड़ा कर दिया है। इस परिवर्तन के केंद्र में हैं डॉ. मोहन यादव, जिनके नेतृत्व में मध्यप्रदेश आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर और सशक्त बनने की दिशा में मजबूती से आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का स्पष्ट मानना है कि राज्य का विकास देश के समग्र विकास से जुड़ा हुआ है। वे अक्सर कहते हैं कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत नई ऊँचाइयों को छू रहा है और इसी दिशा में मध्यप्रदेश भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए तैयार है।**

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

विकसित भारत@2047 के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए राज्य ने एक व्यापक दृष्टिपत्र तैयार किया है, जिसमें आने वाले 25 वर्षों में प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का संकल्प लिया गया है।पिछले कुछ वर्षों में एक तरह से देखें तो जिस गति से आर्थिक प्रगति की है, वह प्रेरणादायक है। प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय वर्तमान में लगभग 1 लाख 55 हजार रुपये तक पहुंच चुकी है, जिसे अगले 25 वर्षों में 22 लाख 50 हजार रुपये तक ले जाने का लक्ष्य रखा गया है, जिसे व्यापक औद्योगिक निवेश, कृषि उत्पादन और सेवा क्षेत्र के विस्तार से हासिल किया जाएगा।

राज्य सरकार ने औद्योगिक निवेश को आकर्षित करने के लिए 18 नई औद्योगिक नीतियां लागू की हैं। इन नीतियों का उद्देश्य बड़े शहरों के साथ ही छोटे और दूरस्थ क्षेत्रों तक उद्योगों को पहुँचाना है। इसके लिए संभागीय स्तर पर अलग-अलग सेक्टरों पर केंद्रित रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव आयोजित किए जा रहे हैं, जिनका सकारात्मक परिणाम अब दिखाई देने लगा है।

मप्र में तेजी से बढ़ते उद्योगों और निवेश के कारण रोजगार के नए अवसर लगातार पैदा हो रहे हैं। राज्य सरकार का लक्ष्य है कि प्रदेश का युवा रोजगार देने वाला बने। इसी उद्देश्य से स्वरोजगार और युवा उद्यमिता को प्रोत्साहित करने के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं। यही कारण है कि वर्तमान में प्रदेश की बेरोजगारी दर मात्र 1 से 1.5 प्रतिशत के बीच रह गई है, जोकि देश के कई राज्यों की तुलना में काफी कम है। इसका सीधा संबंध उद्योगों के विस्तार, एमएसएमई सेक्टर की मजबूती और कृषि आधारित रोजगार से है।

वस्तुतः यहां देखने में यह भी आ रहा है, जैसा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव का स्पष्ट मानना भी है कि एमएसएमई क्षेत्र राज्य के औद्योगिक विकास की बैकबोन है। छोटे और कुटीर उद्योगों को बढ़ावा देकर ही व्यापक स्तर पर रोजगार सृजित किया जा सकता है। यही कारण है कि राज्य सरकार एमएसएमई और लघु उद्योगों को विशेष अनुदान, कर में रियायत और आसान ऋण सुविधा उपलब्ध करा रही है। औद्योगिकरण को विशेष रूप से जनजाति और पिछड़े क्षेत्रों तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। कटनी और शहडोल जैसे क्षेत्रों में माइनिंग सेक्टर में निवेश बढ़ा है, वहीं नर्मदापुरम के बाबई-मोहासा क्षेत्र में इलेक्ट्रिकल इक्विपमेंट्स के निर्माण के लिए औद्योगिक क्षेत्र विकसित किया जा रहा है। यही कारण है कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में मिले लगभग 30 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों में से करीब 8 लाख करोड़ रुपये के प्रस्ताव धरातल पर उतर चुके हैं। इससे यह स्पष्ट होता है कि निवेशकों का भरोसा मध्यप्रदेश की नीतियों और वातावरण पर लगातार बढ़ रहा है।



मध्यप्रदेश लंबे समय से कृषि क्षेत्र में अग्रणी रहा है और सरकार इसे और सशक्त बनाने के लिए लगातार काम कर रही है। कृषक कल्याण वर्ष के तहत किसानों को आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाने का संकल्प लिया गया है। कृषि उत्पादन के साथ-साथ फूड प्रोसेसिंग और पशुपालन को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। दूध उत्पादन को 9 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत तक ले जाने का लक्ष्य रखा गया है। सिंचाई के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय प्रगति हुई है। पिछले डेढ़ साल में ही 7.5 लाख हेक्टेयर सिंचाई रकबा बढ़ाया गया है और इसे 100 लाख हेक्टेयर तक पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। नर्मदा का जल क्षिप्रा नदी में पहुंचने से मालवा क्षेत्र के किसानों को विशेष लाभ मिला है।

इसके साथ ही नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में भी मध्यप्रदेश तेजी से आगे बढ़ रहा है। राज्य देश में तीसरे स्थान पर पहुंच चुका है। मुरैना में उत्तर प्रदेश के साथ मिलकर एक बड़ा सोलर प्रोजेक्ट स्थापित किया जा रहा है, जिससे दोनों राज्यों को बिजली का लाभ मिलेगा। किसानों को सोलर पंप देकर ऊर्जा के मामले में आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। मंदसौर के गांधी सागर बांध में पंप स्टोरेज प्रोजेक्ट की स्थापना भी राज्य की ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। यह सब प्रयास पर्यावरण संरक्षण के साथ आर्थिक विकास को भी गति दे रहे हैं।

औद्योगिक गतिविधियों के बढ़ने के साथ भविष्य में कुशल श्रमिकों की मांग भी बढ़ेगी। इसे ध्यान में रखते हुए शिक्षा नीति 2020 के तहत युवाओं के कौशल उन्नयन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इंजीनियरिंग कॉलेजों में आईटी सेंटर खोले जा रहे हैं और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे आधुनिक तकनीकी क्षेत्रों में प्रशिक्षण की व्यवस्था की जा रही है। सरकार तकनीक को चुनौती नहीं, बल्कि अवसर के रूप में देख रही है और युवाओं को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

प्रधानमंत्री मोदी की मंशा के अनुरूप महिला सशक्तिकरण की दिशा में भी ठोस काम मध्यप्रदेश में मोहन सरकार के नेतृत्व में होता हुआ इन दिनों बड़े स्तर पर देखा जा सकता है। प्रदेश के एक लाख से अधिक स्वसहायता समूहों को बाजार और तकनीकी सहायता दी जा रही है। उद्योगों में महिलाओं को 48 प्रतिशत तक अनुदान दिया जा रहा है और उनके लिए विशेष औद्योगिक क्षेत्र बनाए जा रहे हैं। वहीं धार्मिक पर्यटन को नई गति देने के लिए होम-स्टे जैसी योजनाओं को बढ़ावा दिया गया है। इससे एक ओर पर्यटकों को बेहतर सुविधा मिल रही है, तो दूसरी ओर ग्रामीणों को रोजगार के नए अवसर प्राप्त हो रहे हैं। पर्यटन आधारित अर्थव्यवस्था ग्रामीण क्षेत्रों में समृद्धि का नया मार्ग खोल रही है, महिला सशक्तिकरण की इसमें बड़ी भूमिका है। राज्य ने विकास के साथ-साथ सुरक्षा के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। अमित शाह के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सहयोग से मध्यप्रदेश नक्सलवाद से लगभग मुक्त होने वाला राज्य बन गया है। यह उपलब्धि विकास के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करने में अहम भूमिका निभा रही है। ऐसे में कहना यही होगा कि आज डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश ने यह दिखा दिया है कि सही नीतियों, स्पष्ट दृष्टि और मजबूत इच्छाशक्ति के साथ किसी भी राज्य को विकास के नए शिखर तक पहुंचाया जा सकता है। जब विदेशी कंपनियां भी यहां निवेश करने के लिए उत्साहित हैं, युवा उद्यमिता की ओर बढ़ रहे हैं और किसानों की आय बढ़ाने के प्रयास सफल हो रहे हैं, तब यही कहना होगा कि मध्यप्रदेश एक नए औद्योगिक और आर्थिक युग की दहलीज पर खड़ा है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
फालतू बातों में अपना समय बर्बाद न करें। वैवाहिक जीवन सुखद रहेगा। दिखावे पर अधिक खर्च करना उचित नहीं है। कानूनी विवादों को लेकर सावधानी रखें।

**वृषभ**
धन के मामले में अत्यन्त भाग्यशाली रहेंगे। परिजनों की सेहत की चिन्ता हो सकती है। जिम्मेदारियों के बीच स्वयं के लिये समय अवश्य निकालें।

**मिथुन**
कार्यक्षेत्र में प्रतिस्पर्धा का वातावरण रहेगा। आज छोटी दूरी की थकावटी यात्रा हो सकती है। विलासिता के संसाधनों पर धन खर्च करेंगे।

**कर्क**
आज घर में मेहमानों का आना-जाना लगा रहेगा। अपनी कार्यशैली में परिवर्तन कर सकते हैं। परिवार को लेकर आप कुछ योजना बना सकते हैं।

**सिंह**
अपने विचारों को सकारात्मक बनाये रखें। बुरी संगत के कारण आपको नुकसान हो सकता है। अधीनस्थ कर्मचारियों से अपने सम्बन्ध अच्छे रखें।

**कन्या**
आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। कारोबार में वृद्धि होने की सम्भावना है। परिजनों के प्रति थोड़े चिन्तित रहेंगे। सुख के साधनों पर आप धन खर्च करेंगे।

**तुला**
परिवार में किसी महत्वपूर्ण मुद्दे पर चर्चा होगी। सरकारी नौकरी कर रहे लोगों के लिये दिन बहुत अच्छा है। आपके मस्तिष्क में नये रचनात्मक विचार उत्पन्न होंगे।

**वृश्चिक**
विदेश में रहने वाले परिजनों की चिन्ता हो सकती है। बुखार और शारीरिक कमजोरी महसूस होगी। कार्यक्षेत्र में परिस्थितियाँ अनुकूल रहेंगी।

**धनु**
आज आपका मन किसी कारण अप्रसन्न रहेगा। उच्च शिक्षा में बाधाओं का सामना करना पड़ेगा। अटका हुआ धन वापस मिलने में कठिनाई होगी। मेहनत का उत्तम परिणाम नहीं मिलेगा।

**मकर**
पारिवारिक सम्बन्धों की कटुता दूर होगी। पार्टनरशिप में किये गये व्यवसाय से आपको लाभ होगा। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि हो सकती है। जॉब में आपका प्रभाव बढ़ेगा।

**कुंभ**
मांगलिक कार्यक्रमों की योजना बना सकते हैं। परिवार के लोगों का विरोध करने से बचें। नये रोजगार की प्राप्ति हो सकती है। अधूरे कार्य पूर्ण करने का दबाव रहेगा।

**मीन**
मन में नये काम को लेकर थोड़ी शंका रहेगी। आपको अपने स्वाभिमान की चिन्ता हो सकती है। घरेलू कार्यों में फँसे रहेंगे। शुभ कार्यों में धन खर्च होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### फरार पांच लोगों के खिलाफ इश्तेहार

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी थाना क्षेत्र के गंगाचक मालिकाना मोहल्ले में एक विवाहिता के साथ मारपीट कर जानलेवा हमले के साथ प्रताड़ना के मामले में फरार चल रहे पांच नामजद अभियुक्तों के खिलाफ पुलिस ने उसके घर पर जाकर विधिवत तौर पर इश्तेहार साटते हुए उसे सरेंडर करने की चेतावनी दी हैं। थानाध्यक्ष विवेक भारती ने बताया की मसौढ़ी थाना कांड संख्या 732/25मे 5 अभियुक्त जिसमें लाली यादव पिता स्व0 लाल दास यादव,शीला देवी पति लाली यादव संतोष यादव पिता लाली यादव,नीतीश कुमार पिता लाली यादव,माधुरी देवी पति संतोष यादव सभी सा0 गंगाचक मलिकाना थाना मसौढ़ी जिला पटना के घर पर इश्तेहार का तामीला किया गया। वहीं घटना के संदर्भ में बताया कि घटना के वादी सीमा कुमारी उम्र 28 वर्ष पति नीतीश कुमार गंगाचक मालिकाना ने अपने सास ससुर समेत पांच लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की थी कि ससुराल वाले उन्हें बराबर प्रताडीत कर रहे हैं।

### फरार नामजद अभियुक्त गिरफ्तार

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसूरी थाना क्षेत्र के किनारे टाईनरी गांव से एक रास्ता विवाद मामले में मारपीट के मामले में फरार नामजक अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार किया है,गिरफ्तार आरोपी का नाम मथेडी शर्मा उर्फ शिवम कुमार पिता रंजीत कुमार उर्फ रंजीत शर्मा सा0 तीनेरी है। थानाध्यक्ष विवेक भारती ने बताया कि यह घटना 4. 11. 2025 की है जहां तिनेरी गांव के संटू चौधरी पिता परमेश्वर चौधरी के द्वारा दिए गए आवेदन में बताया गया था की रास्ता विवाद को लेकर विवाद चला था उसी दरमियान घर जाने के दौरान बगीचे में ले जाकर लोहे के रॉड से मारपीट कर जख्मी किया गया था,इस मामले में दो लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

### अपराधियों ने मजदूरी कर घर लौट रहे युवक से 12 हजार रुपये नगदी छीना

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी थाना क्षेत्र के संगत पर वाली रोड में बुधवार की देर शाम को लौट रहे एक बाइक सवार युवक को घेर कर उसके पैकेट से ₹12 हजार नगद और एक सोने का लॉकेट छीन लिया और उसके साथ मारपीट की, वही जाते-जाते असामाजिक तत्वों ने जान से मारने की धमकी दी और कहा कफन तैयार रखना, इस पूरे मामले में पीड़ित मनीष चौहान पिता अशोक चौहान देवीस्थान पुरानी बाजार ने दो नामजद और दो अज्ञात पर प्राथमिकी दर्ज करने को लेकर मसौढी थाने में गुहार लगाई है। दरअसल पीड़ित मनीष चौहान ने बताया कि हम मसौढ़ बाजार में एक होटल में टाइल्स लगाने का काम कर रहे हैं और बुधवार की देर शाम तकरीबन 8:30 बजे अपने मामा ए बाइक से घर जा रहे थे उसी दरमियान संगत पर वाले रास्ते में जैसे ही आगे बढ़े चार पांच लोग आ गए और मुझसे मारपीट करने लगे और मेरे पैकेट से पैसा निकाल लिए जिसमें दो लोगों को पहचानते हैं रामेश्वर चौहान पिता सुरेंद्र चौहान और सूरज कुमार और दो अज्ञात लोग हैं और जाते-जाते धमकी दी है एक केश किया तो कफन तैयार रखना,पुलिस इस मामले में जांच में जुटी हैं।

### विद्युत विभाग का बकाया वसूली अभियान

**दनियावां(पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विद्युत उपभोक्ताओं के यहां विद्युत राजस्व मद में बकाया वसूली को लेकर गुरुवार से अभियान प्रारंभ किया गया है।इस संबंध में राजस्व वसूली को लेकर अधिकारियों को कड़ा निर्देश दिया गया है।ज्ञात हो कि साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूर कंपनी लिमिटेड.ने आगामी 20 मार्च तक विद्युत उपभोक्ताओं के यहां अर्से से विद्युत राजस्व मद में बकाया लगभग करोड़ो की राशि की वसूली का निर्देश दिया है।जिसके लिए सभी अधिकारियों को अभी से वसूली कार्य में लगने का निर्देश दिया गया है।बताया जाता है कि फतुहाँ विद्युत प्रमंडल अंतर्गत दनियावां,फतुहां,खुशरूपुर प्रशाखा में विद्युत उपभोक्ताओं डीएस-1और 2के यहां लगभग करोड़ो रुपए की राशि बकाया है।

### पूर्व विधायक ने दी रमजान की मुबारकबाद

**जगदीशपुर (भोजपुर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रमजान के आगाज के साथ ही चारों ओर इबादत और दुआओं का दौर शुरू हो गया है। इसी कड़ी में जगदीशपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक राम विशुन सिंह लोहिया ने क्षेत्र के मुस्लिम समुदाय के लोगों को रमजान की तहे दिल से मुबारकबाद दी है। उन्होंने इस महीने को धैर्य, आत्म-संयम और समर्पण का प्रतीक बताते हुए क्षेत्र में शांति और अमन-चैन की दुआ की।

### नाद बनाने के विवाद में चचेरे भाइयों को पीटा

**आरा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के हाथी टोला गांव में गुरुवार की सुबह नाद बनाने के विवाद में चचेरे भाइयों की जमकर पिटाई कर दी गई। उन्हें इलाज के लिए जगदीशपुर से सदर अस्पताल लाया गया। जानकारी के अनुसार जख्मियों में जगदीशपुर थाना क्षेत्र के हाथी टोला गांव निवासी स्व.रामाश्रय सिंह के 33 वर्षीय पुत्र राज कुमार सिंह, स्व.सिपाही सिंह के 55 वर्षीय पुत्र सुरेश सिंह एवं स्व. मंगरु सिंह के 65 वर्षीय पुत्र रामनाथ सिंह है। इधर, जख्मी रामनाथ सिंह ने बताया कि उनके पट्टीदार द्वारा उनके ही जमीन पर गाय का नाद बनाया जा रहा था। जब उन्होंने कहा कि पहले मापी करो, उसके बाद नाद बनाना। इसी बात पर उन लोगों ने लाठी-डंडों से तीनों की पिटाई कर दी गई। वहीं दूसरी तरफ जख्मी रामनाथ सिंह ने दूसरे पक्ष के राजू सिंह एवं अन्य पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। बहरहाल पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है।

### दो पक्षों में मारपीट व फायरिंग, एक जख्मी

**आरा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले के नारायणपुर थाना क्षेत्र के चासी गांव में बुधवार की रात नाली में पानी बहाने के विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट हुई। इस दौरान फायरिंग भी की गई। फायरिंग के दौरान एक पक्ष के युवक को बाएं हाथ की हथेली पर गोली लग गई है। वहीं मारपीट के दौरान दूसरे पक्ष का भी एक युवक जख्मी हो गया। पुलिस द्वारा घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जानकारी के अनुसार गोली से जख्मी नारायणपुर थाना क्षेत्र के चासी गांव निवासी पुली सिंह का 22 वर्षीय पुत्र अमरेंद्र कुमार है। जबकि मारपीट में जख्मी दूसरे पक्ष के उसी गांव निवासी उपेंद्र सिंह का 20 वर्षीय पुत्र सोनू कुमार है। दोनों रिश्ते में चाचा-भतीजे हैं। इधर, गोली से जख्मी अमरेंद्र कुमार ने बताया कि दूसरे पक्ष के लोगों से पूर्व से विवाद चल रहा है। कुछ दिन पहले अमरेंद्र कुमार के द्वारा गली में ढलाई का कार्य करवाया था। बुधवार की रात जब वह सहार के बाघी गांव से गाय के लिए कुट्टी लेकर घर पहुंचा, तो उसने देखा कि वे लोग दरवाजे पर आकर गाली-गलौज कर रहे हैं। इसी उनके द्वारा फायरिंग कर दी गई। इस दौरान उसे गोली लग गई। जबकि मारपीट में जख्मी दूसरे पक्ष के सोनू कुमार ने बताया कि उनकी दादी जब नाली बनवा रही थी। तभी अमरेंद्र कुमार अपने छत पर गया और चार राउंड फायरिंग कर दी। इसके बाद नीचे आया और लाठी-डंडों से उसकी पिटाई कर दी। जिससे वह जख्मी हो गया। इधर, नारायणपुर थानाध्यक्ष ने बताया कि दोनों पक्षों में पूर्व से विवाद चला आ रहा है। पुलिस ने त्वरित कारवाई करते हुए गोली से जख्मी अमरेंद्र कुमार एवं मारपीट के में जख्मी सोनू कुमार को हिरासत में ले लिया गया है।

# मसौढ़ी का एक ऐसा हाई स्कूल जहां एक कमरे में चलती हैं सभी कक्षाएं, कैसे होती होगी पढ़ाई







शशि तुलस्यान

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शिक्षा में सुधार को लेकर सरकार भले ही लाख दावे करती हो मगर उन दावों की जमीनी हकीकत की सच्चाई को आईना दिखा रहा है, मसौढी अनुमंडल स्थित बारा पंचायत का हाई स्कूल जो महज एक कमरे में चल रहा है। यह सुनकर जरूर आप आश्चर्यचकित हुए होंगे, कि एक कमरे में वह भी हाई स्कूल, अब तक आपने एक कमरे में प्राथमिक विद्यालय और कमरे का अभाव में मिडिल स्कूल की बात तो सुनी होगी, लेकिन अब यह भी देखिए कि एक कमरे में चल रहा है हाई स्कूल, जहां कक्षा अष्टम, नवम, दशम और 11वीं और 12वीं की पढ़ाई होती है। यह विद्यालय मसौढ़ी प्रखंड के बारा पंचायत स्थित रौनिया गांव में हाई स्कूल की कहानी है। बताया जाता है कि मध्य विद्यालय बारा के स्कूल परिसर में बारा उच्च माध्यमिक हाई स्कूल बनाया गया था जिसे महल एक ही कमरे हैं। नामांकित कुल 200 छात्र छात्राएं हैं। और कुल शिक्षकों की संख्या 11 है। हाई स्कूल की प्रधानाध्यापिका मिनाक्षी मिश्रा ने बताया कि एक ही यहां कमरे हैं पढ़ने में कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है ऐसे में एक कमरे में 9वीं और 10वीं किसी तरह से पढ़ाते हैं और किसी मिडिल स्कूल वाले कमरे में लेकर अन्य कक्षाओं को संचालित करते हैं। वही स्कूल के छात्र-छात्राओं में चांदनी कुमारी, प्रीति कुमारी, अंजली कुमारी, शैलजा कुमारी आदी ने भी बताया कि एक इस कमरा वाला हाई स्कूल आज तक किसी ने नहीं सुना होगा जो हमारे विद्यालय में हैं। बहुत परेशानी होती है, वहीं पंचायत के सरपंच सतीश कुमार सिंह ने भी बताया कि एक कमरा में हाई स्कूल चल रहा है।यह सोचने वाली बात है सरकार से मांग करते हैं कि जल्द ही इसका भवन का निर्माण कराया जाए,धनंजय कुमार, नवलेश कुमार, अजय कुमार ने सरकार के इस संसाधन पर सवालिया निशान उठाते हुए सरकार को इस दिशा में अविलंब गति लाने की बात कही है। बहरहाल बारा हाई स्कूल में तकरीबन 200 छात्र है।इसके अलावा ना कोई प्रयोगशाला ना कोई लाइब्रेरी ना कंप्यूटर लैब, स्कूल की प्रधानाध्यापिका मिनाक्षी मिश्रा ने बताया कि 2020 में यह हाई स्कूल का कमरा बना था और तब से पढ़ाई शुरू हो रही है। नाइंथ क्लास में 60 बच्चे, 10वीं क्लास में 68 बच्चे, 11वीं क्लास में 35 बच्चे, 12वीं क्लास में 52 बच्चे हैं। अभी फिलहाल दसवीं की परीक्षा चल रही है ,इसके अलावा बॉयोलॉजी हिंदी छोडकर कई बिषय के शिक्षक भी नही है।बहुत दिक्कत है ।

## मसौढी जेल कैंपस प्रोबेशन कार्यालय की अपराधमुक्त समाज बनाने और कारा कल्याण कार्य व पैरोल जांच में है अहम भूमिका

**जनवरी 2025 में कुल 255 मामले की हुई जांच**

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी जेल कैंपस स्थित चल रहे प्रोबेशन कार्यालय जो अपराधमुक्त समाज बनाने में अहम भूमिका निभाती है। जहां वर्ष 2025 में कल 255 मामले की जांच की गई है, जिसमें पूर्व दंडादेश जांच की संख्या 74, किशोर न्याय परिषद से संबंधित जांच 154, समेत कई अन्य मामले हैं। इसके अलावा सामाजिक जांच, पूर्व दंडादेश जांच, राज्य दंडादेश जांच, कारा-कल्याण कार्य एवं पैरोल जांच में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। प्रोवेशन पदाधिकारी बिक्रम कुमार सिंह ने बताया की अनुमंडल प्रोबेशन कार्यालय बंदियों के कल्याण, सुधार और उनके पुनर्वास के लिए महत्वपूर्ण कार्य करता है। इसका मुख्य उद्देश्य अपराधी को सजा देने के बजाय उसे एक बेहतर इंसान बनाकर समाज में मुख्यधारा से




जोड़ना है। वहीं बंदियों को रोजगार खोजने में मदद करते हैं, ताकि वे रिहाई के बाद आत्मनिर्भर बन सकें। जेल के भीतर या बाहर विभिन्न कौशल विकास कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। पुनर्वास के लिए छोटे उद्योग या व्यापार शुरू करने के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। बंदियों के मानसिक स्वास्थ्य को सुधारने के लिए नियमित काउंसलिंग और मार्गदर्शन सत्र आयोजित किए जाते हैं। जेल के अंदर मानसिक शांति के लिए योग, खेल (बैडमिंटन, कैरम) और सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। कैदियों को उनके परिवार के सदस्यों से मिलने या बात करने की सुविधा सुलभ कराई जाती है, ताकि वे भावनात्मक रूप से जुड़े रहें। वहीं अभियुक्त के पारिवारिक, सामाजिक और आपराधिक पृष्ठभूमि की जांच करते हैं और रिपोर्ट अदालत को सौंपते हैं, ताकि सजा के बारे में उचित निर्णय लिया जा सके।अच्छे आचरण वाले सिद्धदोष बंदियों की समय पूर्व रिहाई के लिए मामलों की जांच की जाती है और जिला मजिस्ट्रेट को सिफारिशें भेजी जाती हैं।बंदियों को उनके अधिकारों के बारे में सूचित करना और कानूनी सहायता प्रदान करना है।

## डिहाइड्रेशन की समस्या से बचाएंगे केनव्यू के दो नए उत्पाद

- **डायरिया के कारण होने वाले डिहाइड्रेशन से बचाने के लिए ओआरएसएल लांच**
- **रोजमर्रा की हाइड्रेशन जरूरतों के लिए ईआरजेडएल का होगा विकल्प**

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** डायरिया के कारण होने वाले डिहाइड्रेशन से बचने और रोजमर्रा की हाइड्रेशन जरूरतों को पूरा करने के लिए लोगों के पास अब और विकल्प होंगे। देश की जानी-मानी हेल्थकेयर कंपनी केनव्यू ने इन जरूरतों को देखते हुए दो नए उत्पाद पेश कर दिए हैं। भारत में अपने हाइड्रेशन पोर्टफोलियो को मजबूत करते हुए केनव्यू ने ओआरएसएल और ईआरजेडएल (पिच्छ) नाम के दो अलग-अलग ब्रांड पेश किए हैं। कंपनी का कहना है कि देश में डिहाइड्रेशन एक अहम स्वास्थ्य समस्या है और इसे देखते हुए यह कदम उठाया गया है। कंपनी के मुताबिक, ओआरएसएलल डायरिया के कारण होने वाले डिहाइड्रेशन के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। यह विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानक फॉमूर्ले पर आधारित है और रेडी-टू-ड्रिंक व पाउडर दोनों रूपों में उपलब्ध होगा। वहीं ईआरजेडएल को रोजमर्रा की हाइड्रेशन जरूरतों को पूरा करने के लिए लॉन्च किया गया है। यह नया ब्रांड थकान, कमजोरी, गर्मी से होने वाली परेशानी या हल्के-मध्यम डिहाइड्रेशन में मदद करेगा। कंपनी के अनुसार, ईआरजेडएल में पहले की तुलना में 1.4 गुना ज्यादा इलेक्ट्रोलाइट्स और 8 गुना कम शुगर है, जिससे यह पानी की तुलना में तेजी से हाइड्रेशन देने में सक्षम है। ईआरजेडएल ड्रिंक में सोडियम, पोटैशियम, क्लोराइड, विटामिन सी और असली फलों का रस शामिल है, जिससे यह स्वादिष्ट होने के साथ-साथ सेहतमंद भी रहे। केनव्यू इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर मनीष आनंदानी ने कहा कि कंपनी लंबे समय से हाइड्रेशन के क्षेत्र में काम कर रही है और अब दो-ब्रांड रणनीति के जरिए बीमारी के दौरान और रोजमर्रा की देखभाल-दोनों जरूरतों को बेहतर तरीके से पूरा करेगी। उन्होंने बताया कि भारत में इलेक्ट्रोलाइट ड्रिंक्स का बाजार तेजी से बढ़ रहा है और कंपनी इस क्षेत्र में जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## अम्बेदकर इंस्टीच्यूट ऑफ हायर एजुकेशन, पटना में उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अम्बेदकर इंस्टीच्यूट ऑफ हायर एजुकेशन के प्रबंधन विभाग द्वारा उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को नवाचार एवं स्टार्टअप के प्रति प्रेरित करना था। यह जागरूकता कार्यक्रम आयोजन चन्द्रगुप्त इंस्टीच्यूट ऑफ मैनेजमेंट, पटना तथा बिहार स्टार्टअप डिपार्टमेंट के सहयोग से किया गया। इस अवसर पर पावनी डेयरी प्रोडक्टस, पटना के उद्यमी श्री आलोक कुमार ने अपने व्यवसायिक अनुभव साझा किये और सफल उद्यमिता के महत्वपूर्ण पहलूओं पर प्रकाश डाला। चन्द्रगुप्त इंस्टीच्यूट ऑफ मैनेजमेंट, पटना के स्टार्टअप सेल से डॉ. रंजिनी एवं नीतू रानी ने विद्यार्थियों को स्टार्टअप सहायता,




फंडिंग एवं व्यवसाय विकास के बारे में मार्ग दर्शन दिया। छात्रों को दो समूह में विभाजित कर दो समानान्तर सत्र आयोजित किये गये-एक तकनीकी तथा दूसरा वैलिडिक्टरी सत्र जो सी.आइ.एम.पी., पटना में आयोजित हुआ। दिल्ली स्टार्टअप इकोसिस्टम के विशेषज्ञों एवं सी.आई.एम.पी. स्टार्टअप सेल के विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को स्टार्टअप अवसरो, नवाचार तथा सरकारी योजना की जानकारी दी। संस्थान के अध्यक्ष डॉ. कौशल कुमार गिरि ने अपने संदेश में कार्यक्रम की सराहना करते हुए विद्यार्थियों को उद्यमी सोच विकसित करने के लिए प्रेरित किया। अपने प्रेरणा दायक संदेश में विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की शुभकामना दी।

## अनुमंडलीय अस्पताल के कैंपस में प्राइवेट नर्सिंग होम के लगाए गए बैनर पर सख्त हुआ प्रशासन, कार्रवाई की दी चेतावनी

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडल अस्पताल मसौढ़ी के कैंपस में इन दिनों कई प्राइवेट नर्सिंग होम के बैनर के जरिए हो रहे प्रचार पर अस्पताल प्रबंधन ने सख्त रवैया अपनाते हुए कैंपस से सभी बैनर पोस्टर को हटाते हुए कार्रवाई की चेतावनी दी है। दरअसल वरीय अधिकारियों के निर्देश पर सरकारी अस्पतालों के कैंपस में प्राइवेट अस्पतालों, जांच केंद्रों और फार्मेसियों के बैनर/पोस्टर लगाने पर प्रशासन सख्त हो गया है। इसके अलावा मरीजों को निजी सेंटरों की ओर मोड़ने की शिकायतों के बाद स्वास्थ्य विभाग ने दलालों और निजी नर्सिंग होम एजेंटों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई के लिए धावा दल गठित कर करने का निर्देश दिया है। गौरतलब है की,सरकारी अस्पतालों में निजी अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए विशेष जांच दल का गठन करने को कहा है।

## पटना गोल्फ क्लब में 53वीं पटना वार्षिक गोल्फ चैंपियनशिप 2026 का आगाज

**20 से 22 फरवरी तक तीन दिवसीय प्रतिष्ठित प्रतियोगिता**




**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पटना गोल्फ क्लब द्वारा 53वीं पटना वार्षिक गोल्फ चैंपियनशिप 2026 का आयोजन 20 फरवरी से 22 फरवरी 2026 तक क्लब परिसर, बेली रोड, पटना में किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता क्षेत्र की सबसे प्रतिष्ठित और बहुप्रतीक्षित खेल प्रतियोगिताओं में से एक मानी जाती है। आज आयोजित प्रेस वार्ता में माननीय न्यायमूर्ति अनिल कुमार सिन्हा, अध्यक्ष, तपन कुमार घोष, उपाध्यक्ष, कुमार त्रिपुरारी सिंह, उपाध्यक्ष, विशाल सहाय, कैप्टन एवं अरविंद सिंह, मानद सचिव, विवेक कुमार राणा, कोषाध्यक्ष एवं दिलजीत खन्ना ने संयुक्त रूप से मीडिया को प्रतियोगिता की रूपरेखा, विभिन्न श्रेणियों, प्रतिभागियों की संख्या तथा मुख्य आकर्षणों की विस्तृत जानकारी दी। सचिव अरविंद सिंह ने बताया कि इस 53वें संस्करण में देशभर से प्रतिष्ठित एवं प्रतिभाशाली गोल्फ खिलाड़ियों के भाग लेने की संभावना है, जिससे पटना का नाम राष्ट्रीय गोल्फ परिदृश्य में और अधिक सशक्त होगा। प्रतियोगिता की विभिन्न श्रेणियों को प्रतिस्पर्धात्मक उत्कृष्टता, खेल भावना एवं अनुशासन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। कैप्टन विशाल सहाय ने कहा कि यह चैंपियनशिप पटना गोल्फ क्लब की समृद्ध खेल परंपरा तथा बिहार में गोल्फ और खेल संस्कृति के संवर्धन के प्रति उसकी निरंतर प्रतिबद्धता का प्रतीक है। यह आयोजन युवाओं को गोल्फ जैसे अनुशासित एवं प्रतिष्ठित खेल की ओर प्रेरित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। सुनियोजित तैयारियों और उत्साहपूर्ण भागीदारी के साथ 53वीं पटना वार्षिक गोल्फ चैंपियनशिप 2026 खेल उत्कृष्टता, सौहार्द एवं प्रतिस्पर्धात्मक भावना का एक भव्य उत्सव सिद्ध होगी।

## महापौर इंदु देवी ने पीसीसी रोड और नाली का किया उद्घाटन

**नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत वार्ड संख्या-1 और वार्ड संख्या-24 में गुरुवार को हुआ उद्घाटन**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आरा।** नगर निगम की माननीय महापौर इंदु देवी ने नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत वार्ड संख्या-1 और वार्ड संख्या-24 में गुरुवार को पीसीसी रोड और नाली का उद्घाटन किया।लगभग 33 लाख 11 हजार रुपये की लागत से बने पीसीसी रोड और नाली के उद्घाटन से मोहल्ले वासियों में खुशी देखी गई। मौके पर महापौर इंदु देवी ने कहा कि पीसीसी सड़क एवं नाली निर्माण होने से स्थानीय नागरिकों को आवागमन के लिए बेहतर सड़क मिलेगा। वहीं नाली निर्माण से जल जमाव की समस्या से निजात मिलने की उम्मीद है। महापौर ने आगे कहा कि "हमारी सरकार का उद्देश्य नागरिकों को बेहतर बुनियादी ढांचे की सुविधा प्रदान करना है। इस सड़क और नाली निर्माण से वार्डों के नागरिकों को बहुत लाभ होगा। उद्घाटन समारोह में वार्ड संख्या-1 की पार्षद प्रतिनिधि मो. फिर्दोष अलम, वार्ड संख्या-24 के पार्षद मो. शमीम अख्तर, विवेक पांडेय, लवकुश सिंह, रवि यादव, प्रदीप पासवान, सोहन चौधरी, रितेश कुमार, भोला शर्मा, अमर कुमार और अवधेश कुमार सहित स्थानीय नागरिक उपस्थित रहें।

## मसौढ़ी का डाकबंगला किसका? जांच की आंच पड़ी धीमी, अभी तक नहीं हुई डीडीसी की सुनवाई पूरी

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी शहर की बिचोबीच डाक बंगला परिसर आखिर किसका है यह सवाल अभी तक मसौढी वासियों के जेहन में कौंध रहा है। हालांकि एक तबका तथा कथित तौर पर डाक बंगला परिसर को जिला परिषद की जमीन मानती हैं, वही नगर परिषद इसे नगर पालिका अधिनियम के तहत नगर परिषद के अधीन होने का दावा करता है। इस पूरे प्रकरण में डीडीसी के द्वारा कराया जा रहे जांच की आंच मंद पड़ गई है। दरअसल डाक बंगला के अधिकार को लेकर दो विभागों के बीच पनपे विवाद को लेकर स्थल निरीक्षण करने के लिए बीते 3 फरवरी को डीडीसी मसौढी पहुंचे थे। और पूरे डाक बंगला परिसर के चारों तरफ घूम कर स्थल का निरीक्षण करते हुए स्थानीय पदाधिकारी को जांच का रिपोर्ट करने की बात कही थी, वही 5 फरवरी को अंचल के प्रभार में मसौढी बीडीओ प्रभाकर कुमार ने एनओसी दिया था कि यह जिला परिषद की जमीन है लेकिन नगर परिषद की ओर से इस तथ्य को नाकारते हुए अपना दावा पेश किया था, हालांकि अभी तक डीडीसी के द्वारा यह जांच फाइनल नहीं हो सका है। नगर परिषद के स्थाई सशक्त कमेटी के सदस्य शंभू सिंह ने दावा किया है कि जिला परिषद के द्वारा कोई भी पुख्ता प्रमाण अभी तक नहीं पेश किए गए हैं, हालांकि नगर परिषद के द्वारा 1912 के कड्रेस्टल सर्वे और पूर्व में दिए गए अंचलाधिकारी के एनओसी आदि लगाकर अपना दावा को प्रस्तुत किया था। इसके अलावा उन्होंने कहा है की मसौढी बीडीओ प्रभाकर कुमार ने जो एनओसी दिया है उसमें कई त्रुटि है,खाता संख्या का जिक्र नहीं है जबकि थाना 425, दिखाया गया है जो कि पूरे मसौढ़ी में ऐसा थाना नंबर कहीं नहीं है। अंचलाधिकारी प्रभात रंजन के द्वारा दिये गये एनओसी में खाता संख्या 01, खेसरा संख्या 485, थाना संख्या 144 रकवा 2.85 है, और इस भूमि का किस्म गैर मजरूआ मलिक बाग कब्जे ठेकेदार है।

## मसौढी में अनुश्रवण समिति की बैठक, एसडीएम ने पारदर्शिता और ई केवाईसी पर दिया विशेष जोर

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडल स्तरीय अनुश्रवण समिति (आपूर्ति) की समीक्षा बैठक गुरुवार को अनुमंडलीय सभागार में अनुमंडल पदाधिकारी अभिषेक कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारी, सभी प्रखंडों के प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, सहायक गोदाम प्रबंधक और समिति के सदस्यों ने भाग लिया। एसडीएम ने बताया की बैठक का मुख्य उद्देश्य जन वितरण प्रणाली के तहत संचालित सरकारी कल्याणकारी योजनाओं की जमीनी हकीकत की समीक्षा करना और लाभार्थियों तक उनके हक का अनाज पारदर्शी तरीके से पहुंचाना सुनिश्चित करना है।अनुमंडल पदाधिकारी ने विभागीय निर्देशों का हवाला देते हुए पी.एच.एच. (प्राथमिकता वाले परिवार) और अंत्योदय राशन कार्डधारियों को निर्धारित मात्रा में निःशुल्क खाद्यान्न का नियमपूर्वक वितरण सुनिश्चित करने पर विशेष





बल दिया। उन्होंने उपस्थित सदस्यों से आग्रह किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में ई-पीओएस डिवाइस के माध्यम से बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण द्वारा किए जा रहे वितरण की सतत निगरानी करें। इसके साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की अनियमितता संज्ञान में आने पर तत्काल जांच की जाएगी और दोषियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी, ताकि लाभार्थियों के हितों की रक्षा हो सके।राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत सभी लाभार्थियों के ई-केवाईसी की अनिवार्य प्रक्रिया की भी समीक्षा की गई। सदस्यों से अनुरोध किया गया कि वे आम जनता के बीच ई-केवाईसी की अनिवार्यता को लेकर जागरूकता फैलाएं, ताकि भविष्य में ई-केवाईसी न होने के कारण किसी पात्र लाभार्थी का नाम डेटाबेस से न हटे।वहीं अपात्र राशन कार्डधारियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान की जानकारी दी। बताया गया कि संदेहास्पद कार्डधारियों को नोटिस जारी किए जा चुके हैं। साथ ही, अनुमंडल के छूटे हुए पात्र परिवारों के लिए नए राशन कार्ड बनाने की प्रक्रिया पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

CMYK

## संक्षिप्त समाचार


### फुटबाल मैच में बिहार ने यूपी को दी शिकस्त

**पीरो (भोजपुर)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** डा. अम्बेडकर फुटबाल क्लब अगिआंव बाजार के तत्वावधान में आयोजित फुटबाल टूनार्मेंट के फाइनल मुकाबले में बिहार एकादश की टीम ने उतर प्रदेश की टीम को 2-0 से हरा कर खिताबी जीत हासिल की। अगिआंव बाजार खेल मैदान पर आयोजित इस फाइनल मैच का उद्घाटन जगदीशपुर के विधायक सह पूर्व मंत्री श्रीभगवान सिंह कुशवाहा, प्रखंड विकास पदाधिकारी पीरो अशोक कुमार व बीस सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के पीरो प्रखंड अध्यक्ष अक्षय लाल चौधरी ने संयुक्त रूप से किया। मैच में दोनों टीमों के खिलाडियों ने आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया। इस दौरान लगातार हमले किए गए। बिहार की टीम के अग्रिम पंक्ति के खिलाडियों ने विपक्षी टीम की कमजोर रक्षा पंक्ति का लाभ उठाते हुए पहले हाफ में ही 2-0 की बढ़त बना ली थी जो अंत तक कायम रही। इस तरह बिहार की टीम ने 2-0 से मुकाबला अपने नाम कर खिताब पर कब्जा जमा लिया। मौके पर आयोजन समिति के अध्यक्ष शैलेश कुमार, विशाल कुमार, संजय कुमार, पुनीत कुमार, राहुल कुमार, मनोज राम, ददन पासवान, रमन जी, सत्येंद्र कुशवाहा, शंभु नाथ पासवान, प्रमोद राय, अजीत कुमार, रंजीत कुमार, मोहन जी, पप्पु सिंह, गुड्डू यादव, अलोक राय राजेश प्रजापति, बीरेंद्र साह, हरेश राय, गिदिक कुशवाहा, मुन्ना चौहान, उमेश सिंह, नीतू राय सहित कई अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।



### डीएम व एसपी ने मंडल कारा का किया संयुक्त निरीक्षण

**आरा (भोजपुर)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मंडल कारा, आरा का संयुक्त निरीक्षण जिलाधिकारी भोजपुर तनय सुल्तानिया तथा पुलिस अधीक्षक, भोजपुर राज द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान शल्य चिकित्सा वार्ड सहित विभिन्न वार्डो का औचक निरीक्षण किया गया एवं बंदियों से स्वास्थ्य सेवाओं और चिकित्सकीय सुविधाओं से संबंधित जानकारी प्राप्त की गई। इस क्रम में कारा की सुरक्षा व्यवस्था, बंदियों की रहन-सहन की स्थिति, भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता एवं समुचित रख-रखाव की समग्र समीक्षा की गई। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बंदियों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। जिलाधिकारी ने जेल अधिकारियों को सुरक्षा मानकों को और सुदृढ़ करने एवं कैदियों के स्वास्थ्य और मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता देने हेतु निर्देशित किया। साथ ही, परिसर की स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने हेतु आवश्यक निर्देश भी दिए गए। इस अवसर पर जेल अधीक्षक (मंडल कारा, आरा), अनुमंडल पदाधिकारी आरा सदर, कार्यपालक अभियंता (भवन प्रमंडल) एवं अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।



### डीएम ने किया परीक्षा केंद्रो का निरीक्षण

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2026 जिले के 55 परीक्षा केंद्रों पर 17 फरवरी से संचालित है। परीक्षा को स्वच्छ, शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन लगातार निगरानी कर रहा है। इसी क्रम में जिलाधिकारी तरनजोत सिंह ने सोमवार को विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने राम लखन सिंह यादव महाविद्यालय तथा प्रोजेक्ट कन्या उच्च माध्यमिक प्लस टू विद्यालय कठैया सहित अन्य केंद्रों का जायजा लिया। डीएम ने सीटिंग प्लान, फ्रिस्किंग व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरा, वीडियोग्राफी, साफ-सफाई एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की जांच की। सभी केंद्रों पर व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं और परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संचालित होती मिली।जिलाधिकारी ने केंद्राधीक्षकों, प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों, उड़नदस्ता दल, वीक्षकों एवं पुलिस बल को स्पष्ट निर्देश दिया कि कदाचार के किसी भी मामले में शून्य सहनशीलता अपनाई जाए।



### प्रशासन आपके द्वार में 792 मामलों का ऑन-द-स्पॉट निष्पादन

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नौतन प्रखंड की बैकुंठवा पंचायत अंतर्गत हरदिया कोठी में जिला प्रशासन द्वारा आयोजित प्रशासन आपके द्वार कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिलाधिकारी तरनजोत सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। ग्रामीणों की समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु 25 विभागों के स्टॉल लगाए गए, जिनके माध्यम से कुल 792 मामलों का ऑन-द-स्पॉट निष्पादन किया गया। सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, पंचायती राज, राजस्व, जीविका, आईसीडीएस, सहकारिता, श्रम, अल्पसंख्यक कल्याण, डीआरसीसी, विद्युत एवं उद्योग सहित विभिन्न विभागों ने भागीदारी निभाई। जिलाधिकारी ने स्टॉलों का निरीक्षण कर लाभुकों से संवाद किया और योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की।

### नगर में रामनवमी शोभायात्रा को ऐतिहासिक और भव्य बनाने को लेकर हुई चर्चा

**बैठक की अध्यक्षता रंजन सिंह के द्वारा किया गया**

**जगदीशपुर (भोजपुर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर के महंती मठीया में रामनवमी शोभायात्रा समिति की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष रंजन सिंह के द्वारा की गई। आगामी 27 मार्च को जगदीशपुर नगर में निकलने वाली भव्य रामनवमी शोभायात्रा जुलूस को ऐतिहासिक और भव्य बनाने को लेकर विचार विमर्श की गई। शोभा यात्रा जुलूस में अधिक लोगों की सहभागिता कैसे हो इस पर भी गहनता से विचार विमर्श की गई। अध्यक्ष रंजन प्रताप सिंह ने बताया कि शोभायात्रा जुलूस को भव्य और ऐतिहासिक बनाने को लेकर गांव में जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों से शोभा यात्रा जुलूस में शामिल होने की अपील की जाएगी। नगर में कार्यालय खोला जाएगा। साथ ही प्रचार रथ को भी रवाना किया जाएगा। प्रचार रथ नगर और गांव-गांव में घूम कर लोगों से शोभायात्रा में शामिल होने का अपील करेगा। नगर और प्रखंड क्षेत्र के प्रमुख स्थानों पर बैनर पोस्टर भी लगाया जाएगा। शोभायात्रा जुलूस में बनारस, वृंदावन, मथुरा से मनमोहक झांकियां शोभा यात्रा का हिस्सा बनेगी। जगदीशपुर नगर और प्रखंड क्षेत्र से भी मनमोहक झांकियां शोभा यात्रा में शामिल हो। इसको लेकर गांव और नगर में अलग से बैठक भी की जाएगी। रामनवमी शोभा यात्रा की शुरूआत नगर के ऐतिहासिक बाबू वीर कुंवर सिंह किला परिसर स्थित रामलीला मंच से की जाएगी। जहां स्वागत समारोह के बाद शोभायात्रा की शुरूआत की जाएगी शोभायात्रा नगर की प्रमुख मार्गो से होकर गुजरेगा।



# विकास के नाम पर 'विनाश' : बैंक रोड निर्माण में 68 लाख की बंदरबांट का आरोप

**मानकों की अनदेखी, घटिया सामग्री का उपयोग, पाइपलाइन क्षति से पेयजल संकट- नगर परिषद ने रोका काम**

**रक्सौल(पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहर की हृदयस्थली कही जाने वाली बैंक रोड (ओल्ड एक्सचेंज रोड से श्री सत्य नारायण पंचायती मंदिर होते हुए मुख्य पथ तक) का कायाकल्प अब आम जनता और व्यापारियों के लिए भारी संकट बनता जा रहा है। लगभग ₹68.85 लाख की लागत से हो रहे सड़क व नाला निर्माण कार्य में घोर अनियमितता, मानकों की अनदेखी और भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप सामने आए हैं। कार्य की धीमी रफ्तार और घटिया निर्माण सामग्री के इस्तेमाल से पूरे बाजार क्षेत्र में आक्रोश है।



**महीनों बाद भी अधूरा काम, बाजार पर संकट**

निर्माण कार्य 11 अगस्त 2025 से शुरू हुआ था, लेकिन महीनों बीतने के बावजूद सड़क अब तक अधूरी है। स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि दीपावली और छठ का व्यापार पहले ही प्रभावित हो चुका है, अब होली व लग्न के सीजन का बाजार भी धूल-मलबे और अव्यवस्था की भेंट चढ़ने की कगार पर है। सड़क पर गिट्टी-बालू डालकर लंबे समय तक छोड़ देने से दुकानों के शटर तक नहीं खुल पा रहे।

**गुणवत्ता से खिलवाड़ के आरोप**

स्थानीय लोगों ने निर्माण में तकनीकी मानकों की खुलेआम धज्जियां उड़ाने का आरोप लगाया है। बिना उचित GSB (Granular Sub-Base) किए ढलाई की तैयारी। मजबूत काली गिट्टी की जगह सफेद गिट्टी का उपयोग। ढलाई के बाद क्यूरिंग (तरावट) न होना। इन खामियों के चलते भविष्य में सड़क धंसने और जल्दी टूटने का खतरा बताया जा रहा है।

**नाला निर्माण के नियमों का उल्लंघन**

नगर परिषद के नियमों के अनुसार पहले नाला, फिर सड़क का निर्माण होना चाहिए, लेकिन कई हिस्सों में सीधे पीसीसी ढलाई कर दी गई। बनाए गए नालों की चौड़ाई और गहराई भी पुराने नालों से कम बताई जा रही है, जिससे भविष्य में गंभीर जलजमाव की आशंका है।

**नल-जल योजना ठप, पेयजल संकट**

निर्माण के दौरान नल-जल योजना की पाइपलाइन कई जगह क्षतिग्रस्त हो गई, जिससे स्थानीय इलाकों में पेयजल संकट गहरा गया है। नियमानुसार पाइपलाइन सड़क तल से कम से कम डेढ़ फीट नीचे होनी चाहिए थी, लेकिन इसकी अनदेखी की गई।

**सूचना बोर्ड गायब, पारदर्शिता पर सवाल**

सरकारी परियोजनाओं में अनिवार्य सूचना बोर्ड तक नहीं लगाया गया है, जिससे लागत, योजना और कार्यदायी संस्था की जानकारी जनता से छिपी हुई है। इससे पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

**मौके पर 'ऑन द स्पॉट' एक्शन**

मुख्यमंत्री शहरी समग्र विकास योजना के तहत बन रही इस सड़क के निरीक्षण के दौरान नगर परिषद की कार्यवाहक सभापति पुष्पा देवी ने भारी अनियमितता पकड़ी। सफेद गिट्टी का उपयोग देख उन्होंने तत्काल प्रभाव से निर्माण कार्य रुकवा दिया। निरीक्षण के दौरान कनीय अभियंता राज कुमार ने भी स्वीकार किया कि संवेदक विकास आदित्य विभागीय निदेर्शों की अनदेखी कर रहे हैं। सभापति ने सख्त निर्देश देते हुए घटिया गिट्टी तुरंत हटाने और मानकों के अनुरूप कार्य होने पर ही काम शुरू करने का आदेश दिया।

**नगर परिषद का पक्ष**

कार्यवाहक सभापति पुष्पा देवी ने कहा- जनता की गाढ़ी कमाई की लूट नहीं होने दी जाएगी। निर्माण में मानकों से समझौता भ्रष्टाचार की श्रेणी में आता है। संबंधित संवेदक पर नियमानुसार कार्रवाई होगी और गुणवत्ता सुनिश्चित होने पर ही भुगतान किया जाएगा। पूरे मामले को लेकर बुडको को पत्र लिखकर अवगत कराया जाएगा, ताकि आगे की कार्रवाई हो सके। स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र प्रशासनिक हस्तक्षेप कर मानकों के अनुरूप निर्माण कार्य शुरू नहीं कराया गया, तो वे उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे।

## लूट की वारदात से नाराज आभूषण व्यावसायियों ने बंद रखीं एकमा सोनार पट्टी की दुकानें

**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एकमा थाना क्षेत्र में आमडाढ़ी रेलवे ओवरब्रिज के समीप चांदी के आभूषण व्यवसायी से हथियार के बल पर मंगलवार की शाम हुई लूट की घटना के विरोध में बुधवार को एकमा बाजार स्थित सोनार पट्टी की सभी सोना-चांदी की दुकानें सुबह से लेकर दोपहर बाद तक बंद रहीं। स्वर्ण व्यवसायियों ने अपनी एकजुटता दिखाते हुए अपराह्न तक कारोबार ठप रखा और घटना के खिलाफ कड़ी नाराजगी जताया। एकमा स्वर्णकार व्यवसायी संघ के बैनर तले संघ के प्रतिनिधि अखिलेश गुप्ता के नेतृत्व में एकत्रित दुकानदारों ने पुलिस प्रशासन से मांग की कि लूट की गई राशि लगभग एक लिख 29 हजार 500 रुपए एवं लगभग 4.200 किलोग्राम चांदी के आभूषणों की शीघ्र बरामदगी सुनिश्चित की जाए तथा वारदात में शामिल अपराधियों को अविलंब गिरफ्तार किया जाए। व्यवसायियों का कहना था कि दिनदहाड़े हथियार के बल पर हुई इस घटना ने पूरे बाजार में भय का माहौल बना दिया है। यदि समय रहते अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो व्यवसायियों का आंदोलन और तेज किया जाएगा। संघ के प्रतिनिधियों ने प्रशासन से बाजार क्षेत्र में नियमित गश्ती बढ़ाने, बालू के स्कैनर की तरह सीसीटीवी कैमरे से अपराधियों की निगरानी सुदृढ़ करने तथा व्यवसायियों को सुरक्षा प्रदान करने की मांग की। उल्लेखनीय है कि एकमा थाना क्षेत्र में छपरा-सीवान मुख्य मार्ग एनएच-531 पर स्थित आमडाढ़ी रेलवे ओवरब्रिज पर मंगलवार की शाम दो बाइकों पर सवार छह नकाबपोश अपराधियों ने हथियार के बल पर चांदी के आभूषण व्यवसायी परसागढ़ के कसेरा टोली निवासी सालिग्राम साह के पुत्र सोनू कुमार सोनी से लूट की वारदात को अंजाम दिया था। पीड़ित व्यवसायी रसूलपुर बाजार से चांदी के जेवर की आपूर्ति कर बाइक से एकमा लौट रहे थे, अपराधियों ने उनके बैग में रखे लगभग 1,29,500 रुपए नकद, करीब दो से ढाई लाख रुपये मूल्य के चांदी के लगभग 4.200 किलोग्राम आभूषण, मोबाइल फोन एवं बाइक की चाबी लूट ली और महाराजगंज की दिशा में फरार हो गए।



## मंदिर से पूजा कर घर लौट रहे बुजुर्ग को अज्ञात वाहन ने रौंदा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा।** आरा-सासाराम स्टेट हाईवे पर जिले के उदवंतनगर थाना क्षेत्र के उदवंतनगर बाजार पर गुरुवार की सुबह अज्ञात वाहन ने मंदिर से पूजा कर घर लौट रहे बुजुर्ग को रौंद दिया। जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे में उनका शव क्षत-विक्षत हो गया। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी मची रही। जानकारी के अनुसार मृतक उदवंतनगर थाना क्षेत्र के उदवंतनगर गांव वार्ड नंबर-10 निवासी 70 वर्षीय पुत्र बुटन यादव है। वह किसान थे। इधर, मृतक के भतीजे कृष्णा कुमार ने बताया कि वे अक्सर उदवंतनगर बाजार स्थित काली मंदिर में पूजा करने जाते थे। गुरुवार की सुबह करीब पांच बजे वह काली मंदिर में पूजा करने के बाद पैदल वापस घर लौट रहे थे। उसी दौरान अज्ञात वाहन ने उन्हें रौंद दिया।जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर परिजन एवं स्थानीय थाना मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया।

## मुख्यमंत्री की प्रगति यात्रा में घोषित योजनाओं की डीएम ने जूम मीटिंग से की समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा (भोजपुर)।** मुख्यमंत्री की प्रगति यात्रा के दौरान घोषित योजनाओं एवं आरा-सासाराम सहित प्रमुख सड़क योजनाओं की जूम मीटिंग के माध्यम से जिलाधिकारी ने समीक्षा की। जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया ने जूम मीटिंग के माध्यम से पटना-आरा-सासाराम फोरलेन परियोजना, ग्रामीण कार्य विभाग एवं पथ निर्माण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न सड़क निर्माण योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में मुख्यमंत्री की प्रगति यात्रा के दौरान घोषित एवं स्वीकृत सभी योजनाओं की प्रगति की भी गहन समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी ने सर्वेक्षण एवं पिलरिंग की अद्यतन स्थिति, विभिन्न राजस्व ग्रामों से संबंधित लंबित अभिलेखों, भूमि पोर्टल पर उत्पन्न भुगतान संबंधी समस्याओं तथा उनके समाधान पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने संबंधित अनुमंडल पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि शेष भूमि अधिग्रहण कार्यों को शीघ्र पूर्ण किया जाए। जिलाधिकारी ने जिला भू-अर्जन पदाधिकारी को राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के परियोजना निदेशक (पटना एवं सासाराम) के साथ समन्वय स्थापित कर आरा-सासाराम सड़क परियोजना से संबंधित पात्र व्यक्तियों को मुआवजा भुगतान की प्रक्रिया में तेजी लाने का निर्देश दिया। परियोजना निदेशक को एनएचएआई से संबंधित निर्माण कार्यों में प्रगति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त, जिलाधिकारी ने पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता को जीरो माइल-पातर पथ, बबुरा-डोरीगंज पथ तथा बिहिया चैरास्ता पथ में कार्य की प्रगति तेज करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी द्वारा बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता को चंदवा मौझावा पथ निर्माण कार्य में तेजी लाने एवं निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्य पूर्ण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

## स्नातकोत्तर समाजशास्त्र विभाग में एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा।** वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा में 'समसमायिक परिदृश्य में लिंग निर्माण एवं असमानता ' विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन विभाग के सेमिनार हॉल किया गया। जिसकी अध्यक्षता विभागाध्यक्ष प्रो. अवध बिहारी सिंह ने किया। इस आयोजन में मुख्यवक्ता प्रो. प्रमोद कुमार सिन्हा, पूर्व विभागाध्यक्ष, तिलका मांझी भागलपुर, विश्वविद्यालय तथा सह व्यक्ता डॉ. मनीषा कुमारी, गंगा देवी महिला कॉलेज, पटना थे। तथा सेमिनार के संयोजक डॉ. मनीष कुमार एवं कार्यकरणी सदस्य डॉ. रीना कुमारी, श्री प्रेम शंकर सिन्हा थे। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित कर गई तत्यपश्चत कुलगीत खुशबू पांडेय, रोशनी तिवारी, प्रियंका, रंजू कुमारी एवं स्वागत गीत ज्योति कुमारी है। सेमिनार का संचालन संयुक्त रूप से शोधार्थी सर्वज्ञा श्री और सर्वेश्वरी सिंह ने किया। कार्यक्रम की रूप रेखा डॉ. रवि शंकर सिंह प्रस्तुत की। मुख्यवक्ता ने कहा कि पश्चात संस्कृति जो हमसे आगे होने का दभ भरती है वहां भी गृह कार्यो की जिम्मेदारी महिलाओं की है। भारतीय समाज मे अभी भी एक महिला की स्थिति वैवाहिक स्थिति से निर्धारित होती है। डॉ. मनीषा कुमारी ने अपने व्यक्तव्य में कहा कि विवाहयोत्तर महिलाओं का घर छोड़ना उनके स्थिति को पैतृक घर में अवमूलित करती है प्रो. अवध बिहारी सिंह ने आने आध्यक्षीय भाषण में कहा कि यह आयोजन एक प्रयास था समाज मे हमारे नव युवकों के द्वारा शैक्षिणक जागरूकता एवं समाज मे समन्वय व समानता लाने का प्रयास था। इस सेमिनार की फलता से प्रोत्साहित हो कर विभाग अंतरराष्ट्रीय सेमीनार का आयोजन जल्द ही करेगा और एक जीवंत शैक्षिणक संस्थान के रूप मानचित्र पर स्थापित करेगा है। इस सेमिनार में डॉ. मनोज कुमार दीक्षित, सामाजिककर्त्ता अखिलेश कुमार सिंह, अतिथि शिक्षक डॉ पंकज सुधांशु, डॉ आदित्य कुमार आनन्द अनेक शोध छात्र व छात्रा एवं स्नातकोत्तर हरिओम कुमार आदि उपस्थित थे।

### दुरगौली में सड़क हादसा, साइकिल सवार वृद्ध गंभीर

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मशरक प्रखंड के दुरगौली गांव में सड़क दुर्घटना में साइकिल सवार 75 वर्षीय राम सोहराई सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। वे साइकिल से अपने घर लौट रहे थे, तेज रफ्तार बाइक ने पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही वे सड़क पर गिर पड़े और उन्हें गंभीर चोटें आईं। लोगों की मदद से स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है।

## दुलौर में श्री हनुमत प्राण प्रतिष्ठात्मक महायज्ञ 21 फरवरी से

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जगदीशपुर (भोजपुर)।** प्रखंड क्षेत्र के दुलौर गांव स्थित राजेंद्र हॉस्पिटल परिसर में आयोजित होने वाले श्री श्री हनुमत प्राण प्रतिष्ठात्मक महायज्ञ को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। यह धार्मिक अनुष्ठान 21 फरवरी से शुरू होकर 1 मार्च तक चलेगा। महायज्ञ को लेकर गांव सहित आसपास के क्षेत्रों में भक्तिमय वातावरण बना हुआ है।महायज्ञ के दौरान प्रतिदिन संध्या 4 बजे से 5 बजे तक प्रवचन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें तपोमूर्ति संत श्री सुन्दर महाराज जी एवं श्री पद्मनाभ स्वामी जी (श्री गोपाल गौ सेवा संस्थान) के सानिध्य में श्रद्धालुओं को धर्मोपदेश प्राप्त होगा। वहीं वृंदावन धाम से पधारे कथावाचक पं. शिवशंकर तिवारी जी श्रीराम कथा एवं भक्ति प्रवचन का रसपान कराएंगे। बड़े संतों के आगमन को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है।कार्यक्रम की शुरूआत 21 फरवरी (शनिवार) को जलभरी एवं भव्य शोभायात्रा से होगी। 22 फरवरी (रविवार) को पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश एवं जलाधिवास का आयोजन किया जाएगा। 27 फरवरी (शुक्रवार) को नगर भ्रमण, 28 फरवरी (शनिवार) को मुख्य प्राण प्रतिष्ठा तथा 01 मार्च (रविवार) को पूर्णाहुति एवं विशाल भंडारे के साथ महायज्ञ का समापन होगा।आयोजन की देखरेख राजेंद्र हॉस्पिटल के प्रबंधक सह कार्यक्रम व्यवस्थापक डॉ. अनिल कुमार सिंह द्वारा की जा रही है।

## आरा की आयशा अली ने रखा रमजान का पहला रोजा

**बड़हरा (भोजपुर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आरा शहर के मिल्की मोहल्ला निवासी शिक्षक मो. शौकत अली और उनकी शिक्षक पत्नी फरहत जहां की पुत्री आयशा अली ने इस साल रमजान का पहला रोजा रखा। आयशा महज पांच साल की उम्र में 2024 साल से रमजान की रोजा रखती आ रही हैं और अपने धर्म के प्रति प्रतिबद्धता के लिए परिवार और समाज में मिसाल बनी हुई हैं। आयशा पढ़ाई में भी मेधावी छात्र हैं। उनकी माता फरहत जहां बताती हैं कि आयशा न केवल होनहार बच्ची हैं, बल्कि अपने धार्मिक कर्तव्यों के प्रति भी सजग हैं। रमजान का माह उनके लिए केवल रोजा रखने तक सीमित नहीं है। आयशा इस पवित्र महीने में अपनी दुआओं और इबादत के माध्यम से अपने परिवार और समाज की भलाई की कामना करती हैं। छोटी उम्र में आयशा का समर्पण और अनुशासन इस बात का संदेश देता है कि धर्म, शिक्षा और अच्छे संस्कार साथ-साथ चल सकते हैं। उनके इस छोटे पर महत्वपूर्ण कदम ने परिवार और आसपास के लोगों के लिए प्रेरणा का काम किया है। आयशा के नाम पर कोऑपरेटिव सोसाइटी की स्थापना की गई हैं। इस सोसाइटी का उद्देश्य गरीब, असहाय और आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों के लिए पढ़ाई का सामान मुहैया कराया जाता है। पिछले पांच वर्षो से यह सोसाइटी करीब पांच सौ बच्चों को हर साल मुफ्त में पाठ्य-सामग्री वितरित करती आ रही है।



रमजान का पहला रोजा रखने वाली आयशा अली

## महाभंडारा के साथ बिहिया में श्रीविष्णु महायज्ञ सम्पन्न

**70 हजार श्रद्धालुओं ने महायज्ञ का किया प्रसाद ग्रहण**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहिया।** चौरास्ता स्थित जीओ पेट्रोल पंप के पीछे दोघरा में गुरुवार को भारत के महाविभूति अंतरराष्ट्रीय महायोगी ब्रम्हलीन श्रीदेवराहा बाबाजी महाराज की पुण्यतिथि पर त्रिकालदर्शी, परमसिद्ध संत श्री देवराहाशिवनाथजी महाराज के सानिध्य में हो रहे श्रीविष्णु महायज्ञ की पूर्णाहुति हो गई। काशी के प्रसिद्ध यज्ञाचार्य पंडित डॉक्टर भूपेन्द्र पांडेय द्वारा वेदमंत्रों से ग्यारह लाख आहुतियां यजमानों से हवनकुण्ड में दिलाई गई। लगभग 25 हजार श्रद्धालुओं ने संत श्री देवराहाशिवनाथजी महाराज से गुरुदीक्षा ली। इसके बाद संतश्रीदेवराहाशिवनाथजी महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि जैसे बरगद का बीज शुरू में बहुत छोटा दिखता है परंतु जब उसे रोपा जाता है और उसकी सेवा की जाती है तो धीरे-धीरे वह विशालकाय वृक्ष बन जाती है। ठीक इसी प्रकार यज्ञ,हवन, पूजन और सत्कर्म का फल जीव को धीरे-धीरे मिलता है और वह अनंतकाल तक जीव के लिए सुखदाई होता है। अर्थात जीव को मोक्ष की प्राप्ति करा देता है। वहीं जब लौका, नेनुआ के बीज को रोपित किया जाता है तो वह बहुत जल्द विकसित होता है और भरा होकर भरपूर मात्रा में उसमें से फल आता है और चार -पांच महीने के अंदर वह मुरझा कर खत्म हो जाता है। वहीं हाल कमोवेश बुरे कर्म करने वाले के साथ होता है। संतश्रीदेवराहाशिवनाथ दासजी महाराज ने आगे कहा कि सारे जप-तप निष्फल हो जाते हैं, तब यज्ञ ही सब प्रकार से रक्षा करता है। सृष्टि के आदिकाल से प्रचलित यज्ञ सबसे पुरानी पूजा पद्धति है। आज आवश्यकता है यज्ञ को समझने की। वेदों में अग्नि परमेश्वर के रूप में वंदनीय है। यज्ञ को श्रेष्ठतम कर्म माना गया है। समस्त भुवन का नाभि केंद्र यज्ञ ही है। यज्ञ की किरणों के माध्यम से संपूर्ण वातावरण पवित्र व देवगम बनता है। वेदों का संदेश है कि शाश्वत सुख और समृद्धि की कामना करने वाले मनुष्य यज्ञ को अपना नित्य कर्तव्य अवश्य समझें।



# राष्ट्रीय एकीकरण शिविर के तीसरे दिन रंगोली प्रतियोगिता और पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित

**आरा।** वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के द्वारा राष्ट्रीय एकीकरण शिविर सासाराम स्थित एसपी जैन कॉलेज में चल रहे सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना के राष्ट्रीय एकीकरण शिविर के तीसरे दिन प्रतिभा, अनुशासन और सांस्कृतिक समरसता का अनूठा संगम देखने को मिला। दिनभर आयोजित विभिन्न गतिविधियों में देश के अलग-अलग राज्यों से आए स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।कार्यक्रम की शुरूआत प्रातःकालीन योग सत्र से हुई। योगाभ्यास के दौरान स्वयंसेवकों को शारीरिक व मानसिक संतुलन के महत्व की जानकारी दी गई। योग शिविर का संचालन डॉ. रीना देवी एवं डॉ.अंकिता मिश्रा ने संयुक्त रूप से किया। उन्होंने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि जीवनशैली है, जो युवाओं में एकाग्रता और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। इसके बाद आयोजित रंगोली एवं पोस्टर प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने राष्ट्रीय एकता, और सामाजिक समरसता जैसे विषयों को रचनात्मक ढंग से प्रस्तुत किया।रंगोली का विषय एक भारत श्रेष्ठ भारत और पोस्टर प्रतियोगिता का विषय वसुधैव कुटुम्मकम था। रंगों और रेखाओं के माध्यम से विद्यार्थियों की कल्पनाशीलता और सामाजिक समझ स्पष्ट दिखाई दी। निर्णायक मंडल ने कलात्मकता, विषय की प्रस्तुति और संदेश की प्रभावशीलता के आधार पर विजेता प्रतिभागियों की घोषणा की। प्रतिभागियों का उत्साह देखते ही बन रहा था।एकेडमिक सत्र में ़विकास में महिलाओं की भागीदारी़ विषय पर परिचर्चा आयोजित हुई। मौके पर मुख्य वक्ता प्राचार्या प्रो सीमा पटेल रही। कहा कि किसी भी राष्ट्र की प्रगति महिलाओं की सक्रिय सहभागिता के बिना संभव नहीं है। शिक्षा, स्वास्थ्य, राजनीति और आर्थिक क्षेत्र में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी समाज को नई दिशा दे रही है। सांस्कृतिक संध्या में विभिन्न राज्यों के प्रतिभागियों ने लोकनृत्य, गीत और नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी-अपनी परंपराओं की झलक पेश की। विविधता में एकता का संदेश देते इन कार्यक्रमों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। एनएसएस समन्वयक डॉ साधना रावत ने बताया कि शिविर का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रीय एकता, सामाजिक उत्तरदायित्व और सांस्कृतिक आदान-प्रदान की भावना विकसित करना है।



# जिले के अंगीभूत महाविद्यालयों में प्राध्यापकों और पुस्तकों की कमी से जूझ रहे छात्र

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा।** जिले के अंगीभूत महाविद्यालयों में इन दिनों शिक्षा व्यवस्था गंभीर चुनौतियों का सामना कर रही है। जिले के अधिकांश कॉलेज छात्रों को प्राध्यापको और पुस्तकालय की पुस्तकों की भारी कमी का सामना करना पड़ रहा है। इसका सीधा असर विद्यार्थियों की पढ़ाई और परीक्षा परिणामों पर पड़ रहा है। छात्रों का कहना है कि कई विषयों में स्थायी शिक्षकों के पद वर्षो से खाली पड़े हैं। कुछ विभागों में अतिथि शिक्षकों के भरोसे कक्षाएं संचालित की जा रही हैं। जबकि कई विषयों में नियमित कक्षाएं तक नहीं हो पा रही हैं। विशेष रूप से विज्ञान, वाणिज्य और स्नातकोत्तर स्तर के पाठ्यक्रमों में स्थिति अधिक चिंताजनक बताई जा रही है। छात्रों का आरोप है कि सिलेबस पूरा नहीं होने के कारण उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं और सेमेस्टर परीक्षाओं की तैयारी में कठिनाई हो रही है।पुस्तकालयों की स्थिति भी दयनीय बनी हुई है। कई महाविद्यालयों में नई पुस्तकों की खरीद वर्षों से नहीं हुई है। पुराने संस्करण की किताबें ही छात्रों को उपलब्ध हैं, जो वर्तमान पाठ्यक्रम से मेल नहीं खातीं। डिजिटल संसाधनों और ई-लाइब्रेरी की सुविधा भी अधिकांश कॉलेजों में सीमित है। छात्र बताते हैं कि उन्हें संदर्भ पुस्तकों के लिए निजी कोचिंग संस्थानों या बाजार पर निर्भर रहना पड़ता है, जिससे आर्थिक बोझ बढ़ रहा है।छात्र संगठनों ने इस मुद्दे को लेकर कई बार कॉलेज प्रशासन औरविश्वविद्यालय प्रशासन के समक्ष ज्ञापन सौंपा है। उनका कहना है कि समय रहते रिक्त पदों पर नियुक्ति और पुस्तकालयों के आधुनिकीकरण की दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो शिक्षा की गुणवत्ता और गिर सकती है। अभिभावकों ने भी चिंता जताते हुए कहा कि ग्रामीण पृष्ठभूमि से आने वाले अधिकांश छात्र निजी संस्थानों में दाखिला लेने में सक्षम नहीं हैं, ऐसे में सरकारी महाविद्यालयों की बदहाल स्थिति उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ है।महाविद्यालय प्रशासन का कहना है कि रिक्त पदों की सूची विश्वविद्यालय को भेजी जा चुकी है और नियुक्ति की प्रक्रिया राज्य स्तर पर निर्भर है। पुस्तकालयों के लिए अतिरिक्त बजट की मांग भी की गई है। प्रशासन ने भरोसा दिलाया है कि जैसे ही स्वीकृति और धनराशि उपलब्ध होगी, आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। शिक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि उच्च शिक्षा संस्थानों में आधारभूत संसाधनों की कमी दीर्घकालीन प्रभाव डाल सकती है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए पर्याप्त संख्या में योग्य अध्यापक और अद्यतन पुस्तकालय अनिवार्य हैं। आरा जिले के अंगीभूत महाविद्यालयों की स्थिति इस बात की ओर संकेत करती है कि यदि समय रहते सुधारात्मक कदम नहीं उठाए गए, तो छात्रों का भरोसा सरकारी शिक्षा प्रणाली से उठ सकता है। फिलहाल छात्र उम्मीद लगाए बैठे हैं कि विश्वविद्यालय और राज्य सरकार जल्द ही ठोस निर्णय लेकर शिक्षकों की नियुक्ति और पुस्तकालय संसाधनों की व्यवस्था सुनिश्चित करेगी, ताकि उन्हें बेहतर शैक्षणिक माहौल मिल सके।

# चेन पुलिंग मामले में छह लोग गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बारूण (औरंगाबाद)।** सोननगर जंक्शन पर चेन पुलिंग करने वाले छह लोगों को आरपीएफ और जीआरपी ने गिरफ्तार किया है। मामले को लेकर आरपीएफ इंस्पेक्टर रामविलास राम ने बताया कि सोननगर जंक्शन से सुबह करीब आठ बजे ट्रेन संख्या 18523 बनारस एक्सप्रेस गुजर रही थी। यह ट्रेन विशाखापत्तनम से वाराणसी जा रही थी। इस ट्रेन का सोननगर जंक्शन पर ठहराव नही है। जैसे ही यह ट्रेन सोननगर पहुंची तभी अचानक आलर्म चेन पुलिंग कर के ट्रेन को रोक दिया गया। सुरक्षा बलों ने मामले की छानबीन की, तभी छह लोग अचानक भागने लगे जिन्हें सुरक्षाबलों ने सभी लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए कुछ लोग के पास टिकट भी नही था। बताया कि हिरासत में लिए गए सभी लोगों पर जुर्माना लगाते हुई कानूनी कारवाई की जाएगी। विदित हो की सोननगर जंक्शन है, लेकिन यहां एक्सप्रेस ट्रेन की ठहराव काफी कम है। करोना काल के समय से बंद पड़ी एक्सप्रेस ट्रेन आज तक बंद है। मामले में स्थानीय लोगों के अलावा जनप्रतिनिधियों रेल मंत्रालय तक पत्राचार किया परन्तु इसका कोई लाभ अभी तक नही मिला है। एक्सप्रेस ट्रेन नही रुकने से यात्रियों को काफी समस्याएं होती है। रेलयात्री संघ के अध्यक्ष राजकिशोर गुप्ता, उपप्रमुख प्रतिनिधि व राजद नेता विजय कुमार यादव, स्थानीय नागरिक धीरज गुप्ता उर्फ गुड्डू, लव सिंह, सुनिल संगम एवं बबन राम ने बताया कि कोरोना काल के बाद बंद पड़ी सभी ट्रेन निर्धारित समय से चलने लगे तो बारुण, दाउदनगर, नवीनगर व आसपास के लोगों के लिए काफी सहूलियत होगा।

## गैस लीकेज से लगी आग में एक ही परिवार के तीन लोग झुलसे

**हसपुरा (औरंगाबाद)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र के जलपुरा गांव में गुरुवार दोपहर गैस लीकेज के कारण लगी आग में एक ही परिवार के तीन सदस्य गंभीर रूप से झुलस गए। सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल, औरंगाबाद रेफर किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, जलपुरा गांव निवासी रंजीत चौधरी की पत्नी रजान्ति देवी घर में खाना बना रही थीं। इसी दौरान गैस पाइप में लीकेज होने से अचानक आग भड़क उठी और रजान्ति देवी उसकी चपेट में आ गईं। उन्हें आग में घिरा देख पति रंजीत चौधरी और उनकी 12 वर्षीया पुत्री संजू कुमारी बचाने के लिए आगे बढ़े, लेकिन वे भी आग की लपटों में झुलस गए।

घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों की मदद से तीनों घायलों को तत्काल हसपुरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। यहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया, लेकिन हालत गंभीर देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल, औरंगाबाद रेफर कर दिया।

घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। चिकित्सकों ने लोगों से गैस सिलेंडर और पाइप के नियमित जांच की अपील की है, ताकि इस प्रकार की घटनाओं से बचा जा सके।

# डिहाइड्रेशन की समस्या से बचाएंगे केनव्यू के दो नए उत्पाद

### डायरिया के कारण होने वाले डिहाइड्रेशन से बचाने के लिए ओआरएसएल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** डायरिया के कारण होने वाले डिहाइड्रेशन से बचने और रोजमर्रा की हाइड्रेशन जरूरतों को पूरा करने के लिए लोगों के पास अब और विकल्प होंगे। देश की जानी-मानी हेल्थकेयर कंपनी केनव्यू ने इन जरूरतों को देखते हुए दो नए उत्पाद पेश कर दिए हैं। भारत में अपने हाइड्रेशन पोर्टफोलियो को मजबूत करते हुए केनव्यू ने ओआरएसएल और ईआरजेडएल नाम के दो अलग-अलग ब्रांड पेश किए हैं। कंपनी का कहना है कि देश में डिहाइड्रेशन एक अहम स्वास्थ्य समस्या है और इसे देखते हुए यह कदम उठाया गया है। कंपनी के मुताबिक, ओआरएसएल डायरिया के कारण होने वाले डिहाइड्रेशन के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। यह विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानक फॉर्मूले पर आधारित है और रेडी-टू-ड्रिंक व पाउडर दोनों रूपों में उपलब्ध होगा। केनव्यू इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर मनीष आनंदानी ने कहा कि कंपनी लंबे समय से हाइड्रेशन के क्षेत्र में काम कर रही है और अब दो-ब्रांड रणनीति के जरिए बीमारी के दौरान और रोजमर्रा की देखभाल-दोनों जरूरतों को बेहतर तरीके से पूरा करेगी। उन्होंने बताया कि भारत में इलेक्ट्रोलाइट ड्रिंक्स का बाजार तेजी से बढ़ रहा है और कंपनी इस क्षेत्र में जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# लावारिस बैग से शराब बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने रफीगंज रेलवे स्टेशन पर लावारिस अवस्था में मिले दो बैगों से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद की है। यह कार्रवाई निरीक्षक प्रभारी राम सुमेर के निर्देशन में की गई।



प्राप्त जानकारी के अनुसार, आरपीएफ के अधिकारी एवं जवान स्टेशन परिसर में यात्री सामानों की सुरक्षा, चोरी की रोकथाम और आपराधिक गतिविधियों की निगरानी में तैनात थे। इसी दौरान गाड़ी संख्या 13554 डाउन को सुरक्षित पास कराने के बाद प्लेटफॉर्म संख्या 03/04 के पास निर्माणाधीन फुट ओवरब्रिज के नीचे उत्तर दिशा में एक नीले रंग का पिंक डॉट वाला कपड़े का बैग और एक लाल रंग का "फास्ट फैशन" अंकिउत पिट्ठू बैग लावारिस हालत में पाया गया।

बैग के संबंध में आसपास मौजूद यात्रियों से पूछताछ की गई, लेकिन किसी ने भी इन बैगों पर अपना दावा नहीं किया। काफी देर तक इंतजार के बाद संदेह होने पर आरपीएफ ने बैगों की तलाशी ली। जांच के दौरान पहले बैग से 750 मिलीलीटर के 11 बोतल अंग्रेजी शराब (कुल 8.250 लीटर, अनुमानित मूल्य 6820) बरामद हुई। वहीं दूसरे बैग से 180 मिलीलीटर के 39 बोतल (कुल 7.020 लीटर, मूल्य 4680) शराब बरामद की गई।

बरामद सभी शराब उत्तर प्रदेश निर्मित है, जिस पर "सेल फॉर उत्तर प्रदेश ओनली" अंकित है। इस प्रकार कुल 15.270 लीटर अंग्रेजी शराब, जिसकी कुल कीमत लगभग 11,500 है, जब्त की गई। गौरतलब है कि बिहार में पूर्ण शराबबंदी लागू है और राज्य में शराब रखना, बेचना, खरीदना या सेवन करना दंडनीय अपराध है। इस संबंध में सहायक उपनिरीक्षक अविनाश कुमार द्वारा लिखित शिकायत के साथ जब्त शराब को अग्रिम कार्रवाई हेतु राजकीय रेल थाना, सोननगर को

# भटका हाथी पहुंचा कुटुंबा, जंगल की ओर ले जाने में जुटा प्रशासन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** जंगल से भटका हाथी गुरुवार की सुबह कुटुंबा प्रखंड क्षेत्र में तेलहारा गांव के समीप देखा गया जिसे भी खबर मिली वह हाथी देखने के लिए भागा चला आया। हाथी के आगे पीछे लोगों की हूजूम इकट्ठा हो गई। बधार होते हुए हाथी जब अंबा बाजार के सघन आबादी वाले इलाके में पहुंचा तो लोगों में डर का माहौल देखा गया। परंतु किसी को नुकसान पहुंचाए बिना वह बतरे नदी पारकर पश्चिम दिशा की ओर चल पड़ा। स्थानीय प्रशासन लगातार माइक से चेतावनी जारी कर आम लोगों को सतर्क करते रहे। वन विभाग की टीम हाथी को सुरक्षित जंगल की ओर ले जाने का प्रयास कर रही थी। लोगों की माने तो हाथी देव प्रखंड



की ओर से कुटुंबा प्रखंड के जीवा बिगहा से पश्चिम की ओर आया था। हाथी जीवा बिगहा, तेलहारा, हंड़िया, गुलाब बिगहा, देवची बिगहा, अंबा, चिल्हकी बिगहा, चिल्हकी, छेदारी बिगहा, लभरी, रसलपुर होते हुए पश्चिम दिशा की ओर बढ़ रहा है। वन विभाग की टीम एवं स्थानीय पुलिस प्रशासन लोगों को जागरूक करने में लगी हुई है और बच्चों बूढ़ों को घर से न निकलने की सलाह दे रहे हैं। हाथी ने अब तक किसी भी नागरिकों का नुकसान नहीं पहुंचाया है। यदाकदा केले के पेड़, स्ट्रॉबेरी, अरहर, सब्जी, गेहूं तथा रबी फसल को आंशिक नुकसान पहुंचाता हुआ दिखा। स्थानीय प्रशासन ने बताया कि भीड़ के कारण हाथी को झारखंड की ओर ले जाने में असफल रहे हैं। वन विभाग की टीम पटाखे और मसाला की मदद से हाथी को झारखंड क्षेत्र की ओर ले जाने का प्रयास कर रही है। वन विभाग के कर्मियों ने बताया कि लोगों की भीड़ लापरवाही के कारण हाथी बेकाबू हो सकता है। उन्होंने आम नागरिकों से अपील किया है कि वे हाथी से दूर रहें और हाथी को झारखंड की ओर जाने के लिए सुरक्षित रास्ता दें। प्रशासन लगातार हाथी पर नजर बनाए हुए है।

## अधिवक्ता के बंद घर में चोरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दानापुर।** थाना क्षेत्र के हाथी खाना मोड़ के पास अज्ञात चोरों ने एक अधिवक्ता के बंद घर का ताला तोड़कर लाखों की संपत्ति चोरी कर ली। पीड़ित अधिवक्ता रवि शंकर घोष ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि वे फिलहाल गर्दनीबाग स्थित ससुराल में रह रहे थे और घर बंद था। पड़ोसियों की सूचना पर पहुंचने पर दरवाजा टूटा और सामान बिखरा मिला। चोर इन्वर्टर, बैटरी, एलईडी टीवी व अन्य सामान ले गए। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगालते हुए मामले की जांच में जुटी है।

# बनिया पासवान टोला में छह माह से नल-जल योजना बंद

**औरंगाबाद।** मदनपुर प्रखंड के बनिया पंचायत के वार्ड नं-14 बनिया पासवान टोला के लोगों को नल-जल योजना से पानी लगभग छह माह से बंद पड़ा है। जिससे ग्रामीणों को पेयजल की समस्या उत्पन्न हो गई है। पासवान टोला के लिए विभाग से नया नल जल योजना लगाने का टेंडर हुआ है। इस कार्य को कराने के लिए मेसर्स आर्यन कंस्ट्रक्शन कंपनी को यह महादलित टोला में नया नल-जल योजना लगाने के लिए विभाग से स्वीकृति मिली है। संवेदक द्वारा सड़क के किनारे गड्ढा खोद कर पाइप बिछा कर छोड़ दिया गया है। गड्ढा भी नहीं भरा गया है जिसके कारण प्रतिदिन लोग गड्ढे में गिरकर घायल हो गए हैं। संवेदक के द्वारा कभी तक पेयजल आपूर्ति करवाने हेतु बोरिंग नहीं करवाई गई है और काम बंद कर दिया गया है। बनिया पासवान टोला के लोगो को गंभीर पेयजल संकट उत्पन्न हो गई है। लोगों को पेयजल के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। बनिया पंचायत के बनिया पासवान टोला में नए तरीके से नल जल जीवन लगवाकर शुद्ध पेयजल आपूर्ति करा दिया जाए तो ग्रामीणों को लाभ मिलेगा।

# नाई समाज की पंद्रह सदस्यीय कमेटी गठित, अध्यक्ष बनें अशोक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

मदनपुर। शिवगंज में गुरुवार को पारस ठाकुर के सभागार में अखिल भारतीय नारी विकास संघ का बैठक संतोष ठाकुर की अध्यक्षता में की गई। बैठक में क्षौर कार्य करने वाले सैलून संचालकों का एक कमेटी का गठन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से अशोक कुमार ठाकुर को अध्यक्ष, सचिव मनु ठाकुर, कोषाध्यक्ष संजीव कुमार, उपाध्यक्ष निरज ठाकुर, राजकुमार ठाकुर, उप सचिव अखिलेश ठाकुर, उपकोषाध्यक्ष संतोष ठाकुर को चुनाव किया गया है। जबकि कार्यकारणी समिति के सदस्यों का चुनाव प्रह्लाद



ठाकुर, मुना कुमार ठाकुर, राकेश कुमार, समीर कुमार, गौतम कुमार ठाकुर, राकेश कुमार शामिल हैं। कमेटी के मुख्य संरक्षक पारस ठाकुर और संरक्षक संतोष ठाकुर को सर्वसम्मति से चुनाव किया गया है। बैठक रामू ठाकुर, सूरजपत ठाकुर, प्रवीण कुमार ठाकुर समेत अन्य लोग शामिल थे। नव चयनित कमिटी के अधिकारियों ने कहा कि सैलून हर गुरुवार को बंद रहेगा। क्षौर कार्य नहीं होगा। महंगाई के मद्देनजर क्षौर कार्य के लिए नियामावली बना कर लेट तय करने पर विचार विमर्श किया गया। नियम उल्लंघन करने पर जुर्माना लगाने का प्रावधान किया गया है।

# महुआ के 21 केंद्रों पर 295 परीक्षार्थियों ने छोड़ी परीक्षा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**महुआ।** मैट्रिक परीक्षा के दूसरे दिन बुधवार को महुआ के सभी 21 केन्द्रों पर दोनों पालियों में 295 परीक्षार्थी अनुपस्थित हो गए। जिसमें प्रथम पाली में 150 तो दूसरी पाली में 145 परीक्षार्थीयों ने परीक्षा छोड़ दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार कुल आवंटित 19,206 परीक्षार्थियों में 18,911 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। प्रथम पाली में 9,639 में 9,489 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। वहीं दूसरी पाली में 9,567 में 9,422 परीक्षार्थी शामिल हुए। यहां किसी भी केंद्र से परीक्षार्थी कदाचार में नहीं पकड़े गए। परीक्षा की सफल संचालन को लेकर एसडीओ विवेक चंद्र पटेल, डीएसपी संजीव कुमार, बीडीओ सौरव वर्णवाल और पेट्रोलिंग दस्ते भ्रमणशील रहे। यहां परीक्षा में पदाधिकारी को अभिभावकों और परीक्षार्थियों का पूरा-पूरा सहयोग मिल रहा है। जिससे शांतिपूर्ण वातावरण में कदाचार मुक्त परीक्षा ली जा रही है। मैट्रिक परीक्षा को लेकर महुआ इलाका गुलजार हो रहा है। यहां परीक्षार्थियों के साथ अभिभावकों की काफी भीड़ हो रही है। उनकी भीड़ के कारण महुआ बाजार में काफी चहल पहल भी बढ़ गई है। वहीं विभिन्न सामानों के दुकानें भी केंद्रों के पास सजी है। महुआ में इस समय चाय नाश्ता की चलंत दुकानें सभी केंद्रों पर लग गई है।

# स्कॉटिश पब्लिक स्कूल, अररिया में वार्षिक खेल महोत्सव का समापन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अररिया।** स्कॉटिश पब्लिक स्कूल, अररिया में वार्षिक खेल महोत्सव का द्वितीय एवं अंतिम दिवस अत्यंत उत्साह और गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों, अभिभावकों तथा अतिथियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अररिया के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी राशिद नवाज थे। उन्होंने विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजयी विद्यार्थियों को पदक प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम की शुरुआत शास्त्रीय नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति से हुई। इसके उपरांत



विद्यार्थियों के बीच ब्लेज़र दौड़, गणित दौड़, रिंग दौड़, छोटे बच्चों के लिए बॉल एवं बाल्टी दौड़ तथा अंतर सदन रस्साकशी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सभी प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और खेल भावना के साथ भाग लिया। प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि, विद्यालय के निदेशक अनुप कुमार, सहायक निदेशक कुमार आर्यन तथा शिक्षकों द्वारा पदक देकर सम्मानित एवं प्रोत्साहित किया गया। विद्यालय के निदेशक अनुप कुमार ने अपने संबोधन में सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि जो विद्यार्थी इस बार पदक प्राप्त नहीं कर सके हैं, वे निराश न हों, बल्कि अगले वर्ष और अधिक परिश्रम कर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का संकल्प लें। अंत में उन्होंने मुख्य अतिथि, अभिभावकों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी को धन्यवाद दिया।

# अग्निवीर : बेतिया व सीतामढ़ी के 350 युवाओं ने पहली बाधा की पार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** अग्निवीर बहाली प्रकिया के तीसरे दिन गुरुवार को बेतिया (पश्चिम चंपारण) और सीतामढ़ी के 12 सौ अभ्यर्थियों से शारीरिक दक्षता जांच में दमखम दिखाया। इनमें 350 अभ्यर्थियों ने पहली बाधा पार की। इन युवाओं को मेडिकल जांच के लिए अलग-अलग तारीखों पर चक्कर मैदान में बने मेडिकल कैंप में बुलाया गया है। यहां फिट पाये जाने के बाद इनका अंतिम रूप से चयन किया जाएगा। बुधवार की देर रात करीब ढाई बजे के बाद साउथ चक्कर मैदान स्थित 7 रेस कोर्स में बने इंट्री गेट से अभ्यर्थियों को प्रवेश दिया गया। एडमिट कार्ड



और बायोमेट्रिक से थंब इंप्रेशन की जांच के बाद बैच तैयार करें शारीरिक दक्षता की जांच शुरू की गई।इस दौरान तीन अभ्यर्थी ट्रैक पर गिरने से चोटिल हो गए। इनका इलाज किया गया। शुक्रवार को मुजफ्फरपुर सेना भर्ती कार्यालय के अंतर्गत मुजफ्फरपुर, मधुबनी और शिवहर जिले के अभ्यर्थी 1600 मीटर की दौड़ पूरी कर पहली बाधा को पार करेंगे। इसके बाद दानापुर भर्ती कार्यालय के अंतर्गत सात जिलों के अभ्यर्थियों की बहाली प्रक्रिया होगी।

# एफआरके आपूर्ति में कमी पर डीएम सख्त, समय पर आपूर्ति का दिया निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में अपेक्षित मात्रा में एफआरके (फोर्टिफाइड राइस कर्नेल) की आपूर्ति सुनिश्चित कराने को लेकर गुरुवार को जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा (भा.प्र.से.) की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पदाधिकारी ने संबंधित एफआरके आपूर्तिकर्ताओं के साथ आपूर्ति की स्थिति की गहन समीक्षा की। समीक्षा के दौरान पाया गया कि खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के तहत धान अधिप्राप्ति लक्ष्य की तुलना में औरंगाबाद जिले में अन्य जिलों की अपेक्षा एफआरके की आपूर्ति अत्यंत कम है। इस पर जिला पदाधिकारी ने गहरी नाराजगी जताते हुए कहा कि एफआरके की कमी से धान



अधिप्राप्ति कार्य प्रभावित हो रहा है, जिससे समितियों, मिलरों एवं किसानों के बीच असंतोष की स्थिति उत्पन्न हो रही है। उन्होंने आपूर्तिकर्ताओं को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि लक्ष्य के अनुरूप समय पर आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। साथ ही चेतावनी दी कि आपूर्ति में लापरवाही बरतने पर संबंधित एजेंसियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला प्रबंधक, राज्य खाद्य निगम समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## एक नजर

### शराब के साथ दो युवक गिरफ्तार, बाइक जब्त

**रफीगंज (औरंगाबाद)/ नबिटा संवाददाता।** शहर के डाक बंगला के समीप वाहन चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने एक बाइक पर लदे सात बोतल अंग्रेजी शराब के साथ दो युवक को गिरफ्तार किया है। रफीगंज थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि वाहन चेकिंग अभियान शहर के डाक बंगला के समीप एसआई निरंजन सिंह के द्वारा चलाई जा रही थी। इसी क्रम में अपाची बाइक पर लदे सात बोतल कुल 2.625 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया गया। आरोपितों की पहचान रफीगंज थाना क्षेत्र के बदेपुर गांव निवासी गुड्डू कुमार एवं सलैया थाना क्षेत्र के नाथू बीघा गांव निवासी विनेश कुमार के रूप में की गई। मध निषेध अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस द्वारा अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

### बनिया पंचायत समिति ने सड़क निर्माण को ले डीएम को लिखा पत्र

**औरंगाबाद/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले के मदनपुर प्रखंड के बनिया पंचायत के तहत एनएच 19 से नगमतिया गांव जाने वाली सड़क काफी पुराना एवं जर्जर अवस्था में है। बता दें कि नगमतिया गांव में अल्पसंख्यक एवं महादलित परिवारों के लोग रहते हैं। सरकार के उपेक्षा पूर्ण रवैया के कारण यह गांव विकास से कोसों दूर है। ग्रामीणों को हो रही समस्या को देखते हुए बनिया पंचायत के पंचायत समिति सदस्य बबीता देवी ने डीएम अभिलाषा शर्मा को पत्र लिखकर नगमतिया गांव के मुख्य सड़क को पक्कीकरण करवाने की मांग की है। पंचायत समिति सदस्य ने कहा कि एनएच 19 से नगमतिया गांव तक की सड़क को ग्रामीण कार्य विभाग व कार्य प्रमंडल औरंगाबाद के द्वारा निर्माण कराई जाए। बता दें कि नगमतिया गांव की आबादी लगभग 2500 की है। इस गांव में सभी परिवार अल्पसंख्यक एवं महादलित समाज के रहते हैं। उन्होंने डीएम से अविलंब गांव की सड़क को पक्कीकरण करवाने का आग्रह किया है।

### शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार

**बारुण/नबिटा संवाददाता।** रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट सोननगर जंक्शन ने ऑपरेशन सतर्क के दौरान शराब तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक कारोबारी को 23 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है। जीआरपी थानाध्यक्ष मुनेंद्र कुमार ने बताया कि गश्ती दल में शामिल आरपीएफ द्वारा रफीगंज स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या तीन और चार के बीच से एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया। तस्कर के बैग को जांच के दौरान बैग से 350 एमएल का 22 बोतल अंग्रेजी शराब को जब्त किया। गिरफ्तार तस्कर की पहचान उत्तर प्रदेश स्थित फैजाबाद जिला के कर्मडांड गांव निवासी कुणाल यादव के रुप में पहचान हुई है। इसके अलावा सोननगर जंक्शन से लावारिश एक थैले की तलाशी में 15 लीटर शराब जब्त किया गया जिसमें 750 एमएल का 11 बोतल विदेशी शराब और 180 एमएल का 30 बोतल शराब था। मामले आवश्यक कार्रवाई के उपरांत कारोबारी को जेल भेज दिया गया।

### यज्ञ में प्रवचन के साथ अयोध्या का होगी रामलीला

**मदनपुर (औरंगाबाद)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** वार में श्री रुद्र चण्डी महायज्ञ श्री राम जानकी शिव परिवार व हनुमत प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया गया है। यह 23 फरवरी से 2 मार्च तक चलेगा। यह जानकारी यज्ञ के यजमान अरुण कुमार सिंह ने दी है। उन्होंने बताया कि 23 फरवरी को जल यात्रा और देवी अनुराधा सरस्वती का प्रवचन व अयोध्या का रामलीला का आयोजन होगा। एक मार्च को श्री राम जानकी शिव परिवार एवं हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम होगा। इसके बाद 2 मार्च को पूर्णाहुति, भंडारा व विदाई संपन्न किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यज्ञ आयोजन प्रण पूज्य गुरुदेव त्रिदंडी स्वामी के परम शिष्य श्री श्री 1008 श्री रामगोपालाचार्य महाराज के सानिध्य में श्री रुद्र चण्डी महायज्ञ सह राम जानकी शिव परिवार व हनुमत प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया गया है। यज्ञ आयोजन से न केवल वातावरण शुद्ध व धार्मिक अध्यात्मिक माहौल बनता है। लोगों का जीवन में खुशियां और खुशहाली हो।

### पैक्स गोदाम निर्माण स्थल पर विवाद डीएम से रोक लगाने की मांग



**हसपुरा (औरंगाबाद)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** हसपुरा बाजार में प्रस्तावित पैक्स गोदाम के निर्माण स्थल को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। लोजपा (रामविलास) के प्रदेश सचिव सह वैश्य चेतना समिति के जिला संयोजक विजय कुमार अकेला ने इसे जनहित के विरुद्ध बताते हुए जिलाधिकारी से तत्काल रोक लगाने की मांग की है। प्रेस विज्ञप्ति जारी कर अकेला ने कहा कि एक ओर सरकार 'जल-जीवन-हरियाली' अभियान के तहत जल स्रोतों के संरक्षण पर करोड़ों रुपये खर्च कर रही है, वहीं दूसरी ओर अंचल कार्यालय हसपुरा द्वारा जल निकासी से जुड़े महत्वपूर्ण स्थान को पैक्स गोदाम निर्माण के लिए आवंटित किया जा रहा है, जो विरोधाभासी है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रस्तावित स्थल पर न तो मुख्य सड़क की सुविधा है और न ही समुचित आवागमन की व्यवस्था। पहले से मौजूद सड़क संकीर्ण है, जिससे बड़े वाहनों का आवागमन कठिन होगा। वहीं, गोदाम के समीप सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, पंचायत भवन एवं मनरेगा भवन स्थित हैं। ऐसे में गोदाम के लिए होने वाली लोडिंग-अनलोडिंग के दौरान सड़क जाम होने की आशंका है, जिससे अस्पताल आने-जाने वाले मरीजों और एंबुलेंस सेवाओं पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। अकेला ने यह भी बताया कि नरसन मोड़ के पास सड़क पहले से ही क्षतिग्रस्त है, जिसकी मरम्मत अत्यंत आवश्यक है। साथ ही मुख्य सड़क का मोड़ काफी संकीर्ण है, जिसे चौड़ा करना भी संभव नहीं है।

**पूर्व रेलवे**

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/(सामान्य), पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, रिमोट कंट्रोल बिल्डिंग, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नवर्णित कार्यों के सिलसिले में निम्नलिखित ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं: **क्रम सं. 1, निविदा संख्या : ईएलईजी-ओटी-1294-2025-26, दिनांक : 17.02.2026, कार्य का विवरण:** वरिष्ठ डीईएन/III/सियालदह के कार्यक्षेत्र में सीमेंट कंक्रीटिंग के साथ माझदिया, बानपुर, गंगनापुर, बादकुल्ला, हबीबपुर, फुलिया, बाथना कृत्तिबास हाल्ट, पगलाचंडी, न्यू बलरामपुर हाल्ट, कासिमबाजार, मुर्शिदाबाद, जियागंज, सुबर्णमृगी, भगवानगोला, पीरतला, कृष्णपुर, लालगोला (कुल =28 अदद) में प्लेटफॉर्म को ऊँचा करना एवं सभी अन्य सहायक कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 1,41,19,474/-, **बयाना राशि:** रु. 2,20,600/-, **क्रम सं. 2, निविदा संख्या : ईएलईजी-ओटी-1300-2025-26, दिनांक : 17.02.2026, कार्य का विवरण:** वरिष्ठ डीईएन/III/सियालदह के अधीन सियालदह मंडल में विभिन्न स्टेशनों पर फुट ओवर ब्रिज पर शेड का प्रावधान एवं सभी अन्य सहायक कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 65,36,663/-, **बयाना राशि:** रु. 1,30,700/-, **समापन अवधि:** 12 माह (क्रम सं. 1 एवं 2 हेतु)। **बोली प्रारंभ होने की तिथि:** दिनांक 25.02.2026 (क्रम सं. 1 एवं 2 हेतु)। **निविदा बंद होने की तिथि और समय:** दिनांक 11.03.2026 को 14.00 बजे (क्रम सं. 1 एवं 2 हेतु)। निविदा सूचना एवं समय-समय पर जारी संशोधनी का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध हैं।

SDAH-406/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway

@easternrailwayheadquarter

# बंगाल चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत तय, कानून-व्यवस्था ध्वस्त : शाहनवाज हुसैन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**दरभंगा।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शाहनवाज हुसैन ने गुरुवार को एक प्रेस वार्ता को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने आगामी पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव एवं बंगाल की बिगड़ती कानून व्यवस्था पर विस्तारपूर्वक अपनी बात रखी। प्रेस को संबोधित करते हुए शाहनवाज हुसैन ने कहा कि पश्चिम बंगाल में जनता परिवर्तन के मूड में है और आगामी विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की सुनिश्चित जीत तय है। उन्होंने कहा कि तृणमूल कांग्रेस सरकार के शासनकाल में राज्य की कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। महिलाओं, युवाओं और आम नागरिकों की सुरक्षा खतरे में है, जिससे जनता में व्यापक आक्रोश व्याप्त है। पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को संवैधानिक संस्थाओं पर बोलने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। उन्होनें कहा की आगामी पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की सफलता को लेकर विश्वास जताते हुए कहा कि इस बार बंगाल की जनता परिवर्तन के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा कि राज्य में तृणमूल कांग्रेस सरकार के कुशासन, भ्रष्टाचार, कानून-व्यवस्था की बदहाली और विकास कार्यों की उपेक्षा से लोग बेहद त्रस्त हैं। शाहनवाज हुसैन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जब बंगाल की जनता को नहीं मिल पाया, तो लोगों में गहरा आक्रोश है। भाजपा इस चुनाव में सुशासन, विकास, रोजगार और महिलाओं की सुरक्षा को प्रमुख मुद्दा बनाकर जनता के बीच जा रही है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा कार्यकर्ताओं की मेहनत, संगठन की मजबूती और जनता के समर्थन से इस बार पश्चिम बंगाल में भाजपा ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगी और राज्य में एक स्थिर, विकासोन्मुखी सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि बंगाल में परिवर्तन तय है और भाजपा जनता की आकांक्षाओं पर खरा उतरने का काम करेगी। उन्होंने मुर्शिदाबाद में हुमायूं कबीर द्वारा बाबरी मस्जिद के नाम पर किए जा रहे निर्माण को लेकर कड़ी आपत्ति जताई और कहा कि इस प्रकार की गतिविधियाँ सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने का कार्य करती हैं। भाजपा ऐसे किसी भी प्रयास का पुरजोर विरोध करती है जो देश की एकता और अखंडता को नुकसान पहुँचाए। इससे पूर्व श्री हुसैन ने बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी के आवास पर पहुँचकर उनकी पूजनीय माताजी के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की तथा शोक संतप्त परिवार को इस दुःख की घड़ी में संबल प्रदान करने की कामना की। प्रेस वार्ता के दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष आदित्य नारायण मन्ना, उपाध्यक्ष विकास रजक, जिला मीडिया प्रभारी मुकुंद चौधरी, वाणिज्य प्रकोष्ठ के जिला संयोजक दीपक पंजियार, के.पी.पप्पु, विनोद सहनी, गुलशन चौधरी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बिजली चोरी मामले में पांच लोगों पर मामला दर्ज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वीरपुर।** थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में बिजली चोरी के खिलाफ बुधवार को सर्च ऑपरेशन चलाया गया। जानकारी देते हुए विद्युत आपूर्ति प्रशाखा वीरपुर के कनीय विद्युत अभियंता पंकज कुमार शर्मा ने बताया कि उच्च पदाधिकारियों के आदेशानुसार नौला गांव वार्ड संख्या 21 निवासी रतन यादव के पुत्र मनोज यादव के आवासीय परिसर के जांच में बिजली चोरी करते पाया गया जिससे कंपनी को 8086 एवं प्रशांत कुमार के पत्नी के आवासीय परिसर में मीटर से बायपास कर बिजली चोरी की जा रही है जिससे कंपनी को 5380 रुपए एवं मुकेश कुमार के पत्नी रिंकू कुमारी के आवासीय परिसर से मीटर बायपास कर बिजली चोरी की जा रही थी जिससे कंपनी को 5064 रुपए और मुरादपुर गांव वार्ड संख्या 13 निवासी राजेश शर्मा के पत्नी मीना देवी के आवासीय परिसर की जांच के दौरान मीटर बायपास कर बिजली चोरी करते हुए पाया गया जिससे कंपनी का 43339 रुपए एवं फजिलपुर गांव वार्ड संख्या 8 निवासी नुनूलाल यादव के पुत्र अनिल यादव के आवासीय परिसर की जांच पड़ताल के दौरान मीटर से बायपास कर बिजली चोरी करते हुए पाया गया जिससे कंपनी को 9559 रुपए की नुकसान हुई है। छापेमारी के दौरान कुल मिलाकर 71428 रुपए की जुर्माना किया गया है। दल में मोहित कुमार पांडेय, रंजीत पंडित, राजाराम महतों, फुलटून राम, नकुल कुमार महतों, मनोज कुमार दास शामिल थे।

## सवर्ण मोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव बने राजीव रंजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** अखिल भारतीय सवर्ण मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव कुमार सिंह के द्वारा अखिल भारतीय कायस्थ महासभा बिहार प्रदेश के अध्यक्ष राजीव रंजन सिन्हा को अखिल भारतीय सवर्ण मोर्चा का राष्ट्रीय महासचिव एवं बिहार प्रदेश संगठन प्रभारी के पद पर नियुक्त किया गया है। राजीव रंजन सिन्हा को राष्ट्रीय महासचिव एवं बिहार प्रदेश संगठन प्रभारी पद पर नियुक्त होने पर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा बेगूसराय के जिला अध्यक्ष राजेश कुमार सिन्हा अधिवक्ता ने बधाई देते हुए आशा व्यक्त किया है कि राजीव रंजन सिन्हा के नेतृत्व में राष्ट्रीय एवं बिहार स्तर पर सवर्ण मोर्चा और शशक्त एवं संगठित होगा। राजीव रंजन सिन्हा के मार्गदर्शन में बिहार प्रदेश सवर्ण मोर्चा सवर्ण समाज के हक और हुकूक को लेकर संघर्षरत रहेगा। राजीव रंजन सिन्हा को राष्ट्रीय महासचिव एवं बिहार प्रदेश संगठन प्रभारी पद पर नियुक्त करने के लिए अखिल भारतीय स्वर्ण मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव कुमार सिंह को अखिल भारतीय कायस्थ महासभा बेगूसराय के जिला अध्यक्ष राजेश कुमार सिन्हा ने साधुवाद दिया है। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिला सहायक सचिव अखिलेश कुमार, आलोक रंजन सिन्हा, संगठन सहायक सचिव राकेश कुमार आदि ने भी राजीव रंजन सिन्हा को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनायें व्यक्त की है।

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** प्रखंड क्षेत्र के मुख्तियारपुर जगदीशपुर मुख्य पथ पर मुख्तियारपुर बहियार में बुधवार की देर रात हुए सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। जबकि एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक की पहचान किरतपुर पंचायत के ईसापुर गांव निवासी स्व. अशर्फी सहनी के 35 वर्षीय पुत्र अनिल सहनी के रूप में हुई है। ग्रामीणों के अनुसार अनिल सहनी अपने रिश्तेदार बलिया निवासी शीतल कुमार के साथ बाइक से बनवारीपुर वनखंडी स्थान स्थित शिवरात्रि मेला देखने आया था मेला देख कर घर लौट रहे थे इसी दौरान रास्ते में बाइक असंतुलित होकर एक पेड़ से टकरा गई। हादसे में अनिल सहनी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि शीतल कुमार घायल हो गए। अनिल सहनी पेशे से राजमिस्त्री का काम करते थे और तीन भाइयों में सबसे छोटे थे। वे अपने पीछे पत्नी कंचन देवी तथा दो पुत्र–12 वर्षीय दीपक कुमार और 8 वर्षीय किशन कुमार–को छोड़ गए हैं। वे परिवार के एकमात्र कमाऊ सदस्य थे। घटना की सूचना पर प्रभारी थानाध्यक्ष सुमित कुमार सिंह दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल बेगूसराय भेज दिया। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

## बरौनी स्वास्थ्य केंद्र में होगी आंखों की जांच

### विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा प्रतिदिन की जा रही है मरीजों की आंख जांच

**सुविधा**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बरौनी।** प्रखण्ड स्वास्थ्य केंद्र में सोमवार से शनिवार तक नेत्र रोगों की आधुनिक जांच और उपचार की सुविधा शुरू हो गई है। जहां मरीजों को एक ही छत के नीचे विशेषज्ञ सलाह और मशीन द्वारा जांच उपलब्ध कराई जा रही है। विशेषज्ञों की देखरेख में जांच बरौनी स्वास्थ्य केंद्र में अनुभवी नेत्र विशेषज्ञ डॉ अजहर खान द्वारा नियमित रूप से आंखों की जांच की जा रही है। उनके साथ तकनीकी टीम में विजन टेक्नीशियन राजेश कुमार एवं सुमन कुमारी मुस्तैद हैं जो आधुनिक मशीनों के जरिए मरीजों की आंखों का सटीक परीक्षण सुनिश्चित करते हैं। प्रमुख सुविधाएं और मशीनें यहां आंखों की जांच के लिए उपलब्ध हैं। विशेष रूप से आंख का पर्दा जांच एवम पर्दे की जटिल समस्याओं की पहचान अब अस्पताल में ही संभव है।

**मशीन के द्वारा होगी नंबर की जांच**

चश्मे के नंबर की सटीक जांच अत्याधुनिक मशीनों से की जाती है। स्वास्थ्य केंद्र में दी जाने वाली सभी जाँच और परामर्श पूरी तरह से मुफ्त हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरौनी के मैनेजर संजय सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि केंद्र का उद्देश्य गरीब और जरूरतमंद मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करना है। उन्होंने कहा हमारे यहां नेत्र विशेषज्ञ और कुशल टेक्नीशियन की टीम तैनात है। लोग अब निजी क्लीनिकों के भारी खर्च से बचकर सरकारी अस्पताल में आधुनिक मशीनों से अपनी आँखों की मुफ्त जाँच करवा सकते हैं। चश्मा मुफ्त में मिल रहा है। इस पहल से बरौनी और आसपास के ग्रामीण इलाकों के मरीजों में खुशी की लहर है। क्योंकि उन्हें अब छोटी-मोटी जाँचों के लिए निजी अस्पतालों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे।

## मामूली मारपीट में दम्पत्ति घायल

**बीहट।** बरौनी थाना क्षेत्र के पिपरा देवास गांव में आपसी विवाद में जमकर मारपीट हुई। इस सम्बंध में पीड़ित राजेश कुमार यादव थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। आवेदन में लिखा है कि सुबह करीब साढ़े 10 बजे अपने घर के दरवाजे पर बैठे थे तभी पिपरा देवास निवासी मनोज यादव के तीन पुत्रों-आवास कुमार, उदय चंद्र कुमार और रोहित कुमार ने घर में घुसकर अचानक हमला कर दिया। वह बेहोश हो गया। राजेश की पत्नी और स्वयं राजेश बीच-बचाव करने पहुँचे तो आरोपियों ने लोहे के पाइप से राजेश के सिर पर वार कर दिया। जिससे वे लहूलुहान होकर गिर पड़े। पुलिस मामले की छमबीन में जुट गई है।

## खेतों में करें नैनो यूरिया का उपयोग : नितिन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बलिया।** प्रखण्ड इफ्को बजार के प्रबंधक कौशल किशोर कुमार की अध्यक्षता मे किसानो की संगोष्ठी का आयोजन किया गया। किसान संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि इफ्को बजार के बिहार रिजनल मैंनेजर नितिन मिश्रा ने कहा कि जिस तरह से खेतो मे उर्वरक की मात्रा बढ़ाकर उपयोग किया जा रहा है आने बाले दिनों मे खेत की मिट्टी पूरी तरह से बंजर एवम पत्थर हो जाएगी। फिर देश मे अकाल की नौबत आ जाएगी। इसलिए खेत के मिट्टी को बचाने के लिए आप नैनो यूरिया डीएपी का उपयोग करे। नैनों यूरिया डीएपी का जब आप फसल पर छिड़काव करते है तो वह जमीन पर नहीं जाकर पौधे पर गिरती है। जिससे फसल को तो ज्यादा फायदा होता है। मिट्टी की उर्वरक शक्ति भी बारकरार रहती है। आज हमसब किसान का कर्तव्य है की खेत के मिट्टी को बचाकर रखे और जैसा खेत हमलोग के पूर्वज ने हमलोग को सौपा। उसी तरह का स्वस्थ खेत हमसब किसान अपने बच्चो को भी सौंपे। हम आपको गारन्टी देते है इफ्को बजार से खरीदे गए कोई खाद शुद्ध रहता है। उचित दर पर किसानो को मिलता है। आज के इस संगोष्ठी मे बलिया व्यपार मंडल के अध्यक्ष राकेश सिंह किसान रंजन चौधरी राजेश कुमार शिवजी यादव रामसुमिरन ताती बबलू कुमार दीपक कुमार सहित दर्जनों किसान उपस्थित थे।

## अन्नप्राशन दिवस पर माताओं ने ली पोषण शपथ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बेगूसराय।** नीति आयोग के आकांक्षी कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य एवं पोषण संकेतकों में सुधार के संकल्प के साथ गुरुवार को जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर अन्नप्राशन दिवस मनाया गया। जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम जिले के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य और पोषण सेवाओं की शत-प्रतिशत पहुंच सुनिश्चित करना है। जिला पदाधिकारी के कुशल नेतृत्व में प्रशासन का लक्ष्य जिले को कुपोषण मुक्त बनाना है। इसी क्रम में जगतपुरा स्थित केंद्र संख्या- 3 पर विशेष सामूहिक अन्नप्राशन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें केंद्र संख्या 97 एवं 196 की सेविकाएं, सहायिकाएं तथा बड़ी संख्या में लाभार्थी शामिल हुए। इस सामूहिक आयोजन ने समुदाय को बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। आकांक्षी जिला होने के नाते बेगूसराय में नीति आयोग के मानकों पर तीव्र गति से कार्य हो रहा है और वर्तमान में संपूर्णता 2.0 अभियान भी संचालित है। अन्नप्राशन कार्यक्रम का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि छह माह पूर्ण कर चुके प्रत्येक बच्चे को सही समय पर पूरक आहार मिलना प्रारंभ हो जाए। इस अभियान में जिला प्रशासन के स्वास्थ्य विभाग, आईसीडीएस, जीविका तथा पिरामल फाउंडेशन द्वारा जमीनी स्तर पर व्यवहार परिवर्तन एवं तकनीकी सहयोग प्रदान किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान महिला पर्यवेक्षिका अदिति वत्स ने माताओं को बताया कि छह माह के बाद केवल स्तनपान पर्याप्त नहीं होता, बल्कि मसली हुई दाल और गाढ़ा दलिया जैसे ठोस आहार की शुरुआत बच्चे के मानसिक एवं शारीरिक विकास के लिए आवश्यक है। पिरामल फाउंडेशन के प्रतिनिधि दीपक मिश्रा ने स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हाथ धोकर भोजन खिलाना, घर के बने ताजे भोजन का उपयोग तथा संतुलित पोषण सुनिश्चित करना ही इस कार्यक्रम की सफलता की कुंजी है। समारोह के अंत में जगतपुरा हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर की सीएचओ किरण कुमारी ने उपस्थित माताओं को पोषण शपथ दिलाई जिसमें माताओं ने संकल्प लिया कि वे छह माह पूर्ण होने पर ही पूरक आहार शुरू करेंगी। भोजन की स्वच्छता और पौष्टिकता का पूरा ध्यान रखेंगी तथा दो वर्ष तक स्तनपान जारी रखेंगी। कार्यक्रम को सफल बनाने में सेविका कंचन कुमारी, बिंदु कुमारी, शुभम कुमारी और अर्चना कुमारी की सक्रिय भूमिका रही। जिला प्रशासन ने सभी अभिभावकों से अपील की है कि वे संपूर्णता अभियान से जुड़कर अपने बच्चों के सुनहरे भविष्य की मजबूत नींव रखें।

## शिविर में पशुओं में होने वाले बीमारियों की दी गई जानकारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** प्रखंड क्षेत्र के समसा पंचायत अंतर्गत करैईटांड़ चंडिका स्थान में एक दिवसीय पशु स्वास्थ्य शिविर एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन दीप प्रज्वलित कर किया गया। मंच संचालन गौतम गोस्वामी ने किया। शिविर में रानी गोस्वामी, सावित्री देवी एवं आसपास के क्षेत्रों से 150 से अधिक किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य पशुपालकों को वैज्ञानिक पद्धति से पशुपालन की जानकारी देना, पशुओं के स्वास्थ्य की जांच करना तथा उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोड़ना था। शिविर में किसानों को कृमिनाशन, नियमित टीकाकरण, बधियाकरण तथा संक्रामक और असंक्रामक रोगों की पहचान एवं रोकथाम की विस्तृत जानकारी दी गई। संतुलित आहार, हरे चारे की व्यवस्था, भूसे के उपचार और सालभर चारा प्रबंधन की वैज्ञानिक तकनीकों पर भी चर्चा की गई। विशेषज्ञों ने बताया कि समय पर टीकाकरण और उचित पोषण से दुग्ध उत्पादन क्षमता बढ़ती है और रोगों की संभावना कम होती है। पैरावेट लक्ष्मण कुमार ने कृत्रिम गर्भाधान की प्रक्रिया एवं नस्ल सुधार के महत्व को बताया। सीआरपी गौतम गोस्वामी ने पशुपालन से जुड़ी सरकारी योजनाओं, अनुदान, बीमा और ऋण सुविधा की जानकारी दी। कारगिल से राजीव कुमार पाठक ने मिनरल मिक्सचर, संतुलित आहार और स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डाला। वहीं प्रदान संस्था के शिवचंद्र कुमार ने जैविक खाद निर्माण और गोबर के सदुपयोग की जानकारी दी। अफसाना रोजी ने कहा कि ऐसे शिविर किसानों को वैज्ञानिक सोच अपनाने के लिए प्रेरित करते हैं।कार्यक्रम के अंत में किसानों ने इस पहल की सराहना की और भविष्य में भी ऐसे आयोजन की मांग की।

## लंबित मामलों के निष्पादन हेतु महिला आयोग ने शुरू किया आपके द्वार कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**समस्तीपुर।** बिहार राज्य महिला आयोग ने लंबित मामलों के निष्पादन के लिए राज्य मे 'महिला आयोग आपके द्वार' कार्यक्रम शुरू किया है। जिसके तहत महिला आयोग की अध्यक्ष अप्सरा मिश्रा के नेतृत्व मे गुरुवार को तीन सदस्यीय टीम समस्तीपुर पहुंची। आयोग की अध्यक्ष अप्सरा मिश्रा ने समस्तीपुर अतिथि गृह मे यह जानकारी देते हुए बताया कि आयोग द्वारा समस्तीपुर मे पहली बार दो दिवसीय कैम्प लगाये गए है जिसमें 212 लंबित मामलों की सुनवाई की जायेगी। उन्होंने बताया कि राज्य आयोग मे दर्ज लंबित 5 हजार मामलों मे से अब-तक 3 हजार 5 सौ मामलों का निष्पादन किया जा चुका है। अप्सरा मिश्रा ने बताया कि समस्तीपुर के बाद रोहतास एवं भागलपुर मे आयोग आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। इस मौके पर आयोग की सदस्य श्यामा सिंह एवं रश्मि रेखा सिन्हा समेत अन्य पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।

## कारोबारी गिरफ्तार

**भगवानपुर।** तेयाय ओपी पुलिस ने 35 लीटर देसी शराब एवं देशी शराब बनाने उपकरण के साथ एक कारोबारी को किया गिरफ्तार इस संबंध में तेयाय ओपी अध्यक्ष कुमारी निकिता भारती ने बताया कि गुप्त सूचना पर अतरूआ गांव से हीरा चौधरी के पुत्र ललन चौधरी को 35 लीटर देसी शराब एवं शराब बनाने के उपकरण के साथ गिरफ्तार किया गया।

## सोनदीपी दियारा में पुलिस को गुमराह करने के मामले में आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बलिया।** थाना क्षेत्र के परमानंदपुर पंचायत अंतर्गत सोनदीपी दियारा के वार्ड संख्या 12 एसटीएफ एवं स्थानीय पुलिस की संयुक्त छापेमारी में एक युवक को देसी पिस्तौल एवं पांच गोली के साथ गिरफ्तार किया गया। बलिया एसडीपीओ सुबोध कुमार ने बताया कि पुराने दुश्मनी के कारण फर्जी फसाने के उद्देश्य से सोनदीपी निवासी धर्मराज कुमार के द्वारा एसटीएफ को अवैध हथियार रखने को लेकर फोन किया गया था। जब स्थल पर एसटीएफ एवं स्थानीय पुलिस पहुंची तो सोनदीपी निवासी नूनूलाल यादव का घर बंद था। स्थानीय लोगों से पूछे जाने पर बताया गया कि दोनों पक्ष में जमीनी विवाद है और नूनूलाल यादव यहां नहीं है। इसी पर पुलिस को संदेह हुआ और सूचक धर्मराज कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में धर्मराज कुमार ने स्वीकार किया कि उसने ही पुरानी दुश्मनी के कारण फसाने के उद्देश्य से हथियार-गोली छिपाकर झूठी सूचना दी थी। पुलिस ने धर्मराज कुमार को गिरफ्तार करते हुए हथियार गोली जब्त कर कानूनी कार्रवाई शुरू करते हुए बुधवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## बलिया में ग्रामीण एसपी कार्यालय खोलने की मांग

**बलिया।** प्रखंड क्षेत्र के बुद्धिजीवियों ने केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह से मिलकर ग्रामीण एसपी का कार्यालय बलिया में स्थापित करने की मांग की। गुरुवार को सामाजिक कार्यकर्त्ता राजकुमार प्रसाद, जदयू जिला महासचिव मृत्युंजय कुमार, सुभाष कुमार, हरेराम कुमार सहित कई स्थानीय लोगों ने केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह को इस सम्बंध में आवेदन देकर बलिया में ग्रामीण पुलिस अधीक्षक का कार्यालय स्थापित कराने की मांग की है। केंद्रीय मंत्री को दिए आवेदन में बताया गया है कि बलिया अनुमंडल की भौगोलिक, प्रशासनिक एवं विधि-व्यवस्था संबंधी परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए यहां ग्रामीण पुलिस अधीक्षक (एसपी) कार्यालय की स्थापना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया है कि बलिया खगडिया, मुंगेर, बेगूसराय, मंझौल एवं बखरी के मध्य स्थित होने के कारण इसका सामरिक एवं प्रशासनिक महत्व विशेष है। यह क्षेत्र विभिन्न प्रखंडों एवं अनुमंडलों से सीधे जुड़ा हुआ है। जिससे अपराध नियंत्रण एवं त्वरित प्रशासनिक कार्रवाई के लिए यह स्थान उपयुक्त सिद्ध हो सकता है। इसके अतिरिक्त बलिया अनुमंडल दियारा क्षेत्र से घिरा हुआ है। जहां समय-समय पर आपराधिक गतिविधियों की आशंका बनी रहती है।

## रजाकपुर ने विष्णुपुर को 233 रनों से किया पराजित

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अयोध्या प्रसाद सिंह उच्च विद्यालय के खेल मैदान में आयोजित डायमंड जुबली क्रिकेट टूर्नामेंट के चौथे व अंतिम लीग मैच बुधवार को रजाकपुर और सैदपुर विष्णुपुर के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी को आमंत्रित रजाकपुर टीम ने राहुल के तुफानी पारी महज़ 35 गेंदों में 142 रनों की रिकार्ड तोड़ पारी खेली। जिसमें 18 छक्के और 7 चौके लगाए। सौरभ ने भी राहुल का साथ देते हुए 56 रन बनाए। दोनों बल्लेबाजों के बीच बड़ी साझेदारी की बदौलत रजाकपुर टीम ने मैदान के सर्वाधिक रनों के रिकॉर्ड को तोड़ते हुए 365 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। इस विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी सैदपुर विष्णुपुर की टीम 13 वें ओवर में 132 रनों पर ढेर हो गई। रजाकपुर ने 233 रनों से जीत हासिल करते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया, जहां उसका मुकाबला बेगमपुर के साथ रविवार को होगा।

## प्रत्येक गांव में विपत्र सुधार एवं राजस्व वसूली हेतु शिविर का आयोजन

**बिक्रमगंज (रोहतास) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** विद्युत विभाग के मुख्यालय द्वारा लिए गए निर्णय के आलोक मे प्रत्येक प्रशाखा अन्तर्गत सभी गाँव में कम-से-कम एक बार 19 फरवरी से 30 मार्च तक विपत्र सुधार एवं राजस्व वसूली (विशेष कर ऐसे उपभोक्ता जिन्होंने वित्तीय वर्ष 2025-26 में एक बार भी भुगतान नहीं किया हो) हेतु कैम्प का आयोजन किया जायेगा। वित्तीय वर्ष 2025-26 की समाप्ति में दो माह से भी कम का समय शेष है एवं कम्पनी का राजस्व लक्ष्य के अनुरूप नहीं है तथा विद्युत विपत्र बकाया के मद में बहुत बड़ी राशि उपभोक्ताओं के पास लंबित है। विद्युत कार्यपालक अभियंता सासाराम ई. ब्रवीम ने बताया की कैम्प में प्राप्त शिकायतों यथा विपत्र में त्रुटि, अधिक राशि का विपत्र होने की शिकायत, स्मार्ट प्रीपेड मीटर से संबंधित शिकायतें, खराब मीटर शिकायत, नया विद्युत सबंध में विलम्ब इत्यादि के संबंध में यह प्रयास रहेगा कि कैम्प स्थल पर ही अधिकाधिक सुधार कर दिया जाय फिर भी जिन विपत्रों का सुधार कैम्प स्थल पर सम्भव नहीं हो उनका विपत्र निरीक्षण के पश्चात अधिकतम सात दिनों के अन्दर सुधार करते हुए सुधारा गया विपत्र उपभोक्ता को हस्तगत करा दिया जायेगा। आयोजित कैम्प अन्तर्गत प्रत्येक गाँव में अधिकाधिक विपत्रित एवं बकायेदार उपभेक्ताओं से राजस्व वसूली भी किया जायेगा। इसके अतिरिक्त बिजली चोरी की जाँच एवं बकाया पर विद्युत संबंध विच्छेदित भी सुनिश्चित किया जायेगा। उन्होंने बताया की कैम्प में कनीय विद्युत अभियता (आपूर्ति) प्रशाखा अन्तर्गत उपलब्ध बिजली विभाग के कर्मी/बिलिंग एजेन्सी के मीटर रीडर/मानवबल इवॉलेट के साथ उपलब्ध रहेंगे एवं उपभोक्ताओं से भुगतान भी प्राप्त करेंगे।

**पूर्व रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

**सं. सी5/एएसएन/कैश पिकअप/25** **दिनांक: 18.02.2026**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल पिन–713301 द्वारा द्वारा दो वर्ष की अवधि के लिए पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड राज्य में फैले पूर्व रेलवे के आसनसोल मंडल के 53 (तिरपन) स्टेशनों/स्थानों से स्टेशन नकदी और इंस्ट्रूमेंट को उठाने और एफए एंड सीएओ, पूर्व रेलवे, कोलकाता के खाते में जमा करने हेतु बैंक में जमा करने के लिए आईआरईपीएस पोर्टल के माध्यम से वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** के जरिए खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। सभी संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि संपूर्ण विवरण एवं दी गई अनुसूची के अनुसार उक्त ई–नीलामी में भाग लेन के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखें।

ASN-361/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**मालदा टाउन के तहत ट्रैफिक एवं पावर ब्लॉक के लिए ट्रेनों की नियंत्रण व्यवस्था**

पीरपैंती स्टेशन पर 12 मीटर चौड़े फुट ओवर ब्रिज के लिए प्लेटफार्म नं. 1 और 2 (किमी 254/39–41 पर) के बीच स्टील गर्डरों को स्थापित करने के लिए, दिनांक **22.02.2026** को पीरपैंती स्टेशन की साइडिंग सहित सभी लाइनों पर **06 घंटे 10 मिनट (10.00 बजे से 16.10 बजे तक)** ट्रैफिक और पावर ब्लॉक की आवश्यकता होगी। परिणामस्वरूप, निम्नलिखित ट्रेनों को निम्नानुसार नियंत्रित किया जाएगा: ● **ट्रेनों का निरस्तीकरण: 73420 भागलपुर–साहिबगंज डीईएमयू और 63411/63412 साहिबगंज–भागलपुर–साहिबगंज पैसेंजर** ● **पुनर्निर्धारण: 53403 रामपुरहाट–गया पैसेंजर** ट्रेन रामपुरहाट से 3 घंटे के लिए पुनर्निर्धारित की जाएगी। असुविधा के लिए खेद है।

**मंडल रेल प्रबंधक, मालदा**

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# छत्रपति शिवाजी की जयंती पर राष्ट्रीय छुट्टी घोषित करे सरकार

- हलीमपुर गांव के शिवाजी चौक पर मनाई गई छत्रपति की जयंती
- जयंती के मौके पर स्कूली बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री का वितरण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जमालपुर (मुंगेर)।** छत्रपति शिवाजी महाराज पटेल महासंघ मुंगेर के बैनर तले शिवाजी महाराज की 396वीं जयंती समारोह शिवाजी चौक हलिमपुर गांव में मनाई गई। जयंती समारोह के मौके पर महासंघ के अध्यक्ष राजकुमार मंडल, सचिन लटोरी मंडल एवं संरक्षक वरिष्ठ पत्रकार विजय आनंद ने छत्रपति महाराज शिवाजी के प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए वीर शिवाजी अमर रहे के नारे लगाए। वही हिंदू हृदय सम्राट छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवनी आज के परिवेश में हिंदू समाज जाने समझे एवं बच्चों के अंदर शिवाजी जैसा वीर बानो का




आत्मविश्वास जागृत हो इसको लेकर भारत सरकार को चाहिए कि शिवाजी के जयंती पर राष्ट्रीय छुट्टी घोषित करें। वहीं मुख्य संरक्षक स्वामी मुक्ति यंत्र ने कहां की शिवाजी के जयंती पर जहां राष्ट्रीय छुट्टी घोषित हो वहीं बिहार सरकार को चाहिए कि स्कूल कॉलेज में शिवाजी के जीवनी पर आधारित पाठ्यक्रम को शामिल करें जिससे कि विशाल हिंदू समाज के जनक वीर शिवाजी के बारे में लोग जान सके। इसके पहले जयंती के मौके पर विभिन्न स्कूलों में शिवाजी के जीवनी पर प्रतियोगिता का आयोजन भी किए गए। वही संध्या बेला में जहां शिवाजी के भव्य प्रतिमा स्थल पर कैंडल जलाकर महासंघ के पदाधिकारी सदस्यों एवं ग्रामीण जनप्रतिनिधि ने नमन किया। मौके पर अधिवक्ता अलख निरंजन, रामचंद्र प्रसाद सिंह, अनिल कुमार महतो, मनीष मंडल, अधिवक्ता सुरेंद्र प्रसाद, महेंद्र मंडल, रामप्रकाश शरण, राकेश कुमार, नीतीश कुमार, कुमार राहुल, पुष्कर, नथन पंडित, डॉ पप्पू, पूर्व उप मुखिया राजकिशोर मंडल, अरुण पासवान, तनु कुमार, गोलू, कमलेश्वरी मंडल, पचचु मंडल सहित कई मौजूद थे।

# मुंगेर पुलिस ने तीन मिनी गन फैक्ट्री पकड़ी, तीन कारीगरों को किया गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मुंगेर।** मुंगेर पुलिस ने आज प्रभारी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (सदर, मुंगेर) राकेश रंजन कुमार और नया रामनगर थानाध्यक्ष रविंद्र कुमार वर्मा के नेतृत्व में नया रामनगर थाना क्षेत्र के बनरघट्टा पहाड़ी पर छापा मार कर तीन मिनी गन फैक्ट्री पकड़ी और दो अर्द्ध निर्मित देसी पिस्टल, तीन तीन पिस्टल मैगजीन, एक मैगजीन, एक हैंड ड्रिल मशीन, 23 छोटा बड़ा रेती, दो हेक्सा ब्लेड फ्रेम, 6 पिस्टल का कच्चा बॉडी, एक मोबाइल और 6 पिस्टल का कच्चा बैरल बरामद किया। प्रभारी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राकेश रंजन कुमार ने मीडिया वार्ता में बताया कि पुलिस ने अवैध फैक्ट्री से शाहबाज आलम उर्फ बिल्ला, पेसर मोहम्मद अतिउल्लाह, मोहम्मद तारिख अनवर उर्फ चुन्ना, पेसर मोहम्मद सदीक तथा मोहम्मद मेहताब, पेसर अब्दुल खालिक को आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार किया। पुलिस गिरफ्तार तीनों शस्त्र कारीगर से सघन पूछताछ कर रही है।

# गोरखनाथ धाम में राजकीय महोत्सव का आयोजन कराने की मांग

**सालमारी/ कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद ने बिहार सरकार के पर्यटन विभाग के निदेशक उदयन मिश्रा को पत्र लिख कर बाबा गोरखनाथ धाम मंदिर में शिवरात्रि के अवसर पर लगने वाला मेला के अवसर पर राजकीय महोत्सव की स्वीकृति देने की मांग करते हुए कहा है कि गोरखनाथ धाम भगवान शिव का प्राचीन मंदिर अवस्थित है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रगति यात्रा के दौरान पर्यटन की दृष्टि से इसे विकसित करने हेतु 14 करोड़ 25 लाख 71 हजार की राशि की स्वीकृति प्रदान की गयी है। इस परिसर का विकास कार्य निर्माणाधीन है। इस धाम पर महाशिवरात्रि के अवसर पर एक बड़ा मेला का आयोजन परम्परागत रूप से होता है। जिस में पड़ोसी देश नेपाल, भुटान सहित उत्तर भारत के कई राज्यों के श्रद्धालु आते हैं। इस अवसर पर राजकीय महोत्सव आवश्यक है। जिस से की हमारी आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक परम्परा विभिन्न आयोजनों के माध्यम से अक्षण होगा। इस संबंध में बिहार सरकार पर्यटन निदेशालय के द्वारा कटिहार जिला प्रशासन को बाबा गोरखनाथ धाम मंदिर के परिसर में महाशिवरात्रि के अवसर पर राजकीय महोत्सव के आयोजन से संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का आदेश दिया गया है। मंदिर कमेटी सचिव पिंटू यादव, उपाध्यक्ष अक्षय कुमार एवं कमेटी सदस्यों ने इस के लिए पूर्व उपमुख्यमंत्री, पर्यटन विभाग एवं जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया है।

# राधा कृष्ण ठाकुरबाड़ी में प्रतिमा स्थापित

**सालमारी/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** सालमारी राधाकृष्णा ठाकुरबाड़ी में गुरुवार को विभिन्न देवी देवताओं की प्रतिमाओ का विधि विधान पूर्वक प्राण प्रतिष्ठा कर ठाकुरवाड़ी मंदिर में विराजमान की गई। इस अवसर पर हवन पूजन कर देवी-देवताओं की प्रतिमाओं में सर्वप्रथम प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम किया गया। पूरा इलाका मंत्रोच्चार से गूंज उठा। लोगों में काफी उत्साह देखा गया। वह इस मौके पर भंडारे का भी आयोजन किया गया। मौके पर मारवाड़ी समाज के लोगों ने खासा बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। वहीं मुख्य रूप से पूर्व विधान पार्षद मोहनलाल अग्रवाल, अशोक शर्मा, सुबोध शर्मा, बबलू अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, अशोक कुमार अग्रवाल, प्रमोद केडिया, दीपक अग्रवाल, जी दिवाकर, संदीप अग्रवाल, विष्णु अग्रवाल, ललित बूबना, अशोक सरावगी, अरुण सिंघानिया सहित सालमारी बाजार के अन्य गणमान्य इस आयोजन को सफल बनाने में अपना योगदान दिया।

# पर्व-त्योहारों पर नगर निगम क्षेत्र को बनाये स्वच्छ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**कटिहार।** मेयर उषा देवी अग्रवाल ने नगर निगम क्षेत्र के वार्ड संख्या 02 और 06 का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों, साफ-सफाई व्यवस्था, जल निकासी एवं अन्य नागरिक सुविधाओं का जायजा लिया। पर्व-त्योहारों के मद्देनजर नगर निगम क्षेत्र के वार्डों को स्वच्छ, सुन्दर और साफ-सुथरा बनाये रखने को लेकर अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए सम्बंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पवित्र माह-ए-रमजान शुरू हो गया है और आगे रंगों का त्योहार होली आने वाला है। पर्व-त्योहारों पर नगर निगम क्षेत्र को स्वच्छ रखना उनकी प्राथमिकता है। नगर निगम से नगरवासियों की जो अपेक्षा है



उससे कोई समझौता नहीं किया जायेगा। लोगों ने समय पर कचरा का उठाव नहीं होने की शिकायत की जिसे किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। समय पर कचरों का उठाव कर उसका प्रबंधन किया जाना आवश्यक है। मस्जिदों के आस-पास साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने की जरुरत है। कचरों का समय पर उठाव और साफ-सफाई नहीं होने से खासकर रोजेदारों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। दिन-प्रतिदिन बढ़ रही गर्मी को ध्यान में रखते हुए नगर निगम क्षेत्र के सभी नालों की समय-समय पर साफ-सफाई पर जोर देते हुए छिड़काव की गति बढ़ने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर संबंधित वार्ड पार्षद प्रतिनिधि,नगर निगम के पदाधिकारी एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# शिक्षिका के पति का निधन

**मनसाही/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड क्षेत्र के मरंगी पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय रघुनीचक के शिक्षिका के पति सरोज कुमार पासवान (48) का निधन इलाज के दौरान कटिहार मेडिकल कॉलेज कटिहार में हो गया। उनके पार्थिव शरीर को मेडिकल कॉलेज कटिहार से उनके निवास स्थान मरंगी पंचायत के मरंगी गांव लाया गया। जहां पर कांग्रेस, बीजेपी, राजद, जदयू सहित अन्य पार्टी के कार्यकर्ताओं ने उनके निधन पर शोक जताया। मौके पर उनके बड़े भाई प्रदीप कुमार पासवान ने बताया कि कुछ दिनों से मेरा छोटा भाई बीमार चल रहा था जिनका इलाज कटिहार मेडिकल कॉलेज कटिहार से चल रहा था। बुधवार की शाम को उनका निधन हो गया।

# छोटे उद्यमियों को बढ़ावा देने को लेकर आयोजित हुआ दो दिवसीय सेमिनार

- औद्योगिक प्रदर्शनी का आयोजन कर छोटे उद्यमियों को लाभ पहुंचाएगा जमालपुर कारखाना
- सेमिनार में 150 प्रतिभागियों ने लिया भाग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जमालपुर (मुंगेर)।** भारत सरकार के सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई) पटना एवं जमालपुर कारखाना की ओर से छोटे उद्योगों को बढ़ावा देने को लेकर दो दिवसीय सेमिनार का आयोजन केंद्रीय संस्थान ईस्ट कॉलोनी जमालपुर में किया। सेमिनार का उद्घाटन मुख्य अतिथि सीडब्ल्यूएम विनय प्रसाद वर्णवाल ने किया। रोजगार उन्मुख इस सेमिनार में जहां एक दर्जन से ऊपर स्टॉल विभिन्न कंपनियों के उत्पादन को लेकर लगाए गए। स्टॉल से छोटे उद्यमियों को किस तरह लाभ पहुंचाया जाए इसको लेकर मुख्य अतिथि श्री वर्णवाल ने कहां की एमएसएमई मंत्रालय द्वारा आयोजित इस तरह के कार्यक्रम का उद्देश्य है सरकार लोक क्रय नीति का कड़ाई से अनुपालन किया जाए। उनका प्रयास है कि इस खरीद में अनुसूचित जाति एवं जनजाति तथा महिला उद्यमी को बढ़ चढ़कर भाग ले जिससे कि छोटे उद्यमी को बढ़ावा मिल सके और रोजगार से सीधे जुड़ जाए। जमालपुर




कारखाना इस दिशा में एक सकारात्मक पहल की है जिसका लाभ निश्चित रूप से आसपास के क्षेत्र में ही नहीं बल्कि बिहार के छोटे उद्योगों को भी मिलेगा। सेमिनार में जहां एमएसएमई के सहायक निदेशक सुनील कुमार अग्निहोत्री, जिला उद्योग केंद्र मुंगेर के महाप्रबंधक ऋषि पराशर, कारखाना के उपमुख सामग्री प्रबंधन अभिषेक कुमार, महाप्रबंधक एनटीपीसी बाढ़ भी अप्पाराव, खादी ग्राम उद्योग पटना के ऑफिसर गोपाल कुमार सिंह, एक मेहरा, गोविंद अग्रवाल संजीव आजाद सहित कई मौजूद थे।

# अंतिम संस्कार में जा रहा ट्रैक्टर पलटा, 18 घायल

## अनियंत्रित होकर इलेक्ट्रॉनिक दुकान में घुसा, लाखों का सामान बरबाद

**प्राथमिकी दर्ज करते हुए पुलिस जुटी है कार्रवाई में**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कदवा/कटिहार।** थाना क्षेत्र के चपरघट-झौआ मुख्य सड़क पर सुरेश चौक के पास ट्रेक्टर पलटने से डेढ दर्जन लोगों के घायल होने की सूचना है। जानकारी के अनुसार कदवा पंचायत के दोखड़ा गांव निवासी बुधन केवट के शव का अंतिम संस्कार करने लगभग 30 लोग ट्रैक्टर पर सवार होकर झौआ जा रहे थे कि इसी क्रम में सुरेश चौक से लगभग सौ मीटर पहले हीं ट्रैक्टर अनियंत्रीय होकर विनोद कुमार यादव के इलेक्ट्रॉनिक की दुकान को तोड़ते हुए सड़क के किनारे गड्ढे में चले गया। जिससे दुकान में रखा फ्रीज, वासिंग मशीन, एलईडी टीवी, डीजे, लाइट सहित अन्य लाखों रुपये का समान टूट कर बर्बाद हो गया तो वहीं ट्रैक्टर सवार दर्जन लोग घायल हो गये। घटनास्थल पर स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गयी। घटना की सूचना मिलते हीं कदवा पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक केन्द्र दुर्गागंज भेज दिया। जहां से नंदलाल केवट, बेचू केवट, महलु केवट, श्यामसुंदर केवट एवं कारे केवट की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है। वहीं एक महिला के हाथ टूटने की भी सूचना है। अपर थानाध्यक्ष प्रहलाद यादव ने बताया कि दाह संस्कार के लिए लोग तीन ट्रैक्टर से जा रहे थे कि एक ट्रैक्टर ने दूसरे को धक्का मार दिया। जिसके कारण ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर दुकान को तोड़ते हुए गढ्ढे में चला गया। जिसमें 18 लोगों के घायल होने की सूचना है। उन्होंने बताया कि उन्होंने बताया कि प्राप्त आवेदन को लेकर प्राथमिकी दर्ज करते हुए आगे की करवाई की जा रही है।

# एनजीओ संचालक मेन्यू के अनुसार नहीं दे रहे खाना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही/कटिहार।** प्रखंड क्षेत्र के 48 प्राथमिक एवं मध्य विद्यालय में से केवल एक प्राथमिक विद्यालय चिकनी टोला छोड़कर 47 विद्यालय में एमडीएम के तहत मिलने वाला खाना एनजीओ संचालक के द्वारा दिया जाता हैं। आये दिन विद्यालय के छात्र - छात्राओं के परिजनों एवं शिक्षकों द्वारा हमेशा से ही शिकायत मिलते रहते हैं कि कभी भोजन की थाली से सब्जी गायब, तो कभी अंडा तो कभी फल गायब रहते हैं। एनजीओ संचालक को ना तो शिक्षा विभाग और ना ही प्रशासन का डर हैं। कानून के ताक पर रखकर सरकारी विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के भोजन से खिलवाड़ कर रहे हैं। गुरुवार की दोपहर को प्राथमिक विद्यालय पिंडा सहित कई विद्यालय में जब बच्चों की खाने की थाली जांच की गई तो थाली में सिर्फ चावल और दाल ही मिला मेनू के हिसाब से हरी सब्जी भी होनी चाहिए थी जो कि नहीं था ऐसा पहली बार नहीं हैं। बल्कि एनजीओ संचालक के द्वारा ऐसा ही रवैया किया जाता हैं। एनजीओ संचालक के खिलाफ कभी भी विभिन्न विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के परिजनों के द्वारा आंदोलन का रूप ले सकता हैं। दर्जनों विद्यालय से शिकायत आने के बाद एनजीओ संचालक से फोन के माध्यम से सवाल पूछे जाने पर वह किसी भी जवाब देने पर आनाकानी करने लगे।

# गोरखनाथ धाम में महाशिवरात्रि पर श्रद्धालुओं ने दिल खोलकर दिया दान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सालमारी /कटिहार।** शिव सर्किट के रूप में मान्यता मिलने एवं पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होने के उपरांत बाबा गोरखनाथ धाम में महाशिवरात्रि 2026 के अवसर पर श्रद्धालुओं ने दिल खोल कर दान दिये। इस अवसर पर दानपेटी, आजीवन सदस्यता, रसीद, पंडित, नाई, शीध्र दर्शन, मुंडन, मेला दुकान, मीना बाजार आदि से 11 लाख 74 हजार, 95 रू दान के रूप में जमा हुआ। मंदिर कमेटी के सचिव पिंटू यादव ने बताया कि मंदिर न्यास कमेटी के अध्यक्ष सह एसडीओ राजु कुमार के द्वारा प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी के समक्ष दान पेटी खोल कर राशि की गिनती की गयी। मंदिर कमेटी के द्वारा इसकी जानकारी सार्वजनिक करते हुए बताया कि 11



लाख 74 हज़ार 95 रुपए प्राप्त हुआ है। वही चांदी का त्रिशूल, बेलपत्र, कान पीस, नाग नागिन, चांदी का टुकडा एवं नेपाली 8650 रू, भुटानी 3850 रूपये आदि प्राप्त हुआ है। बाबा गोरखनाथ धाम मंदिर में आये सभी श्रद्धालुओं का मंदिर कमेटी की ओर से धन्यवाद व्यक्त किये। महाशिवरात्रि के अवसर पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी, पुलिस प्रशासन एवं मंदिर कमेटी की सदस्यों का पूर्ण सहयोग रहा। इस अवसर पर कमेटी के सचिव पिंटू यादव, उपाध्यक्ष अक्षय सिंह, कोषाध्यक्ष दिलीप सिंह, प्रदीप शर्मा, श्यामनाथ यादव, अमित अग्रवाल, निताय यादव, चन्दन यादव, पंचानंद यादव, पिंटू साह, बजरंग चौधरी, देवनारायण नुनिया, नारायण बिन्द, फनी सिंह, रामबिलास शर्मा, सनी यादव, अंकित यादव, श्याम अग्रवाल, गणेश बोसाक, निरंजन यादव, सुरेश दास, लालू दास, राधाकांत घोष, मिथुन यादव, राजु घोष, मामू महादेव, बिटका मुर्मु, रत्न दास, फनी दास, राहुल साह आदि उपस्थित रहे।

## पृष्ठ 1 का शेष

### 85 प्रखंडों में...

लिए एजेंसी चयन की प्रक्रिया जारी है। मानव संसाधन उपलब्ध कराने की तैयारी हो रही है। जरूरी उपकरण और फर्नीचर की व्यवस्था भी की जाएगी। सरकार का दावा है कि छात्रों को गुणवत्तापूर्ण डिजिटल कंटेंट मिलेगा। राजद विधायक भाई वीरेंद्र ने सुझाव दिया कि स्थल चयन में स्थानीय विधायकों की राय ली जाए। मंत्री ने कहा कि मौजूदा प्रक्रिया में बदलाव से देरी हो सकती है। हालांकि भविष्य में जनप्रतिनिधियों की सलाह को शामिल करने पर विचार किया जाएगा। डिजिटल लाइब्रेरी योजना से ग्रामीण और शहरी छात्रों के बीच की दूरी कम होगी। अब विद्यार्थियों को बेहतर संसाधन अपने ही प्रखंड में मिल सकेंगे। सरकार को उम्मीद है कि इससे शिक्षा व्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी।

### परिवहन विभाग को ...

सहायता दी जाएगी। साथ ही दुर्घटना में घायल व्यक्ति की जान बचाकर अस्पताल पहुंचाने वाले व्यक्ति को 25 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। इस कदम का उद्देश्य 'गुड सेमेरिटन' को बढ़ावा देना और समय पर इलाज सुनिश्चित करना है। समारोह के दौरान ऐसे कई लोगों को चेक और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया, जिन्होंने दुर्घटना में घायलों की जान बचाई थी। मंत्री ने कहा कि समाज में ऐसे लोगों का सम्मान करना जरूरी है ताकि अन्य लोग भी आगे आकर मदद कर सकें।

### सीबीआइ ने मृत नीट ...

चला कि मोबाइल मरम्मत के लिए मखदुमपुर की एक दुकान में दिया गया था। जब टीम वहां पहुंची तो दुकान बंद मिली। बाद में पास की एक पान दुकान से वह मोबाइल बरामद किया गया। अब उस मोबाइल की जांच से अहम सुराग मिलने की उम्मीद है। सूत्रों के मुताबिक सीबीआई ने छात्रा के मामा को पूछताछ के लिए पटना बुलाया था लेकिन उनके नहीं पहुंचने पर टीम खुद उनके गांव पहुंच गई।

**संदेहास्पद स्थिति में आदिवासी युवक की मौत : डंडखोरा/कटिहार।** थाना क्षेत्र के डंडखोरा पंचायत के इटवा घाट के पास घोघरा जाने वाली पक्की सड़क पर दिन के 11 बजे के लगभग एक आदिवासी युवक की शव मिलने से सनसनी फैल गई। हालांकि कि दुर्घटना को लेकर कोई प्रत्यक्षदर्शी नहीं है। स्थानीय लोगों की सूचना पर डंडखोरा पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डंडखोरा ले आई। जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के मधेली निवासी बबलू सोरेन उर्फ नेता सोरेन के रुप में हुई है। थाना पहुंचे परिजनों ने बताया का वह दो दिनों पहले भारीडीह मेला देखने के लिए द्वाशय पंचायत का बुधैली गांव अपनी बहन के यहां गया था। वहीं लोग सड़क दुर्घटना में मौत होने से भी इंकार नहीं करते। इस बाबत थानाध्यक्ष विजय कुमार महतो ने बताया कि परिजनों से आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# शिवमंदिर घासीटोला में शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ हरिनाम संकीर्तन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही/कटिहार।** प्रखंड क्षेत्र के मरंगी पंचायत के घासीटोला में ऐतिहासिक शिव मंदिर में महाशिवरात्रि को लेकर स्थानीय ग्रामीण एवं कमेटी व जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय प्रशासन के पहल से 1051 कन्याओं के द्वारा कलश शोभा यात्रा निकालकर 48 घंटे का अखंड हरिनाम संकीर्तन का आयोजन किया गया। इस दौरान वैदिक मंत्रोच्चार से 48 घंटे का अखंड हरिनाम संकीर्तन आरंभ किया गया था। इस दौरान शिव मंदिर परिसर में राधा कृष्ण की प्रतिमा भी स्थापित की गई थी। मेले का आयोजन के साथ-साथ राम लिला का भी आयोजन कमेटी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों द्वारा किया गया था। इस अवसर पर



अंचलाधिकारी मनसाही मो. इस्माइल, थाना के मो. मुस्तफा अंसारी शिव मंदिर का निरीक्षण करते रहे। वहीं कमेटी के सभी सदस्य स्थानीय ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधियों ने पुलिस प्रशासन, अंचल प्रशासन, एसडीएम, डीएम व न्यायालय को धन्यवाद दिया। धूमधाम गाजे बाजे के साथ प्रतिमा विसर्जन का विसर्जन किया गया। इस मौके पर मनसाही थाना के मुस्तफा अंसारी एवं अंचलाधिकारी मो. इस्माइल की उपस्थिति में प्रतिमा विसर्जन शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। इस अवसर पर कमेटी के अध्यक्ष बब्बन कुमार सिंह,जय किशोर सिंह, दिलारचंद पासवान, विपिन सिंह, संतलाल परिहार, सुधीर सिंह, रणजीत सिंह, आदर्श राठौर, छोटू सिंह, संजीव सिंह, कृष्ण सिंह, मानव राठौर आदि उपस्थित रहे।

# क्रिकेट टूर्नामेंट में मेकेनिकल तथा आरपीएफ की टीम विजयी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** रेलवे मैदान में पहला मुकाबला मेकेनिकल बनाम इलेक्ट्रिक के बीच खेला गया जिसमें टास जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय इलेक्ट्रिक टीम ने लिया। वहीं निर्धारित 20 ओवर में मेकेनिकल ने 125 रन बनाकर 126 का टारगेट इलेक्ट्रिक को दिया। जवाब में उतरी इलेक्ट्रिक टीम ने 20 वे ओवर में 6 विकेट गंवाकर 116 रन ही बना पाई और इस तरह मेकेनिकल विजय हुई। मैन ऑफ द मैच चैतन्य गुरुंग हुये जो 3 विकेट लिए थे। दूसरा मुकाबला मेडिकल बनाम आरपीएफ के बीच इसमें पहले टॉस जीत के मेडिकल ने पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया और निर्धारित 20 ओवरों में 79 रन बनाकर 80 रन का लक्ष्य आरपीएफ के सामने रखा। जिसमें धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए आरपीएफ टीम ने इस मैच को जीत लिया। मैन ऑफ द आरपीएफ के इंस्पेक्टर रवि कुमार बने जो 6 विकेट 5 रन देकर लिया। उदघोषक अमित सागर रहे। कमिटी के राकेश रंजन, वेद, पीपू, विवेका, बुबली, संजीव, पिन्टु ,सोनू, संतोष, सतीश, गौतम, विक्रम, अजीत आदि मौजूद रहे। टीम की हौसला अफजाई करने के लिए स्पोर्ट्स आफिसर पंकज पाल और डीएसटी अनुराग साद मैदान में मौजूद रहे।

**पूर्व रेलवे**

**एनआईटी सं.: 270_2025-26, दिनांक 17.02.2027,** मंडल रेल प्रबंधक, हावड़ा, पूर्व रेलवे, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा–711101 (**वरिष्ठ डीईएन/1/हावड़ा** के क्षेत्रधिकार हेतु) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/ एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई–निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: **कार्य का विवरण :** वरिष्ठ डीईएन/1/हावड़ा के कार्यक्षेत्र में वेल्डिंग पोर्शन की आपूर्ति। **अनुमानित मूल्य :** रु. 1,92,21,270/–, **बयाना राशि:** रु. 2,46,100/–, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य। **समापन अवधि :** 12 (बारह) माह। माह। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय :** दिनांक 09.03.2026 को 14.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। **ईएमडी और टीडीसी का भुगतान**–ई–निविदा प्रणाली के मामले में, बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत (टीडीसी) का भुगतान, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा।

HWH-634/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

# धान अधिप्राप्ति की गति में लाएं तेजी : अभिलाषा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत धान अधिप्राप्ति से संबंधित जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जिले में धान अधिप्राप्ति की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई तथा संबंधित विभागों एवं एजेंसियों द्वारा किए जा रहे कार्यों की स्थिति पर चर्चा की गई। समीक्षा के क्रम में पाया गया कि जिले में धान अधिप्राप्ति की गति अपेक्षाकृत धीमी है जिस पर त्वरित सुधार की आवश्यकता है। बैठक में यह भी स्पष्ट हुआ कि एफआरके (फोर्टिफाइड चावल कर्नेल) के आपूर्तिकर्ता द्वारा समय पर आपूर्ति नहीं किए जाने के कारण संबंधित



कार्य प्रभावित हो रहा है। इस पर जिलाधिकारी द्वारा डीएमएसएफसी के माध्यम से सभी एफआरके आपूर्तिकर्ताओं की बैठक आयोजित करने तथा निर्धारित मात्रा के अनुरूप शीघ्र आपूर्ति सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। बैठक में बताया गया कि जिले में कुल 189 पैक्स एवं व्यापार मंडल कार्यरत हैं जिनमें औरंगाबाद, बारूण एवं दाउदनगर प्रखंड में 14, देव में 17, गोह में 21, हसपुरा में 13, कुटुम्बा में 20, मदनपुर में 17, नबीनगर में 23, ओबरा में 18 तथा रफीगंज में 20 पैक्स/व्यापार मंडल शामिल हैं। किसान निबंधन की स्थिति की समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिले में कुल 49,339 किसानों का निबंधन प्राप्त हुआ है, जिनमें 27,336 रैयत कृषक तथा 22,003 गैर रैयत कृषक शामिल हैं। जिलावार धान अधिप्राप्ति की उपलब्धि की समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिले को 170,902.00 एमटी धान अधिप्राप्ति का लक्ष्य आवंटित है, जिसके विरुद्ध 126,612.37 एमटी धान की अधिप्राप्ति की जा चुकी है, जो कुल लक्ष्य का 74.08 प्रतिशत है। प्रखंडवार प्रगति के अनुसार औरंगाबाद प्रखंड में 76 प्रतिशत, गोह, दाउदनगर, बारूण एवं कुटुम्बा में 75 प्रतिशत, ओबरा, देव, नबीनगर एवं रफीगंज में 73 प्रतिशत तथा हसपुरा एवं मदनपुर में 70 प्रतिशत अधिप्राप्ति दर्ज की गई है। एफआरके प्राप्ति की स्थिति पर चर्चा के क्रम में बताया गया कि जिले के विभिन्न पैक्स राइस मिलों हेतु कुल 201.87 एमटी एफआरके की आवश्यकता है, जिसके विरुद्ध 59.30 एमटी एफआरके प्राप्त हुआ है तथा 40.22 एमटी का उपभोग किया जा चुका है जबकि 19.14 एमटी एफआरके शेष उपलब्ध है। जिलाधिकारी द्वारा एफआरके की आपूर्ति में विलंब को गंभीरता से लेते हुए संबंधित एजेंसियों को आवश्यक कार्रवाई करने तथा आपूर्ति प्रक्रिया को शीघ्र नियमित करने का निर्देश दिया गया ताकि धान अधिप्राप्ति एवं चावल आपूर्ति की प्रक्रिया निर्बाध रूप से संचालित हो सके। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा बीसीओ को पैक्स से संबंधित कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने तथा क्षेत्र स्तर पर समन्वय बढ़ाने का निर्देश दिया गया। साथ ही जिला सहकारिता पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि वे बीसीओ द्वारा किए जा रहे कार्यों का नियमित अनुश्रवण करें एवं धान अधिप्राप्ति की गति में तेजी लाने हेतु सतत समीक्षा सुनिश्चित करें।

# 25 हजार का इनामी कुख्यात अपराधी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** अंबा पुलिस द्वारा 25 हजार के इनामी एक कुख्यात बदमाश को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए बदमाश की पहचान माली थाना क्षेत्र के नरचाही गांव निवासी छोटन सिंह के रूप में की गई है। इसका आपराधिक इतिहास रहा है। यह बीते कई महीनों से फरार था जिसमें गुरुवार को पकड़ा गया। जानकारी देते हुए अंबा थानाध्यक्ष राहुल राज ने बताया कि 25 हजार के इनामी एक बदमाश को गिरफ्तार किया गया है। दरअसल, 9 मई 2025 को अंबा थानान्तर्गत सोनवर्षा एवं बलिया के बीच अहरा के पास बाइक सवार अपराधियों द्वारा चैतन्य इंडिया फिन क्रेडिट प्राइवेट लिमिटेड के एक कर्मी से मारपीट कर 58880 रूपये छिनतई कर ली गई थी जिसमें मामला दर्ज किया गया था।



कांड की गंभीरता पर पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के निर्देश पर सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संजय कुमार पांडे के नेतृत्व में एक एसआईटी का गठन किया गया। गठित एसआईटी द्वारा सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन, आसूचना संकलन, ह्यूमन इनटेलीजेन्स एवं तकनीकी अनुसंधान के आधार पर छोटन सिंह को माली थाना क्षेत्र के चरण बाजार से गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त ने अपना अपराध स्वीकार किया तथा अपने स्वीकारोक्ति बयान में बताया कि मैं अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर फाइनेंस कंपनी के कर्मियों से पैसा छिनते एवं लूट-पाट किया करते थे। थानाध्यक्ष ने बताया कि पकड़े गए बदमाश के विरुद्ध रफीगंज थाना में दो आपराधिक मामले दर्ज है। आवश्यक कार्रवाई के उपरांत उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# विभिन्न मामलों में गिरफ्तार 26 लोगों को भेजा जेल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करते हुए पुलिस ने अपराध के विरुद्ध व्यापक और आक्रामक अभियान चलाया है। बीते 24 घंटों की कार्रवाई में 59 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। ये सभी आरोपी हत्या प्रयास, शराब जैसे अन्य अपराधों से जुड़े हैं। इस विशेष अभियान का उद्देश्य अपराधियों के पूरे नेटवर्क को तोड़ना, नशा तस्करी पर रोक लगाना और आमजन को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई जिसमें आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 26 अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया। हत्या के प्रयास में 7, शराब में 5 एवं अन्य शीर्ष कांड में 47 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान 150 लीटर देसी शराब, 204 लीटर विदेशी, 1 ट्रैक्टर, 1 ऑटो, 100 सीएफटी बालू बरामद किया गया है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 1385 वाहनों की जांच की गई जिसमें 88000 रूपये जुर्माना वसूला गया है। इस दौरान 27 वारंट एवं 4 कुर्की का निष्पादन किया गया है। पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल के अनुसार, अपराधियों के लिए स्पष्ट संदेश है कि कानून से ऊपर कोई नहीं। जन-सुरक्षा, पारदर्शिता और त्वरित कार्रवाई के संकल्प के साथ पुलिस पूरी प्रतिबद्धता से जिले को सुरक्षित बनाए रखने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है।

# ग्रामीण क्षेत्रों में वित्तीय समावेशन का सशक्त माध्यम है डाकघर : अब्दाली

## मुख्य पोस्टमास्टर जनरल ने नकद जमा-निकासी के साथ डिजिटल लेन-देन को बढ़ावा देने पर दिया ज़ोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद डाक प्रमंडल के अंतर्गत चयनित शाखा डाकघरों का व्यय कवरेज अनुपात की समीक्षा के संदर्भ में गुरुवार को बिहार परिमंडल के मुख्य पोस्टमास्टर जनरल एमयू अब्दाली ने क्षेत्रीय दौरा किया। भरथौली शरीफ शाखा डाकघर में आसपास के 16 शाखा डाकघरों के शाखा डाकपालों एवं संबंधित कर्मियों के साथ विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। मुख्य पोस्टमास्टर जनरल ने शाखा डाकघरों की वित्तीय स्थिति, व्यवसायिक प्रदर्शन तथा सेवाओं की गुणवत्ता का गहन मूल्यांकन किया। उन्होंने नए बचत खाता खोलने, आवर्ती जमा, सावधि जमा, सुकन्या समृद्धि योजना,



वरिष्ठ नागरिक बचत योजना सहित अन्य लघु बचत योजनाओं के विस्तार पर विशेष जोर दिया। साथ ही डाक जीवन बीमा एवं ग्रामीण डाक जीवन बीमा के व्यवसाय को बढ़ाकर व्यय कवरेज अनुपात में सुधार लाने तथा प्रत्येक शाखा डाकघर को आत्मनिर्भर बनाने का लक्ष्य निर्धारित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि डाकघर ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल एवं वित्तीय समावेशन का सशक्त माध्यम है। इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के माध्यम से प्रत्यक्ष लाभ अंतरण, आधार आधारित बैंकिंग सेवाएं, नकद जमा-निकासी, बिल भुगतान एवं डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा देने पर बल दिया गया, ताकि ग्रामीण उपभोक्ताओं को उनके घर के निकट आधुनिक बैंकिंग सुविधाएं मिल सकें। बैठक में आधार नामांकन एवं अद्यतन, स्पीड पोस्ट, पार्सल सेवा और ई-वाणिज्य वितरण के प्रचार-प्रसार तथा समयबद्ध और पारदर्शी सेवा प्रदान करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने डाकघर आपके द्वार की भावना के साथ जनसंपर्क बढ़ाने और गांव-गांव में जागरूकता अभियान चलाने का आह्वान किया। डाक अधीक्षक प्रिय रंजन ने बताया कि सभी शाखा डाकघरों ने मार्च माह तक निर्धारित वार्षिक लक्ष्यों को पूरा करने का आश्वासन दिया है।

# खेलने के दौरान गिरकर कुएं में डूबने से मासूम की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** ओबरा थाना क्षेत्र के चपरा टोले हरिहरगंज गांव में कुएं से डूबने से छह वर्षीय एक मासूम की मौत हो गयी। मृतक की पहचान उस गांव निवासी श्रवण कुमार के पुत्र कौशल कुमार के रूप में हुई है। सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के दौरान मृतक के दादा भिखर सिंह ने बताया कि बुधवार की शाम करीब चार बजे कौशल अपने घर के बाहर ही अन्य बच्चों के साथ पुआल पर खेल रहा था। पुआल पर कौशल अन्य बच्चों के साथ लुढ़क खेल रहा था। इसी दौरान वह लुढ़कते हुए पास में मौजूद कुएं में जा गिरा जिससे उसकी मौत हो गयी। शाम होने पर साथ में खेल रहे सभी बच्चें अपने-अपने घर चले गए, लेकिन कौशल को कुएं में गिरते किसी ने नही देखा। जब कौशल देर शाम तक घर नही पहुंचा तो परिजन खोजबीन करने लगे। गुरुवार की सुबह परिजन खोजबीन कर ही रहे थे कि कुएं के पास पुआल बिखरा हुआ दिखाई दिया, जिससे परिजनों को कुएं में गिरे होने का शक हुआ। इसके बाद परिजन उपलब्ध तकनीक की मदद से कुएं में उतर कर देखा तो मासूम का शव मिला। कुएं से शव बाहर निकलते ही परिजन चीत्कार उठे। सूचना पर थानाध्यक्ष नीतीश कुमार दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जांच पड़ताल की। शव को कब्जे में लेकर परिजनों से जरूरी पूछताछ के उपरांत सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। परिजनों ने जिला प्रशासन से आपदा राहत के तहत मुआवजे की मांग की है।

# 510 हेक्टेयर वन भूमि पर लगाये गये छह लाख से अधिक पौधे

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार गुरुवार को औरंगाबाद पहुंचे। इस दौरान मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार ने जैव विविधिता पार्क का भ्रमण किया और वन प्रमंडल पदाधिकारी रूचि सिंह के साथ वित्तीय वर्ष 2025-26 में चल रही योजनाओं की समीक्षा की। वन प्रमंडल पदाधिकारी ने बताया कि इस वित्तीय वर्ष में विभाग द्वारा 510 हेक्टेयर वन भूमि पर 627000 पौधे लगाए गए हैं। वहीं जीविका दीदियों को औरंगाबाद जिले में 229129 तथा अरवल जिले में



74000 पौधे वितरित किए गए हैं। इसके अलावा कृषक, अन्य सरकारी संस्थाओं, सीआरपीएफ कैंप, एनजीओ तथा गैर सरकारी संस्थानों के बीच बड़े पैमाने पर पौधों का वितरण किया गया है। उन्होंने बताया कि औरंगाबाद एवं अरवल जिला में स्थापित जीविका दीदियों एवं कृषक द्वारा मुख्यमंत्री निजी पौधशाला की कुल 16 यूनिट स्थापित की गई थीं। समीक्षा के पश्चात मंत्री ने देव प्रखंड अंतर्गत जैव विविधता उद्यान भरकुंड का निरीक्षण किया और पौधे लगाएं।

# ननिहाल से लौट रहे बाइक सवार युवक की मौत, दोस्त जख्मी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** गोह थाना क्षेत्र के दधपी गांव के पास अनियंत्रित स्कॉर्पियो की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। मृतक की पहचान गया जिले के कोच थाना क्षेत्र अंतर्गत बढ़ौना गांव निवासी सुरोठ पासवान के 18 वर्षीय बेटे निखिल कुमार के रूप में की गई है। घायल युवक की पहचान उसी गांव के 20 वर्षीय सुमिरन कुमार के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार सुमिरन का ननिहाल देवहरा गांव के समीप बिहटा गांव में है। बुधवार को गांव के ही राजेश यादव की बाइक लेकर निखिल और सुमिरन बिहटा गए थे। देर रात दोनों वापस अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान दधपी गांव के पास विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। सूचना मिलते ही गोह थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और दोनों घायलों को इलाज के लिए गोह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। वहां चिकित्सकों ने निखिल की हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिजन उसे इलाज के लिए अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल गयाजी ले जा रहे थे लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।

# आमजन की समस्याओं का हो त्वरित निष्पादन : मुख्य सचिव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** सात निश्चय-3 योजना के सफल संचालन एवं प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर समीक्षा बैठक मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा सहित संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में मुख्य सचिव द्वारा सभी जिला पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सात निश्चय-3 योजना के अंतर्गत संचालित सभी योजनाओं का धरातल पर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए तथा प्रगति की सतत मॉनिटरिंग की जाए। मुख्य सचिव द्वारा योजना अंतर्गत प्रस्तावित प्रमुख कार्यों की जानकारी देते हुए बताया गया कि विभिन्न प्रखंडों में डिग्री कॉलेज का निर्माण, प्रत्येक पंचायत में मोक्षधाम का निर्माण, उद्योग स्थापना हेतु औद्योगिक क्षेत्रों की स्थापना, कृषि रोडमैप एवं मखाना रोडमैप का प्रभावी क्रियान्वयन किया जाना है। इसके अतिरिक्त प्रत्येक प्रखंड में आदर्श विद्यालय की स्थापना कर संरचनात्मक सुधार तथा इवनिंग क्लास की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। स्वास्थ्य क्षेत्र में सभी प्रखंडों के स्वास्थ्य केंद्रों में स्पेशल अस्पताल का निर्माण तथा जिला स्तरीय अस्पतालों को सुपर स्पेशलिस्ट अस्पताल के रूप में विकसित किए जाने की कार्ययोजना पर भी चर्चा की गई। बैठक में ईज़सबका साथ, सबका विकास, सबका सम्मान, जीवन आसानड़ के उद्देश्य से जिला स्तर से पंचायत स्तर तक जनता दरबार आयोजित कर आमजन की समस्याओं का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया। मुख्य सचिव के निर्देशों के आलोक में जिलाधिकारी द्वारा सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि योजना से संबंधित सभी कार्यों में समयबद्धता, गुणवत्ता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करते हुए नियमित समीक्षा के माध्यम से कार्यों को गति दी जाए।

# लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन अत्यंत आवश्यक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** नवीनगर अंचल के अंचल निरीक्षक द्वारा नरारीकला खुर्द थाना का विधिवत निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर की व्यवस्थाओं, अभिलेखों एवं लंबित कांडों की गहन समीक्षा की गई। अंचल निरीक्षक ने थानाध्यक्ष एवं अनुसंधानकर्ताओं के साथ बैठक कर लंबित मामलों की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने अनुसंधान की गुणवत्ता, समयबद्ध कार्रवाई तथा विधि सम्मत प्रक्रिया के पालन पर विशेष जोर दिया। निरीक्षण के क्रम में उपस्थित सभी पदाधिकारियों को कांडों के त्वरित निष्पादन, वारंटियों की गिरफ्तारी, लंबित अनुसंधान में तेजी लाने तथा आमजन की शिकायतों के शीघ्र समाधान हेतु आवश्यक एवं महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। अंचल निरीक्षक ने कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने थाना स्तर पर अनुशासन, पारदर्शिता और जनसंपर्क को सुदृढ़ करने पर भी बल दिया। निरीक्षण के बाद अधिकारियों को निर्धारित समय सीमा के भीतर प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया।

# एनटीपीसी में बैडमिंटन टूर्नामेंट का आगाज, सात परियोजनाओं की टीमें ले रही भाग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** एनटीपीसी नबीनगर के परियोजना प्रमुख एल. के. बेहरा ने गुरुवार को आंतरिक क्षेत्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। एनटीपीसी नबीनगर में आयोजित इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता में एनटीपीसी के पूरे क्षेत्र-1 की सात परियोजनाओं की टीमें भाग ले रही हैं। परियोजना प्रमुख एल. के. बेहरा ने पारंपरिक रूप से मशाल प्रज्वलित कर टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। उन्होंने विभिन्न परियोजनाओं से आई टीमों का एनटीपीसी नबीनगर परिसर में स्वागत किया और सभी प्रतिभागियों को श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाते हैं बल्कि टीम वर्क, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता को




भी विकसित करते हैं। इस टूर्नामेंट में एनटीपीसी नबीनगर के अतिरिक्त फरक्का, कहलगांव, कांटी, बीआरबीसीएल, बाढ़ और बरौनी परियोजनाओं की टीमें हिस्सा ले रही हैं। तीन दिनों तक चलने वाली इस इस वार्षिक खेल प्रतियोगिता का उद्देश्य न केवल कर्मचारियों में छिपी खेल प्रतिभा को मंच प्रदान करना है, बल्कि विभिन्न परियोजनाओं के बीच आपसी समन्वय, टीम भावना और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना भी है। कार्यक्रम के दौरान एनटीपीसी नबीनगर के टीम कप्तान सतेन्द्र सिंह ने सभी खिलाड़ियों को खेल भावना, निष्पक्षता और अनुशासन की शपथ दिलाई। इसके उपरांत अतिथियों द्वारा प्रतियोगिता के मैस्कॉट 'शटल वीर' और आकर्षक ट्रॉफी का अनावरण किया गया। तत्पश्चात प्रतियोगिता का पहला मैच नबीनगर और कांटी के बीच खेला गया, जिसमें टीम नबीनगर विजयी रही। इस भव्य उद्घाटन समारोह में एल. के. बेहरा के अतिरिक्त एनटीपीसी नबीनगर के महाप्रबंधक अनिल कुमार टी. सी., महाप्रबंधक (एडीएम एवं मेंटेनेंस) एम. पाणिग्रही, महाप्रबंधक (परियोजना) राकेश शर्मा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कर्मचारियों और प्रतिभागियों की सक्रिय भागीदारी ने कार्यक्रम की शोभा और भी बढ़ा दी।

# गुमशुदा मां-बेटी सकुशल बरामद

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** गुमशुदगी के एक मामले में औरंगाबाद पुलिस ने त्वरित एवं सराहनीय कार्रवाई करते हुए गुमशुदा महिला एवं उनकी 7 वर्षीय पुत्री को सकुशल बरामद कर लिया। दोनों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार महिला के परिजनों द्वारा रफीगंज थाना में गुमशुदगी की सूचना दर्ज कराई गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए नरारीकला खुर्द थाना पुलिस ने तत्काल छानबीन शुरू की। तकनीकी अनुसंधान, संभावित स्थानों पर छापेमारी एवं सूचना तंत्र को सक्रिय करते हुए पुलिस टीम ने कम समय में दोनों को सुरक्षित खोज निकाला।


स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटस्प नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbiharttime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269


# विवेकानंद के छात्रों का जेईई मेंस में रहा जलवा

## भारतीय युवाओं से विश्व को बड़ी उम्मीद : डॉ शंभू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जेईई मेंस के परीक्षा परिणाम में शहर के विवेकानंद मिशन स्कूल पब्लिक स्कूल के छात्रों का शानदार प्रदर्शन रहा। विद्यालय के छात्र आयुष कुमार पिता- संतोष कुमार सिंह, माता- नीतू कुमारी, शहर के शाहपुर निवासी ने 98.87 परसेंटाइल अंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। नबीनगर प्रखंड के ग्राम उर्दना निवासी संतोष कुमार वर्मा व सुषमा कुमारी की सुपुत्री श्रावणी वर्मा ने 93.07 परसेंटाइल अंक प्राप्त किया।उनके इस सफलता से घर में खुशी का माहौल है। रमडिहा, औरंगाबाद निवासी विजय कुमार व निशा देवी के सुपुत्र दीपक कुमार ने



92.64 परसेंटाइल अंक प्राप्त कर सफलता पाई है। औरंगाबाद के श्रीकृष्ण नगर निवासी हरेन्द्र शर्मा और मिंटू सिन्हा के सुपुत्र सत्यम कुमार ने 92.22 परसेंटाइल प्राप्त कर सफल रहे। वही इसी मुहल्ले के निवासी कुणाल किशोर तथा दिव्या कुमारी की सुपुत्री आकांक्षा कुमारी ने 91.33 परसेंटाइल के साथ सफलता पाई है। छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय के कठोर अनुशासन, योजनाबद्ध तरीके से पढ़ाई, शिक्षकों का मार्गदर्शन और माता-पिता के आशीर्वाद को दिया है। कहा कि विद्यालय द्वारा दिया गया मार्गदर्शन और मोटिवेशन उनके लिए मील के पत्थर सिद्ध हुए हैं। विद्यालय के निदेशक डॉ शम्भू शरण सिंह, चेयरमैन मनीष वत्स ने सफल छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कहा कि आज पूरी दुनिया को भारत से बड़ी उम्मीदें है, संस्थान से निकले ये युवा राष्ट्र के विकास को गति देंगे।तकनीक के बढ़ते दौर में ये राष्ट्र के उम्मीदों पर खरा उतरेंगे। इस अवसर पर विद्यालय के उपप्राचार्या सूची कुमारी सहित समस्त शिक्षकगण सफल छात्रों को शुभकामनाएं दी।

# दो वारंटियों के घर चिपकाया इश्तेहार

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** सलैया थाना पुलिस ने न्यायालय द्वारा निर्गत दो वारंटियों के खिलाफ सख्त कदम उठाते हुए उनके घरों पर ढोल-नगाड़ा बजाकर इश्तेहार चिपकाया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार न्यायालय से जारी वारंट के बावजूद दोनों अभियुक्त लगातार फरार चल रहे थे और आत्मसमर्पण नहीं कर रहे थे। इसके बाद न्यायालय के आदेश पर दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 82 के तहत इश्तेहार की कार्रवाई की गई। पुलिस टीम गांव पहुंची और विधिवत ढोल-नगाड़ा बजाकर सार्वजनिक रूप से उद्घोषणा की। साथ ही अभियुक्तों के घरों की दीवार पर इश्तेहार चिपकाया।


NBT
सीबीसी (भारत सरकार), बिहार एवं झारखंड सरकार से मान्यता प्राप्त
औरंगाबाद और बोकारो से प्रकाशित
नवबिहार टाइम्स
**आवश्यकता**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक) को निम्नांकित पद व स्थान के लिए संवाददाता/ब्यूरो प्रमुख की आवश्यकता है।
➔ गया और जहानाबाद में ब्यूरो प्रमुख की आवश्यकता है।
➔ दाउदनगर और नवीनगर में संवाददाता की आवश्यकता है।
समाचार लिखने में रुचि और हिन्दी की समझ रखने वाले युवा इस पद के लिए शीघ्र आवेदन करें।
संपर्क : मोबाइल/व्हाट्सप : 6206165107
ईमेल : nbtimesbihar@gmail.com